


अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 276
epaper.rashtriyakhabar.com
आश्विन, कृष्णपक्ष दशमी, विक्रम संवत 2080


## नेक इरादा निभा रहे वादा

# सिंचाई की सुविधा से समृद्ध होंगे किसान




## देवघर एवं जामताड़ा जिलान्तर्गत

# सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना

## शिलान्यास समारोह

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री बादल पत्रलेख**
माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड

**श्री हफीजुल हसन**
माननीय मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, निबंधन तथा पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री सुनील सोरेन**
माननीय सांसद, दुमका लोकसभा क्षेत्र

**श्री निशिकान्त दुबे**
माननीय सांसद, गोड्डा लोकसभा क्षेत्र

**श्री इरफान अंसारी**
माननीय विधायक, जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र

**श्री रणधीर कुमार सिंह**
माननीय विधायक, सारठ विधानसभा क्षेत्र

दिनांक : 09 अक्टूबर, 2023 | समय : अपराह्न 01:00 बजे
स्थान : ग्राम - सिकटिया, प्रखण्ड - सारठ, जिला - देवघर

मुख्य बातें -

₹484.35
करोड़ से होगा निर्माण

13,164 हे०
कुल सिंचित क्षेत्र

1,11,174
कुल लाभान्वित ग्रामीण

27
कुल लाभान्वित पंचायत

190
कुल लाभान्वित गाँव



जल संसाधन विभाग, झारखण्ड सरकार

PR 308646 (Water Resource) 23-24

## शहर >> अपडेट

### समान नागरिक संहिता का हुआ विरोध

रांची: आदिवासी समन्वय समिति के तत्वावधान में समान नागरिक संहिता के खिलाफ दिल्ली में धरना संफन्न हुआ। समिति के समन्वयक देवकुमार धान ने कहा कि समान नागरिक संहिता आदिवासियों के हित में नहीं है। चूंकि आदिवासियों की संस्कृति, रीति रिवाज आदि मुख्यधारा की संस्कृति से बिलकुल अलग है। इसलिए समिति मांग करती है कि आदिवासियों को यूसीसी से अलग रखा जाए। धरना में इसके अलावा दो और मुद्दे थें इनमें एक तो मणिपुर के कुकी आदिवासियों का मुद्दा है और दूसा वन संशोधन अधिनियम 2023 है। देव कुमार धान ने कहा कि मणिपुर के कुकी आदीवासियों के हालात एकदम खराब हैं वे अभी भी मानवाधिकार की गंभीर समस्याओं से गुजर रहे हैं।

संकल्प सभा

### राज्य सरकार अपने हर वादे को निभाने में विफल साबित हुई

# हेमंत सोरेन सरकार ने यहां की जनता को किसी तरह का लाभ नहीं पहुंचाया: बाबूलाल

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** गुमला में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा के दौरान गुमला जिले के पुराने बस स्टैंड में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। कार्यक्रम के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बेसब्री से बाबूलाल मरांडी का इंतजार कर रहे थे। बाबूलाल मरांडी का गर्मजोशी से स्वागत किया। मंच में विशाल माला पहनाकर बाबुलाल मरांडी का स्वागत किया गया?। जनसभा को संबोधित करते हुए बाबुलाल मरांडी ने वर्तमान झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार की कार्यप्रणाली की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा केंद्र सरकार ने शौचालय आवास उज्जवला गैस जैसे कई महत्वपूर्ण



योजनाएं लाया जिससे महिलाओं, किसानो और गरीबों का कल्याण हुआ।परंतु दूसरी ओर राज्य सरकार अपने हर वादे को निभाने में विफल साबित हुई और हेमंत सोरेन सरकार ने यहां की जनता को किसी तरह का लाभ नहीं पहुंचाया। उन्होंने कहा की वर्तमान हेमंत सोरेन की झामुमो सरकार में इस राज्य में महिला बच्चे कोई भी सुरक्षित नहीं है। उल्टा कई संसाधनों जैसे नदी के बालु इत्यादि का लूट मचा हुआ है। जिसे रोकने में राज्य सरकार विफल साबित हुई है। राज्य की जनता सरकार से त्रस्त है।

कार्यक्रम की समाप्ति पर बाबूलाल मरांडी घाघरा के लिए निकले जहां पूर्व से कार्यक्रम निर्धारित था।कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र से भी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भारी संख्या में जनसभा के लिए आए हुए थे। गुमला विधानसभा इससे पहले भारतीय जनता पार्टी के खाते में थी। लेकिन पिछली बार विधानसभा चुनाव में झामुमो के विधायक यहां पर काबीज हुए। ऐसे में बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा से भारतीय जनता पार्टी के सभी लोग उम्मीद कर रहे हैं कि इस संकल्प यात्रा से गुमला विधानसभा को बहुत फायदा होगा और भाजपा फिर से इस सीट पर काबिज होगी।

वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्वंय एसडीपीओ मनीष चंद्रलाल और गुमला थाना के प्रभारी विनोद कुमार अपने पदाधिकारियों एवं सशस्त्र बलों के साथ डटे हुए थे और सुरक्षा व्यवस्था का भरपूर ध्यान रखा जा रहा था। मौके पर भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ सदस्यो के साथ-साथ हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संघ की समीक्षा बैठक, अगले साल और बेहतर होगी व्यवस्था

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** आदिवासी नॉलेज सेंटर हातमा सरना टोली रांची में डॉ हरि उरांव की अध्यक्षता में सरना नवयुवक संघ केन्द्रीय समिति, रांची के तत्वावधान आयोजित करम पूर्व संध्या समारोह 2023 की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में अगले साल और करम पूर्व संध्या समारोह में और बेहतर व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। बिरेन्द्र उरांव ने बताया कि 24 सितम्बर 2023 को आयोजित करम पूर्व संध्या समारोह को सम्पन्न करने में संघ के सदस्यों , संचालन उप- समिति, छात्रावास के सभी छात्र- छात्राओं एवं सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन , कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार, रांची ने अहम भूमिका निभाई। जिसके कारण इस वर्ष की करम पूर्व संध्या समारोह सफलीभूत हुआ। इस समीक्षा बैठक में निर्णय लिया गया कि नृत्य दल की बढ़ती संख्या को देखते हुए अगला सरहुल एवं करम पूर्व संध्या समारोह अपराह्न 12:00 बजे से आयोजित किया जाएगा ताकि कार्यक्रम में सभी नृत्य दल को भाग लेने का मौका मिल सके। समीक्षा बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि हरेक तीन महीने में समाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक बिंदुओं पर कार्यशाला आयोजित किया जाएगा । आज की बैठक में मुख्य रूप से संघ के अध्यक्ष डॉ हरि उरांव, उपाध्यक्ष साधु उरांव, सचिव बिरेंद्र उरांव, कोषाध्यक्ष डॉ बन्दे खलखो, सुखराम उरांव, प्रो विकास उरांव, सुनिल उरांव, नित्यानंद उरांव, एवं जगदीश उरांव उपस्थित थे।

### अंजुमन इस्लामिया हॉस्पिटल का चुनाव संपन्न

## अध्यक्ष बने हाजी मुख्तार, महासचिव अनवर

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** अंजुमन इस्लामिया हॉस्पिटल परिसर में जनरल बॉडी की एक बैठक रविवार को चुनाव को लेकर हुई। जिसकी अध्यक्षता शहर के मकबूल समाजसेवी हाजी गुलाम रब्बानी ने की और संचालन नौशाद आलम उर्फ गुज्जर ने किया।



बैठक की अध्यक्षता कर रहे हाजी गुलाम रब्बानी ने कहा की आज के पूर्व जो अंजुमन हॉस्पिटल कमिटी बनी थी वो नियम अनुसार नही थी। 14 के जगह पर 17 लोग थे। जो नियम विरुद्ध है। उस कमिटी को भंग करते हुए नई कमिटी बनाने का प्रस्ताव रखा। साथ ही पूर्व की भांति अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष को हॉस्पिटल सोसायटी एक्ट के तहत हाजी मुख्तार को अंजुमन इस्लामिया हॉस्पिटल सोशल सर्विसेज सोसायटी का अध्यक्ष चुना गया। बैठक में अंजुमन इस्लामिया हॉस्पिटल में चल रहे उतार-चढ़ाव पर चर्चा हुई। सभी ने एक स्वर में कहा के अंजुमन इस्लामिया हॉस्पिटल को बेहतर बनाने के लिए हर एक पंचायत, सोसाइटी, तंजीम, एदारा को साथ आना होगा। तभी हम मिलकर आगे बढ़ सकते हैं। बैठक में अंजुमन इस्लामिया मेडिकल एंड सोशल सर्विसेज सोसाइटी एक्ट के तहत अंजुमन हॉस्पिटल का चुनाव कराने की बात हुई। तय हुआ कि जो लोग हॉस्पिटल में सेवा देना चाहते है वो स्वयं अपना नाम बैठक में पेश करें। नाम आने के बाद उनके नाम पर अगर लोग सहमत होते हैं और उनके नाम पर हाथ उठाते हैं तो वह माना जायेगा।

सर्वसम्मति से लोग जिनके नाम पर हाथ उठाकर अपना समर्थन दिया उसे हाउस ने मंजूर किया। अध्यक्ष में हाजी मुख्तार अहमद, उपाध्यक्ष जाहिद काजल, महासचिव अनवर आलम अन्नु, उप सचिव नदीम इकबाल, कोषाध्यक्ष मास्टर शाहिद का नाम हैं। इनके अलावा 9 कार्यकारिणी सदस्य का भी चुनाव किया गया। जिसमें रांची शहर के प्रख्यात समाजसेवी पूर्व पार्षद मोहम्मद असलम, अफरोज आलम, जफर खान, मोहम्मद सुफियान, जबीउल हक, अब्दुल खालिक नन्हू, शाफिकुर रहमान, डॉक्टर सैयद इकबाल, और मोहम्मद मुकीम आलम का नाम शामिल है।अंजुमन इस्लामिया मेडिकल एंड सोशल सर्विसेज सोसाइटी एक्ट के तहत कुल 14 लोगों का एक कमेटी बनाई गई है।

## भगवान राम की आस्था व श्रद्धा का केंद्र बिंदु अयोध्या के बाद अगर कहीं है, तो वो हजारीबाग में है: जयंत सिन्हा

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** जयंत सिन्हा ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में 'शौर्य जागरण यात्रा' का स्वागत किया। सांसद जयंत सिन्हा जी ने बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद द्वारा पूरे भारतवर्ष में निकाले जा रहे 'शौर्य जागरण यात्रा' का हजारीबाग की पावन धरती पर भव्य स्वागत किया। हजारीबाग से चलकर शौर्य जागरण यात्रा रामगढ़ की धरती पर पहुंचा, वहां राम भक्तों पर सांसद जयंत सिन्हा जी के द्वारा पुष्प की वर्षा कर यात्रा को रांची के लिए रवाना किया गया। सांसद जयंत



सिन्हा ने इस अवसर पर राम भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम की आस्था व श्रद्धा का केंद्र बिंदु अयोध्या के बाद अगर कहीं है, तो वह हजारीबाग की पावन धरती है। उन्होंने आगे कहा कि मेरा सपना है कि अयोध्या की तर्ज पर हजारीबाग की पावन धरती पर भी एक भव्य राम मंदिर का निर्माण किया जाए। इसके लिए उन्होंने सभी राम भक्तों से मंदिर निर्माण हेतु एक-एक ईंट का दान देकर मंदिर निर्माण में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करने की अपील की।अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कर कमल द्वारा 25 जनवरी 2024 को भगवान राम के आस्था का प्रतीक अयोध्या में श्री राम मंदिर का भव्य उद्घाटन किया जाएगा। यह मंदिर पूरे विश्व के राम भक्तों के बलिदान समर्पण एवं शौर्य का प्रतिक के रूप में स्थापित किया गया है। सांसद जयंत सिन्हा ने आगे कहा कि शौर्य जागरण यात्रा समाज को जागृत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।राम भक्त सांसद जयंत सिन्हा जी ने राम भक्तों के सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा के लिए अपना भरपूर सहयोग करते हुए उनके यात्रा के लिए सारी व्यवस्थाएं करवाई, जिससे यात्रा के दौरान उन भक्तों को किसी तरह की असुविधा नहीं हो।

## सरकार आंदोलनकारियों को मान सम्मान, पहचान दे : मस्कल्याण

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, कोलेबिरा सिमडेगा जिला के आंदोलनकारियों की बैठक रविवार को कोलेबिरा में हुई । बैठक में राज्य सरकार से मांग की गयी कि झारखंड आंदोलनकारियों के मान - सम्मान पहचान एवं पुत्र -पुत्रियों,आश्रितों को नियोजन तथा सम्मान राशि 50-50 हजार रुपए दे। बैठक में रांची केवल विधानसभा मैदान में 12 अक्टूबर को आयोजित झारखंड आंदोलनकारी के महाजुटान कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता मस्कल्याण समद ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों केवल पर ही राज्य बना है और राज्य बनाने वालों की स्थिति दयनीय है राज्य सरकार को आंदोलन कार्यों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज अलग राज्य में हमें सत्ता की प्राप्ति हुई है ऐसे में सत्ता में बैठने वाले लोगों का प्रथम दायित्व है कि वह झारखंड आंदोलनकारी के मान सम्मान पहचान नियोजन तथा अधिकारों के मामले में ध्यान दें ,उन्हें उनका अधिकार दे।

धर्मसभा

### विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का शौर्य जागरण यात्रा व धर्म सभा संपन्न

## धर्म-परिवर्तन और लव जेहाद को गैर कानूनी घोषित करे सरकार : अशोक तिवारी

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**जिस तरह से हिंदूओं के खिलाफ दूसरे धर्म वाले लव जेहाद और धर्म परिवर्तन का एजेंडा चला रहे हैं, उसे हिंदू समाज किसी सूरत में बरदास्त नहीं करेगा। सरकार को चाहिए कि ऐसी गतिविधियों को गैर कानूनी घोषित करेकं। यह कहना था विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री एवं केंद्रीय धर्माचार्य संपर्क प्रमुख अशोक तिवारी का। वे आज धुर्वा स्थित श्री जगन्नाथ मैदान में विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल द्वारा शौर्य जागरण यात्रा निकाल कर आयोजित किये गये धर्म सभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर संत-महंत के साथ, समस्त हिंदू समाज, हिंदू संगठन का जनसैलाब श्री रामजन्मभूमि अयोध्या मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव का शंखनाद आमंत्रण में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित, प्रणवोच्चार एकात्मता मंत्र और विजय महामंत्र रंगनाथ महतो के



उच्चारण के साथ किया गया। अतिथियों का परिचय और स्वागत माला और अंगवस्त्र देकर किया गया। स्वागत भाषण तिलक राज मंगलम, प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष ने दिया। इस धर्म सभा में महामंडलेश्वर सूर्यनारायण दास महात्यागी जी महाराज, स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी ने अपने यात्रा का अनुभव एवं शिलान्यास कार्यक्रम के संदर्भ में बताया। बाल विदुषि साध्वी लाडली शरण ने मातृ शक्ति जागरण के संदर्भ में, अशोक तिवारी व चंद्रकांत रायपत ने धार्मिक न्यास बोर्ड के वर्तमान धार्मिक घुसपैठ के बारे में चर्चा की। स्वामी भूतेशानंद जी महाराज ने सेवा के महत्व के बारे में बताया। वीरेंद्र विमल ने झारखंड के महापुरुषों के पराक्रम की व्याख्या की। सीताराम शरण जी महाराज ने प्रवर्तन समाज के लिए गंभीर समस्या, स्वामी दिव्यानंद जी महाराज के सामाजिक समरसता समाज के लिए अत्यंत आवश्यक, स्वामी दिव्यज्ञान जी महाराज ने मंदिर के निर्माण और क्रियाकलाप के बारे में अपने विचार प्रकट किए।

दीपक ठाकुर ने शौर्य जागरण यात्रा का उद्देश्य बताया। जन्मेजय कुमार, वीरेंद्र साहू, जगलाल शाही ने सत्संग के महत्व पर विचार प्रकट किए। कैलाश केसरी ने धन्यवाद ज्ञापन किया, जबकि मंच संचालन मिथिलेश्वर मिश्र और दीपक ठाकुर ने की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अशोक तिवारी, महामंडलेश्वर पूज्य स्वामी सूर्य नारायण दास महात्यागी, जगन्नाथ शाही, रामस्वरूप रोंगटा क्षेत्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र विमल क्षेत्रीय मंत्री, तिलकराज मंगलम कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष, चंद्रकांत रायपत संयोजक धर्म सभा प्रांत उपाध्यक्ष, कृष्ण चैतन्य जी महाराज, सिद्धनाथ सिंह, जन्मजय कुमार क्षेत्रीय संयोजक बजरंग दल, परिपूर्णेन्दु जी महाराज चिन्मय आश्रम, गोकुल दस राम मंदिर चुटिया, ओमप्रकाश शरण तपोवन श्री राम जानकी मंदिर, भूतेशानंद जी महाराज भारत सेवा आश्रम संघ, सीताराम शरण, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव, गोपी लाल, गंगा प्रसाद यादव, सुभाष नेत्रगयालकर प्रांत उपाध्यक्ष, सुनील गुप्ता प्रांत उपाध्यक्ष, मनोज पोद्दार प्रांत सहमंत्री, रामनरेश सिंह प्रांत सहमंत्री, रामनाथ सिंह प्रांत मंत्री, मदन बागड़िया प्रांत कोषाध्यक्ष, शिव साबू प्रांत सहकोषाध्यक्ष, अजय अग्रवाल प्रांत सेवा प्रमुख, जुगल प्रसाद प्रांत धमार्चार्य संपर्क प्रमुख, दीपा रानी कुंज प्रांत मातृशक्ति, दीपक ठाकुर प्रांत संयोजक बजरंग दल, अनुराधा कश्यप प्रांत दुर्गा वाहिनी संयोजिका,

अरविंद सिंह प्रांत संपर्क प्रमुख, बलदेव आचार्य पुरोहित प्रमुख, संजय कुमार प्रांत प्रचार प्रसार प्रमुख, प्रकाश रंजन सह प्रमुख प्रचार प्रसार, रेनू अग्रवाल विशेष संपर्क प्रमुख, कृष्ण देव पांडे विभाग धमार्चार्य संपर्क प्रमुख, गिरजा शंकर पांडे नागेंद्र सिंह, किशन झा विभाग मंत्री रांची, कैलाश केसरी सुजीत सिंह, राजीव रंजन मिश्रा, मेधा उरांव, सुखी उरांव, रेखा जैन, पुनीत पोद्दार, प्रदीप राजगारिया, नवीन झा, युगल कांगडा, विजय मिनोचा, रवि शंकर राय, दीपक कुमार रवि, राजकुमार शर्मा, अमर प्रसाद,आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### प्राचीन पूजा में आदिवासी ... ... ..

हांसदा ने मां दुर्गा की पूजा शुरू कर दी। उस समय लोब हसदन बांग्लादेश के राजशाही जिले के नचोल थाने के हकरोल गांव में रहते थे। आज भी आदिवासी समुदाय के रीति-रिवाजों का पालन करते हुए धूमधाम से देवी की पूजा की जाती है। आदिवासी समुदाय के लोग यहां पूजा के चार दिनों तक पंक्ति भोजन का आयोजन करते हैं। चारों दिन देवी को शाकाहारी भोजन का भोग लगाया जाता है। नवमी के दिन खिचड़ी का भोग लगाया जाता है। इस पूजा को मनाने के लिए पूरे इलाके के लोग आगे आते हैं। यह देवी गांव वालों के लिए बहुत जागृत है। स्थानीय निवासियों ने कहा कि वह सभी की मनोकामनाएं पूरी करते हैं। गांव की इस पूजा को संपन्न कराने के लिए गांव के लोगों ने सहयोग का हाथ बढ़ाया।

### दोनों पक्षों को मिलाकर ... ... ..

को देश में फंसे पर्यटकों सहित अपने नागरिकों से उनके सुरक्षित निकास की सुविधा के लिए अनुरोध प्राप्त हुए हैं। इजराइल में लगभग 18,000 भारतीय नागरिक रह रहे हैं और काम कर रहे हैं और अब तक उनके साथ किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। भारतीय दूतावास को देश में फंसे भारतीय पर्यटकों से उनके बाहर निकलने की सुविधा के लिए अनुरोध प्राप्त हुए हैं। इजराइल का दौरा करने वाले कुछ व्यवसायी भी हैं जो तनाव में फंस गए हैं और वहां से निकलने की कोशिश कर रहे हैं। सैन्य प्रवक्ता डैनियल हगारी ने संवाददाताओं से कहा, आने वाले 24 घंटों के लिए हमारा मिशन गाजा के आसपास रहने वाले सभी निवासियों को निकालना है। उन्होंने कहा कि इजराइल में आतंकवादियों द्वारा रखे गए बंधकों को बचाने के लिए लड़ाई अभी भी जारी है। इलाके में हजारों लड़ाकू सैनिक हैं। जब तक हम इजराइल में प्रत्येक आतंकवादी को नहीं मार देते तब तक हम प्रत्येक समुदाय तक पहुंचेंगे।

### विस्फोट में एक सुरक्षा ... ..

है तो कानून के अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। 3 मई को आदिवासी कुकी और गैर-आदिवासी मैतेई लोगों के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद कुछ संगठनों द्वारा जातीय आधार पर जिलों, स्थानों और संस्थानों के नाम बदलने के उदाहरण सामने आए हैं। मुख्य सचिव के आदेश में कहा गया है कि इस तरह की कार्रवाइयां अधिकारियों के लिए समस्याएं पैदा करती हैं। आदेश में कहा गया है, यह राज्य सरकार के संज्ञान में आया है कि कई नागरिक समाज संगठन, संस्थान, प्रतिष्ठान और व्यक्ति जानबूझकर जिलों, उप-मंडलों, स्थानों, संस्थानों और ऐसे संस्थानों के पते का नाम बदल रहे हैं या बदलने की कोशिश कर रहे हैं। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति पर उस समय लागू देश के प्रासंगिक कानून के तहत मुकदमा चलाया जाएगा। सभी जिलों के जिला मजिस्ट्रेटों और पुलिस अधीक्षकों को आदेश को लागू करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा गया है।

### सिक्किम की बाढ़ से ... ... ..

किसी भी संदिग्ध पैकेट या बक्से को जिज्ञासावश न छूने की सलाह दी जाती है। जलपाईगुड़ी जिला पुलिस को भी ऐसे किसी भी विस्फोटक या आग्नेयास्त्र मिलने पर तुरंत पुलिस स्टेशन को रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया है।

सिक्किम भारी बारिश और दक्षिण लोनाक झील में भारी पानी के बहने से प्रभावित हुआ है। तीस्ता ने बुधवार को पूरे दिन सिक्किम और पश्चिम बंगाल की पहाड़ियों पर कहर बरपाया। घर और सेना के पूरे शिविर पानी में बह गये। गुरुवार को सेना के एक कैंप से ऐसा ही मोर्टार शेल आया था। जिला पुलिस का मानना है कि विस्फोट से खतरा पैदा हुआ है।

घटना गुरुवार रात जलपाईगुड़ी जिले के माल उपमंडल के क्रांति ब्लॉक के चापाडांगा में घटी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, हार्पा बैन सेना शिविर का मोर्टार शेल तीस्ता के निचले बेसिन में तैर रहा था। इलाके के एक लड़के ने नदी में मछली पकड़ते वक्त इसे खिलौना समझा और घर ले आया। इससे बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान यह फट गया। जिससे दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। छह लोग घायल हो गये। इनमें से कुछ की हालत गंभीर है। घायलों को बचाकर पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। बाद में उन्हें वहां से जलपाईगुड़ी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ले जाया गया। अब जारी तलाशी की गंभीरता से यह समझा जा रहा है कि सिक्किम के बाढ़ में सिर्फ जवानों की मौत ही नहीं हुई है बल्कि काफी अधिक गोला बारूद भी बह गया है, जिससे नीचे के इलाकों में खतरा बना हुआ है।

### अमेरिका ही रूस को परमाणु युद्ध ... ..

उन्होंने कहा कि अमेरिकियों को अपनी सुरक्षा का डर नहीं है क्योंकि वे समुद्र के उस पार हैं। लुकाशेंको की टिप्पणी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा गुरुवार को कहे जाने के बाद आई है कि परमाणु परीक्षणों पर प्रतिबंध लगाने वाली संधि के अनुसमर्थन को रद्द करना संभव है। पुतिन की टिप्पणियों के अगले दिन, रूसी राज्य ड्यूमा के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोडिन ने कहा कि राज्य ड्यूमा परिषद अपनी अगली बैठक में व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि के अनुसमर्थन को रद्द करने के मुद्दे पर निश्चित रूप से चर्चा करेगी। लुकाशेंको ने यूक्रेन के लिए अमेरिकी कांग्रेस की सहायता के अनिश्चित भाग्य पर भी टिप्पणी की, इसे यूक्रेन के लिए जल्दी करने, जवाबी कार्रवाई के दायरे का विस्तार करने और अधिक युवाओं को वहां झोंक देने का संकेत बताया। लुकाशेंको ने दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन अपनी अनुमोदन रेटिंग बढ़ाने के लिए युद्ध के मैदान में यूक्रेनी जीत का उपयोग कर सकते हैं।

### घास अपने पड़ोसियों ... ... ..

प्रक्रिया के माध्यम से अन्य प्रजातियों के डीएनए को अपने जीनोम में शामिल करती है। चुराए गए आनुवंशिक रहस्य उन्हें तेजी से, बड़े या मजबूत होने और नए वातावरण में तेजी से अनुकूलन करने की अनुमति देकर विकासवादी लाभ देते हैं। दर को समझना यह जानना महत्वपूर्ण है कि पौधे के विकास पर इसका संभावित प्रभाव क्या हो सकता है और यह पर्यावरण के प्रति कैसे अनुकूल होता है। घास पारिस्थितिक और आर्थिक रूप से पौधों का सबसे महत्वपूर्ण समूह है, जो पृथ्वी की स्थलीय सतह के 30 फीसद हिस्से को कवर करता है और हमारे भोजन का अधिकांश हिस्सा पैदा करता है। शेफील्ड टीम ने उष्णकटिबंधीय घास की एक प्रजाति के कई जीनोमों को अनुक्रमित किया और इसके विकास में अलग-अलग समय बिंदुओं पर निर्धारित किया कि कितने जीन प्राप्त किए गए - संचय की दर देते हुए। इसका मतलब है, निकट भविष्य में, विवादास्पद आनुवंशिक संशोधन को एक प्राकृतिक प्रक्रिया के रूप में माना जा सकता है।

वर्तमान में, ये प्राकृतिक प्रजनन संदूषण विधियां जीएम पौधों के उत्पादन में उतनी कुशल नहीं हैं जितनी नियमित रूप से उपयोग की जाती हैं, लेकिन यह समझकर कि जंगली में पार्श्व जीन स्थानांतरण कैसे होता है, हम इस प्रक्रिया की सफलता को बढ़ाने में सक्षम हो सकते हैं। अधिकांश समझ इस धारणा पर आधारित रही है कि आनुवंशिक जानकारी माता-पिता से संतानों तक जाती है - पौधे और जानवरों के विकास के लिए सामान्य वंश का नियम। टीम का अगला कदम पार्श्व जीन स्थानांतरण के ज्ञात उदाहरणों को फिर से बनाकर उनकी परिकल्पना को सत्यापित करना होगा, ताकि यह जांच की जा सके कि क्या यह चल रही प्रक्रिया फसल किस्मों के बीच हमारे द्वारा देखे जाने वाले अंतर में योगदान करती है।

### योगी ने बाबा केदार ... ..

हैलीपैड पर पहुचें। जहाँ हैली पैड पर उनका स्वागत बद्री केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजय अजयेंद्र, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रप्रयाग अमरदेई शाह, भाजपा जिला अध्यक्ष महावीर पंवार, केदार सभा, तीर्थ पुरोहित समाज, जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार, पुलिस अधीक्षक डॉ विशाखा समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। वहीं पुरोहित समाज ने परंपरागत मंत्रोच्चारण के साथ उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।



09:10:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

web: www.rashtriyakhabar.com

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 276 epaper.rashtriyakhabar.com आश्विन, कृष्णपक्ष दशमी, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

न स्वे सुखे वै कुरुते प्रहर्षं नान्यस्य दुःखे भवति प्रहृष्टः।

दात्वा न पश्चात् कुरुतेऽनुतापं स कथ्यते स्तपुरुषार्थशीलः॥

भावार्थ : वह जो अपने सुख में हर्षित नहीं होता और दूसरे के दुःख में भी हर्षित नहीं होता, दान/ कुछ दे देने के बाद पछताता नहीं है। वही व्यक्ति इस संसार में सत्पुरुष/ सज्जन कहा जाता है।

## रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 30.00 °c | 21.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 17.28 बजे

सूर्योदय (कल) » 05.43 बजे

## अफगानिस्तान में दो हजार लोग मारे गये

**हेरात:** पश्चिमी अफगानिस्तान में शक्तिशाली भूकंप से मरने वालों की संख्या दो हजार से अधिक हो गई है, जबकि 9 हजार से अधिक लोग घायल हो गए हैं। रॉयटर्स ने रविवार को अफगान आपदा प्रबंधन मंत्रालय के हवाले से खबर दी। रिपोर्ट के अनुसार अब तक प्राकृतिक आपदा के परिणामस्वरूप कम से कम 2,053 लोग मारे गए हैं और अन्य 9,240 लोग घायल हुए हैं। भूकंप ने 1,329 घरों को नष्ट या क्षतिग्रस्त कर दिया। मीडिया ने पहले दिन में रिपोर्ट दी थी कि मरने वालों की संख्या एक हजार से अधिक है। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने शनिवार को कहा कि पश्चिमी अफगानिस्तान में अधिकतम 6.4 तीव्रता वाले कई भूकंप आए।

## तेलंगाना में 20 लाख रुपये की नकदी जब्त

**हैदराबाद:** हैदराबाद पुलिस ने 2000 और 500 रुपये नोट 20 लाख नकदी जब्त की है। एसआई एम महेश आईएस सदन पुलिस कर्मचारियों के साथ यहां शुक्रवार की शाम वाहनों की तलाशी ले रहे थे और इस दौरान उन्होंने एक स्विफ्ट डिजायर कार को रोका। कार की तलाशी के दौरान एक थैला मिला जो नोटों से भरा था। जब नकदी के बारे में पूछताछ की गई, तो कार में सवार व्यक्तियों में से एक (विट्ठल), संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे पाया। पुलिस के एक बयान में शनिवार को कहा गया कि वह नकदी के स्रोत के संबंध में उचित दस्तावेज या सबूत पेश करने में भी विफल रहा। इसके बाद, एसआई ने दो गवाहों को बुलाया, और उनकी उपस्थिति में कार में मौजूद व्यक्तियों की पहचान विट्ठल, नागराजू, श्रीकांत रेड्डी और वेंकटेश के रूप में की गयी। पैसे के स्वामित्व का दावा करने वाले विट्ठल ने कहा कि नागराजू और श्रीकांत रेड्डी 101 एकड़ रियल एस्टेट के कर्मचारी थे और वेंकटेश एक उबर ड्राइवर था।

## विमानों का करतब देखने उमड़ा जनसैलाब

**प्रयागराज:** भारतीय वायुसेना के 91वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज एयर शो के माध्यम से अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टर नीले आसमान में हैरतअंगेज करतब देखने के लिए गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम के आसपास बड़ी संख्या में लोगों का जनसमूह उमड़ पड़ा। संगम क्षेत्र में आयोजित होने वाले एशिया के सबसे बड़े एयर शो में मुख्य अतिथि आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल बीआर चौधरी उपस्थित हैं। बच्चों समेत युवाओं ने भी भारत माता की जय का जयघोष किया। भीड़ ने ताली बजाकर उसका स्वागत किया। रोमांचित नागरिक भारतीय वायुसेना के जांबाज पायलटों के आसमान में हैरतअंगेज करतब देखने के लिए बेताब नजर आए।

## मक्का की नई किस्म विकसित की

**उदयपुर:** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एमपीयुटी उदयपुर द्वारा दक्षिणी राजस्थान में खरीफ की मुख्य फसल मक्का की नई संकर किस्म प्रताप संकर मक्का-6 विकसित की है। एमपीयुटी के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, दिल्ली द्वारा शुरू की गई अखिल भारतीय मक्का अनुसंधान परियोजना के तहत विश्वविद्यालय ने अभी नई संकर किस्म प्रताप संकर मक्का-6 विकसित की है। उन्होंने यह किस्म विकसित करने वाले वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि राजस्थान जैसे प्रदेश जहां खरीफ में मक्का का लगभग 80 प्रतिशत का क्षेत्रफल वर्षा पर निर्भर है, उन क्षेत्रों के किसानों के लिए यह मक्का की किस्में एक वरदान साबित होगी क्योंकि यह अच्छी और अधिक पैदावार देने वाली किस्म है। विश्वविद्यालय में मक्का परियोजना के प्रभारी एवं इस किस्म के जनक डॉ. आर. बी. दुबे ने बताया कि यह पीले दाने वाली जल्दी पकने (80-85 दिन) वाली संकर किस्म है। यह किस्म भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर अनुमोदित की गई है इस किस्म को शीघ्र अतिशीघ्र अधिसूचित करने हेतु भारत सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा जैसे ही किस्म अधिसूचित हो जाती है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

---

आदिवासी गांव में दुर्गा पूजा के विधान और मंत्र अलग हैं

# प्राचीन पूजा में आदिवासी मंत्रों का उच्चारण

- पहले बांग्लादेश के इलाके में थी पूजा
- गांव में दो सौ आदिवासी परिवार रहते हैं
- बाबूलाल के दादा जी को सपना आया था

राष्ट्रीय खबर

**मालदा:** बांग्लादेश की सीमा पर बने इस जिला के आदिवासी इलाकों में भी दुर्गापूजा का इतिहास काफी पुराना है। इनमें से भांगादीघी गांव की पूजा पारंपरिक पूजा से बिल्कुल अलग है। यहां पर जनजातीय भाषाओं में मंत्रों के साथ मां की पूजा की जाती है। वरना अन्यत्र संस्कृत मंत्रों का जाप करके मां दुर्गा की पूजा करने का चलन हर जगह है। मिली जानकारी के मुताबिक लगभग 150 वर्षों से इस



आदिवासी गांव के लोग श्रद्धापूर्वक पूजा मनाते आ रहे हैं। सदियों पुरानी इस पूजा को लेकर पूरे गांव के लोगों में आज भी उत्साह है। यहां करीब 200 आदिवासी परिवार रहते हैं। हबीबपुर ब्लॉक आदिवासी बहुल इलाका है। उस ब्लॉक में आदिवासी समुदाय के लोग अपनी भाषा में मां दुर्गा के मंत्र पढ़ते हैं। यह पूजा मालदा के हबीबपुर थाने के केंदपुकुर इलाके के भांगा दीघी गांव में होती है। गांव में एक छोटा सा टिन का घर है। उस कमरे के अंदर मां दुर्गा का मंदिर है। यह पूजा वहां काफी समय से होती आ रही है। यहां मां दुर्गा की पूजा पुजारी के मंत्र से नहीं बल्कि आदिवासियों के अपने मंत्र से भक्तिभाव से की जाती है।

इस पूजा का एक इतिहास है। इस पूजा की शुरूआत लोब हांसदा ने की। उनके उत्तराधिकारी बाबूलाल हांसदा ने कहा कि उनकी पूजा बांग्लादेश में उनके दादा जी के समय में शुरू हुई थी। कभी यह पूजा पारिवारिक होती थी लेकिन अब यह सार्वजनिक आयोजन में तब्दील हो गया है। यह दुर्गा पूजा 150 साल पुरानी है। इस पूजा को लोब हांसदा ने लोकप्रिय बनाया था। स्वप्न मिलने के बाद लोब » पेज 2 भी देखें

---

चेतावनी › इजराइली सेना ने हमास के ठिकानों पर भीषण हमला किया

# दोनों पक्षों को मिलाकर सात सौ मारे गये

- नेतन्याहू ने हमास को धूल में मिला देंगे
- वहां रहने वाले सभी भारतीय सुरक्षित हैं
- नेपाल के 12 छात्र हमले के बाद लापता

राष्ट्रीय खबर

**जेरूशलम:** इजरायली सेना और फिलिस्तीनी समूह हमास के बीच लड़ाई आज तेज हो गई, इजरायल पर हमले के बाद दोनों पक्षों के सैकड़ों लोग मारे गए, जिसके बाद प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि वे लंबे और कठिन युद्ध की ओर बढ़ रहे हैं। इजराइल की सेना ने कहा कि बड़े पैमाने पर रॉकेट बैराज और जमीन, हवा और समुद्री हमले में 300 से अधिक इजराइली मारे गए और 1,000 घायल हो गए। गाजा अधिकारियों ने कहा कि तटीय क्षेत्र पर तीव्र इजरायली हवाई हमलों ने फिलिस्तीनी मरने वालों की संख्या कम से कम 400 तक पहुंचा दी है, जबकि लगभग 1,700 घायल हो गए हैं। लेबनान के ईरान समर्थित हिजबुल्लाह ने कहा कि उसने विवादित सीमा क्षेत्र में इजरायली ठिकानों पर बड़ी संख्या में तोपखाने के गोले और निर्देशित मिसाइलें दागीं। इसमें कहा गया कि यह हमला हमास द्वारा शुरू किए गए हमले के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए था। बेंजामिन नेतन्याहू ने इस्राइल के लिए काला दिन कहे जाने पर बदला लेने की कसम खाई। उन्होंने कहा, आईडीएफ (सेना) हमास की क्षमताओं को नष्ट करने के लिए अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करने वाली है। हम उन पर अंत तक हमला करेंगे और इसराइल और उसके लोगों पर उनके द्वारा लाए गए इस काले दिन का बदला लेंगे। हमास ने गाजा में स्थित ठिकानों को छोड़ दिया है क्योंकि उसने अपने अप्रत्याशित हमले के बाद उसके ठिकानों को मलबे में बदलने की कसम खाई है। उन्होंने कहा, मैं गाजा के लोगों से कह रहा हूं, अभी वहां से चले जाओ, क्योंकि हम हर जगह अपनी पूरी ताकत से कार्रवाई करने वाले हैं। इजरायली सैनिकों ने 8 अक्टूबर को दक्षिणी इजरायल की सड़कों पर हमास के लड़ाकों से लड़ाई की और जवाबी हमले किए, जिससे गाजा में इमारतें जमींदोज हो गईं, जबकि उत्तरी इजरायल में लेबनान के हिजबुल्लाह आतंकवादी समूह के साथ संक्षिप्त हमलों ने व्यापक संघर्ष की आशंका पैदा कर दी।

इजराइल में रहने और काम करने वाले भारतीयों के साथ कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है, यहां तक कि तेल अवीव में भारतीय दूतावास » पेज 2 भी देखें



**विदेश मंत्री एन.पी. सऊद ने रविवार को कहा कि**

इजरायल के दक्षिणी हिस्से में पढ़ रहे 12 नेपाली छात्र हमास आतंकवादी समूह के हमले के बाद से लापता हैं और उनके हताहत होने की आशंका है। विदेश मंत्री सऊद ने बताया, 12 नेपाली छात्रों से संपर्क स्थापित नहीं हो सका और हताहत होने की आशंका है। सीखो और कमाओ कार्यक्रम के तहत दक्षिणी इजराइल के कुबुज अलुमिम में 17 नेपाली छात्र थे। विदेश मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, 17 में से दो सुरक्षित भागने में सफल रहे और तीन घायल हो गए।

---

मणिपुर के मंत्री का परिवार भी ग्रेनेड हमले में बाल बाल बचा

# विस्फोट में एक सुरक्षा कर्मी को मामूली चोट लगी

- चीन में निर्मित था फेंका गया यह हथगोला
- वीआईपी आवासों के पास सुरक्षा कड़ी हुई
- इलाकों का नाम बदलने पर हिदायत दी

भूपेन गोस्वामी

**गुवाहाटी:** मणिपुर के ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री युमनाम खेमचंद और उनके परिवार के सदस्य उस समय बाल-बाल बच गए जब संदिग्ध उग्रवादियों ने रात साढ़े दस बजे चीन निर्मित हथगोला फेंका। हालांकि, घर की रखवाली कर रहे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक जवान को छर्रे लगने से एक हाथ में मामूली चोटें आईं। अभी तक किसी भूमिगत संगठन की ओर से कोई दावा नहीं किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। श्री खेमचंद मणिपुर के उन मंत्रियों में से एक हैं, जिन्होंने मैतेई और कुकी उग्रवादियों के बीच जारी संघर्ष पर अपना रुख स्पष्ट करने के लिए दिल्ली में मणिपुर के युवाओं के प्रतिनिधियों के साथ चार घंटे की बैठक में भाग लिया था। पुलिस ने मंत्रियों और अधिकारियों के आवासों के आसपास के इलाकों में



सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। समाज कल्याण मंत्री नेमचा किपगेन ने स्पीकर को लिखे पत्र में कहा कि वह विधानसभा के विशेष सत्र में शामिल नहीं हो सकेंगी क्योंकि उनका सुरक्षा कवर पर्याप्त नहीं है। मुख्यमंत्री के एक सलाहकार पर हाल ही में हमला हुआ था और उन्हें दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई थी। इस बीच मणिपुर सरकार ने राज्य में संगठनों और व्यक्तियों से समुदायों के बीच संभावित संघर्ष पैदा करने के लिए जिलों, उप-मंडलों, स्थानों, संस्थानों और ऐसे संस्थानों के पते के नाम नहीं बदलने के लिए कहा है। मुख्य सचिव विनीत जोशी द्वारा 5 अक्टूबर को जारी लेकिन शुक्रवार रात जारी आदेश में चेतावनी दी गई कि यदि कोई संगठन या व्यक्ति इस तरह के नाम बदलने में शामिल पाया जाता » पेज 2 भी देखें

---

विस्फोटकों को निष्क्रिय करने में जुटे हैं सेना के विशेषज्ञ

# सिक्किम की बाढ़ से काफी मोर्टार बह गये हैं

राष्ट्रीय खबर

**सिलिगुड़ी:** जलपाईगुड़ी में गुरुवार को तीस्ता के पानी में तैर रहे मोर्टार शेल के फटने से दो बच्चों की मौत हो गई। छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। इस घटना के बाद सेना और प्रशासन हिल गया। सेना सिक्किम में आई आपदा में बहे सैन्य शिविर के विस्फोटकों को बरामद करने और निष्क्रिय करने में जुटी है। तीस्ता के तट पर जहां भी मोर्टार के गोले या ऐसे विस्फोटक मिलते हैं,



उन्हें विस्फोट कर निष्क्रिय कर दिया जाता है। इसके अलावा सेना और जलपाईगुड़ी जिला पुलिस ने पहले ही आम लोगों को सचेत करने के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिये हैं। तीस्ता से सटे इलाके में विस्फोटक या बंदूकें पाए जाने पर तुरंत स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचित करने का निर्देश दिया गया है। विस्फोटकों, आग्नेयास्त्रों और » पेज 2 भी देखें

---

## चीनी भाषा जानने वाले लोग टीए में शामिल किये गये



**नई दिल्ली:** प्रादेशिक सेना (टीए) ने मैंडरीन-प्रशिक्षित अधिकारियों के अपने पहले बैच को शामिल किया है और उन्हें चीनी भाषा, तिब्बती विज्ञान और इसी तरह की अन्य भाषाओं में विशेषज्ञता बढ़ाने के नियमित सेना के अभियान के समर्थन में एलएसी के साथ आगे के क्षेत्रों में तैनात किया है। बता दें क मैंडरीन भाषा ही चीन में बोली जाती है। आम भारतीय इस भाषा में दक्षता नहीं रखता। कई बार भाषा समझ में नहीं आने की वजह से भी बेवजह का तनाव हो जाता है। गलवान घाटी की घटना के बाद भारतीय सेना वास्तविक नियंत्रण रेखा पर कड़ी नजरदारी के साथ साथ इस विषय पर भी ध्यान दे रही है। पूर्वी लद्दाख में सैन्य टकराव के मद्देनजर ऐसा किया जा रहा है। टेरिटोरियल आर्मी के एक सूत्र ने कहा, मैंडरीन दक्षता और अधिकारी जैसी गुणवत्ता के आधार पर एक व्यापक चयन प्रक्रिया के बाद अगस्त में पांच चीनी भाषा दुभाषियों को टीए में शामिल किया गया था। अब उन्हें पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के साथ सीमा कर्मियों की बैठकों में मदद करने के लिए आगे के क्षेत्रों में तैनात किया गया है।

---

# अमेरिका ही रूस को परमाणु युद्ध की तरफ धकेल रहा है: लुकाशेंको

राष्ट्रीय खबर

**मिंस्क:** बेलारूस के नेता का कहना है कि अमेरिका यूक्रेन को हथियार देकर रूस को परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की ओर धकेल रहा है। राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने कहा कि यूक्रेन को हथियार देकर, संयुक्त राज्य अमेरिका रूस को परमाणु हथियारों का उपयोग करने के लिए प्रेरित कर रहा है। उन्होंने कहा, मुझे यह आभास हो रहा है और मैं फिर से कहता हूं कि यह मेरी राय है कि अमेरिकी रूसियों को सबसे भयानक



हथियार का उपयोग करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वे वलोडिमिर जेलेंस्की और उनकी सेना को हथियारबंद करते हैं और लंबी दूरी की मिसाइलें प्रदान करते हैं। यहां तक कि मिसाइलें भी 300 किमी (186 मील) तक उड़ान भरने में सक्षम हैं। लुकाशेंको ने ब्रेस्ट क्षेत्र में एक सैन्य सुविधा की अपनी यात्रा के दौरान ऐसा कहा। लुकाशेंको ने कहा कि अगर ऐसी कोई मिसाइल रूसी क्षेत्र पर हमला करती है, तो मॉस्को को जवाब देना होगा। रूसी क्षेत्र के अंदर ऐसा एक हमला और प्रतिक्रिया जबरदस्त होगी। अन्यथा, हमें इन परमाणु हथियारों की आवश्यकता क्यों है। उनके अनुसार, देशों के बीच तनाव बढ़ने से ऐसी स्थिति पैदा हो सकती है जब रूस लाल बटन निकालकर मेज पर रख देगा। » पेज 2 भी देखें

---

आविष्कार › कृषि विज्ञान में नई रोशनी दिखा सकता है यह मामूली घास

# घास अपने पड़ोसियों से जीन उधार लेते हैं

- संशोधित फसलों के लिए नया रास्ता
- धरती के तीस फीसद इलाके में मौजूद
- इससे नये माहौल में भी विकास होता है

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** कृषि विज्ञान में हर दिन नये आविष्कार होने के साथ साथ शोध जारी है। इसका असली मकसद दुनिया में अनाज का उत्पादन बढ़ाना है। इसी वजह से हर मौसम में बेहतर उपज देने वाले ऐसे अनाज भी विकसित किये जा रहे हैं, जिनका जेनेटिक उपचार किया गया है। इसी क्रम में एक नई जानकारी सबसे मामूली दिखने वाली घास को लेकर मिली है।



पता चला है कि यह घास अपने पड़ोसियों से जीन उधार लेकर विकासवादी शॉर्टकट अपनाती हैं। एक नए अध्ययन से पता चला है कि घास अपने पड़ोसियों से जीन उसी तरह स्थानांतरित कर सकती है जिस तरह आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलें बनाई जाती हैं। शेफील्ड विश्वविद्यालय के नेतृत्व में किया गया शोध, उस आवृत्ति को दिखाने वाला पहला है जिस पर घास पार्श्व जीन स्थानांतरण नामक » पेज 2 भी देखें

## न्यू फाइटोलॉजिस्ट जर्नल में प्रकाशित ये निष्कर्ष

अब यह सोचा गया है कि ये स्थानांतरण उसी तरह से होने की संभावना है जैसे कुछ आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलें बनाई जाती हैं। न्यू फाइटोलॉजिस्ट जर्नल में प्रकाशित ये निष्कर्ष, फसल उत्पादकता में सुधार करने और अधिक लचीली फसलें बनाने की प्रक्रिया का उपयोग करने के लिए भविष्य के काम को सूचित कर सकते हैं, और विवादास्पद जीएम फसलों को हम कैसे देखते हैं और उनका उपयोग कैसे करते हैं, इस पर प्रभाव डाल सकते हैं। शेफील्ड विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बायोसाइंसेज के रिसर्च फेलो और शोध के वरिष्ठ लेखक डॉ. ल्यूक डनिंग ने कहा, जीएम फसलें बनाने के कई तरीके हैं, कुछ में पर्याप्त मानवीय हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है और कुछ में नहीं। कुछ में ये विधियाँ जिनमें न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है, स्वाभाविक रूप से हो सकती हैं और उन स्थानांतरणों को सुविधाजनक बना सकती हैं जो हमने जंगली घासों में देखे हैं। ये विधियां किसी तीसरे व्यक्ति के डीएनए के साथ प्रजनन प्रक्रिया को दूषित करके काम करती हैं। हमारी वर्तमान कामकाजी परिकल्पना, और हम निकट भविष्य में परीक्षण करने की योजना बना रहे हैं, यह है कि ये वही विधियां जीन स्थानांतरण के लिए जिम्मेदार हैं जिन्हें हम जंगली घासों में दर्ज करते हैं।

---

# योगी ने बाबा केदार का किया रूद्राभिषेक

राष्ट्रीय खबर

**केदारनाथ धाम:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जनपद अंतर्गत, स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री केदारनाथ धाम पहुँच कर बाबा केदार के दर्शन एवं रूद्राभिषेक किया। उन्होंने भगवान केदारनाथ से विश्व में सुख समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना करते हुए बाबा केदारनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। तकरीबन दो घंटे के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान केदारपुर में लगातार जय श्री राम एवं हर-हर महादेव के नारे लगते रहे। जहां से भी मुख्यमंत्री योगी गुजरते वहां



उनके अभिवादन को खड़े श्रद्धालु जयकारे लगाते। जवाब में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी श्रद्धालुओं का अभिवादन कर जय श्री राम एवं बाबा केदार के जयकारे लगाए। आज सुबह करीब दस बजे मुख्यमंत्री आदित्यनाथ केदारनाथ » पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### राष्ट्रीय महिला कल्याण संघ की बैठक

**बोकारो** : राष्ट्रीय महिला कल्याण संघ की बैठक रविवार को रामनगर कॉलोनी हेड ऑफिस में हुई। जिसमें जनकल्याण, महिला उत्पीड़न आदि पर विशेष रूप से चर्चा हुई। मौके पर अध्यक्ष अनिता सिंह, माला देवी, कविता देवी, तारा देवी, सरस्वती देवी, शिवानी प्रमाणिक, मालती देवी, अमृता कोर, अमृता सिंह, सविता पांडये, संजु देवी, कंचन देवी आदि उपस्थित थीं।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### वन अधिकार समिति के गठन में मनमानी का आरोप

**कसमार** : कसमार प्रखंड के हिसीम पंचायत में वन अधिकार समिति के गठन में मनमानी व अनियमितता का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार दुर्गा पूजा आयोजन के नाम पर गोड़ाइत द्वारा दुर्गा मंदिर के पास मुखिया द्वारा कुछ लोगों को बुला लिया गया। और चुपके से अपने चहेते लोगों को शामिल कर वन अधिकार समिति का गठन कर लिया गया है। जब ग्रामीणों को पता चला कि वन अधिकार समिति का गठन किया जा रहा है तो कुछ ग्रामीण पंचायत भवन के अंदर घुसने की कोशिश किये तो उन्हें अंदर घुसने नहीं दिया गया। इस मनमानी और मनमर्जी तरीके वन अधिकार समिति का गठन किया गया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया है। जिसमें श्यामलाल मांझी, राजेश कुमार टुडू, सहदेव मांझी, लखन मांझी, वैद्यनाथ महतो, वानेश्वर मांझी, विजय करमाली, पारिजात मांझी, महेंद्र महतो, महेश महतो, धनू महतो, संतोष किस्कु, रामलाल मांझी, रेना मांझी, परशुराम महतो, पांड़ा महतो, गिरधारी महतो, सर्वेश्वर महतो, सूदन महतो आदि शामिल हैं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### भाजपा कार्यालय में मंडल के पदधारियों ने की बैठक

**बोकारो** : माराफारी मंडल भाजपा के तत्वाधान में आजादनगर भाजपा कार्यालय में रविवार को मंडल के पदाधिकारियों एवं शक्ति केंद्रों के संयोजक, सह संयोजक की संयुक्त बैठक मंडल अध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद की अध्यक्षता एवं महामंत्री धनंजय चौबे के संचालन में हुई। बैठक में प्रवासी प्रभारी मुकुल ओझा एवं मंडल प्रभारी इंद्र कुमार झा उपस्थित हुए। इस मौके पर संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद लालू ने कहा कि भाजपा की बूथ अध्यक्षगण एवं उनकी समिति के बदौलत ही भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में जानी जाती हैं। इन कार्यकर्ताओं के बदौलत ही भाजपा एवं अपने जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जनता की समस्याओं का समाधान करने का हरसंभव प्रयास करती है। माराफारी मंडल क्षेत्र एवं क्षेत्रवासियों का समग्र विकास के लिए पार्टी कार्यकर्ता हमेशा जनता के साथ खड़ी रहती हैं। आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित कराने के लिए तैयारी शुरू करते हुए आज बुथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक हो रही है। इस दौरान सत्यापन प्रभारी श्री ओझा ने सभी 18 शक्ति केंद्रों के संयोजक एवं सह संयोजक से बात कर पार्टी की गतिविधियों को तेज करने की अपील की। साथ ही आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित कराने के लिए अभी से ही कमर कसकर अपनी महत्ती भूमिका निभाने के आह्वान किया। बैठक के उपरांत माराफारी मंडल क्षेत्र के आदिवासी एवं दलित बहुल इलाके के एल भासीन कॉलोनी में जाकर आमजनों से मिलकर केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों को रखते हुए।

**शिलान्यास** लोकेसाई में उप स्वास्थ्य केंद्र का सांसद व विधायक ने किया शिलान्यास

# समस्याओं का समाधान किया जायेगा: गीता

● ग्राम की योजनाओं को ग्राम सभा की पंजी में अवश्य शामिल कराऐं

● ग्रामीण सड़कों का काम हो रहा है



राष्ट्रीय खबर

**गुवा:** पीएम अभीम के अधीन नोवामुन्डी प्रखंड के लोकेसाई में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास सांसद गीता कोड़ा एवं विधायक सोनाराम सिंकु के करकमलों से संपन्न हुआ। ग्रामीणों के द्वारा हर्षोल्लास से पारम्परिक ढोल नगाड़ों के साथ फुल मालाओं से सांसद एवं विधायक का किया गया स्वागत। सांसद एवं विधायक ने नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर सांसद गीता कोड़ा एवं विधायक सोनाराम सिंकु ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्यायों को जाना। ग्रामीणों ने पेयजल, आवास निर्माण, आंगनवाड़ी केन्द्र मरम्मति/ पुनर्निर्माण, सड़क निर्माण आदि समस्यायों को सांसद एवं विधायक के समक्ष रखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि समस्याओं का समाधान का हर संभव प्रयास किया जाएगा। जब भी मौका मिले अपने समस्याओं से मुझे अवगत करा जानकारी दे। परस्पर संवाद से ही समस्यायों का समाधान का रास्ता निकलेगा। क्षेत्र में मुख्य सड़क निर्माण के साथ कई ग्रामीण सड़को का काम हो रहा है, वर्तमान में डीएमएफटी फंड में योजना चयन के लिए गांव - गांव में ग्राम सभा हो रही है। ग्राम सभाओं में जाएं, अपने ग्राम की योजनाओं को ग्राम सभा की पंजी में अवश्य शामिल कराऐं। कार्यक्रम में मुन्डा बामिया बोबोंगा, कुशल लागुरी, डेबरा बालमुचु, घसुवा बारजो, मानकी निरंजन बोबोंगा, डुबराज बोबोंगा, बलराम बोबोंगा, मुखिया सुमित्रा बोबोंगा, वार्ड मेंबर सीता बोबोंगा, खिरोवती बोबोंगा, दुलारी देवी, हेमा गुलाबी एक्का, सुरजमुनी लागुरी, बसंत गोप, जयराम गोप, लालमोहन दास, उपेन्द्र लागुरी, बिपीन लागुरी, दानिश, राना बोस, प्रदीप प्रधान, सुरेश प्रजापति, विनीत गोप, शंकर टूटी, मुकेश गोप, रंजीत गागराई, रोशन पान, रसिका लागुरी, रामधन बोबोंगा, बिरसिंह बोबोंगा, रविशचन्द्र बोबोंगा, साधुराय बोबोंगा, राजकुमार पान, रामचन्द्र बोबोंगा आदि उपस्थित थे।

## खैराचातर में गायत्री परिवार का विशेष बैठक व गोष्ठी का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**कसमार** : कसमार प्रखंड अंतर्गत खैराचातर में रविवार को कसमार जरीडीह प्रखंड के गायत्री परिवार का विशेष बैठक व गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता लिपु निवासी चन्द्रकांत महतो व संचालन गिरिवर कुमार महतो व रमेश कुमार महतो ने किया। बैठक व गोष्ठी के दौरान कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान आगामी 15 अक्टूबर को नवरात्रा अनुष्ठान गायत्री प्रज्ञापीठ मंजूरा में करने का निर्णय लिया गया। वहीं 9 दिनों तक जो 23 अक्टूबर नवमी को पूणार्हुति का आयोजन रखा गया है। इस दौरान कसमार प्रखंड गायत्री परिवार के समन्वयक सह सक्रिय कार्यकर्ता गिरिवर कुमार महतो ने कहा कि गायत्री प्रज्ञापीठ के विकास को लेकर साधनात्मक आंदोलन तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मानव में देवत्व का जागरण, धरती पर स्वर्ग अवतारण इसी भावना के साथ गायत्री साधकों के द्वारा अनुष्ठान लिया जाता है। मौके पर सुधीर महतो, सर्वेश्वर दास महतो, गिरिधारी महतो, डॉ. हरिदास महतो, रमेश महतो, भुनेश्वर महतो, कौशल किशोर जायसवाल, मनमोहन तिवारी, उमाचरण महतो, दिनेश करमाली, गीता देवी, पूजा कुमारी, तनुश्री कुमारी, साबित्री देवी, कल्पना देवी, रूबी देवी, तपो देवी, रेखा देवी, प्रीति कुमारी, निरंजन महतो, मनोज महतो, फागु महतो, दयाल महतो, अर्जुन महतो, दिगम्बर महतो, महानंद महतो, दिलीप महतो आदि कई गायत्री परिवार के सक्रिय सदस्य मौजूद थे।

## टाटा स्टील फाउंडेशन ने ओल चिकी अध्ययन केंद्र का किया निरीक्षण



राष्ट्रीय खबर

**चांडिल** : टाटा स्टील फाउंडेशन की और से चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में चल रहे गांगुडीह, घोड़ानेगी, धातकीडीह समेत अन्य आठ ओलचिकी अध्ययन केन्द्र का रविवार को टाटा स्टील फाउंडेशन के सीनियर एसिस्टेंट रामचंद्र टुडू के नेतृत्व में चार सदस्य की टीम ने ओलचिकी अध्ययन केन्द्र का निरीक्षण करने चांडिल के गांगुडीह पुनर्वास पहुंचे। ओल चिकी अध्ययन केन्द्र मांझी पारगाना महाल के निगरानी में संचालित किया जा रहा है। इन ओलचिकी अध्ययन केन्द्र में आदिवासी संथाल बच्चे समेत सभी आयु के लोगो को उनकी मातृभाषा ओलचिकी में पढ़ाई करते हैं। ओलचिकी लिपी की पढ़ाई करने के साथ साथ उनकी संस्कृति, रीति रिवाज, भी सिखाया जाता है। रामचंद्र टुडू ने बताया कि सभी ओलचिकी केन्द्र का निरीक्षण किया गया। अध्ययन केन्द्र में बच्चों को अब तक दी शिक्षा, से संबंधित सवाल पुच्छे गए। न्होने बताया कि टाटा स्टील फाउंडेशन का उद्देश्य है कि जगह जगह ओलचिकी अध्ययन केन्द्र संचालित कर आदिवासीयों को उनके ओल चिकी की पढ़ाई कराने के साथ उनके संस्कृति रीति रिवाज को संरक्षण करने के उद्देश्य से लोगों जागरूक करना है। उन्होने बताया कि झारखंड पं. बंगाल, व असम में रह रहे सभी आदिवासी लोगों को ओलचिकी लिपी में शिक्षा प्रदान कर सके इसके लिए टाटा स्टील फाउंडेशन की और से ओल चिकी मिशन 2025 के तहत सभी जगह केन्द्र चलया जा रहा है। बताया कि आदिवासी लोगों का भाषा संस्कृति रीति रिवाज को बचे इसी उद्देश्य से टाटा स्टील फाउंडेशन की और से ओलचिकी अध्ययन केन्द्र संचालित किया जा रहा है। मौके पर ओल चिकी शिक्षिका अनामा टुकडे अंगिका बिरूवा, लेदेम मार्डी, श्यामल मार्डी, नेपाल बसेरा, अर्जुन टुडू विभूति मार्डी आदि मौजूद थे।

## कुम्हार जाति के सशक्त नेताओं को राजनीति में भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग



राष्ट्रीय खबर

**जैनामोड़** : बांधडीह में स्थित प्रजापति धर्मशाला में झारखंड कुम्हार महासंघ बोकारो जिला ईकाई का सम्मेलन आयोजित किया गया। इस आयोजन के साथ ही जिला कार्यसमिति की गठन भी किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता बोकारो जिला कुम्हार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष चंद्र प्रजापति, संचालन जिला सचिव गुलाब चंद्र प्रजापति ने किया। जिला सम्मेलन के अंतर्गत झारखंड प्रदेश के प्रतिनिधि मंडल भी शामिल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मिट्टी घड़ा कलश में दीपक जलाकर अतिथियों ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से बेरमो विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, मिट्टी कला बोर्ड के पूर्व सदस्य ईश्वर चंद्र प्रजापति, पूर्व अध्यक्ष देवनारायण प्रजापति, रासो देवी, गया देवी, सुचांद प्रजापति, सुभाष चंद्र प्रजापति, पंचम महतो, महेश्वर महतो, हीरालाल महतो व रामलाल महतो ने संयुक्त रूप से उपस्थित थे। मुख्य अतिथि योगेश्वर महतो बाटुल ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कुम्हार जाति की संख्या गिरिडीह, चतरा, कोडरमा और धनबाद में लोकसभा विधानसभा चुनाव के लिए पर्याप्त है। यहां राजनीतिक रूप से भागीदारी सुनिश्चित किया जाए। इसकी मांग सम्मेलन की मंच से की गई। श्री महतो ने कहा कि जातीय संगठन को मजबूत बनाने के लिए एक मंच पर आना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत सरकारी लाभ लेना चाहिए। बहुत जल्द ही झारखंड राज्य सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। बोकारो जिला नवगठित कार्यकारिणी समिति में शेखर प्रजापति अध्यक्ष के साथ- साथ महामंत्री जीवन जगरनाथ महतो, कोषाध्यक्ष हीरालाल प्रजापति को शामिल किया गया। सभी नव गठित सदस्यों को सामुहिक रूप से महासंघ के संयोजक योगेश्वर महतो बाटुल ने शपथ ग्रहण कराया।

## जीउतिया के मौके पर मेला का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**बुढ़मू** : जीउतिया पूजा के अवसर पर बुढ़मू प्रखंड के जमगाई गांव में मेला का आयोजन किया। मेला का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण मुंडा एवं प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू , उप प्रमुख हरदेव साहू, पूर्व उपप्रमुख जगजीवन महतो आदि लोगों ने संयुक्त रूप फीता काट कर किया। मेला में नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आए कलाकारों ने मेला में नृत्य एवं गान प्रस्तुत किया। और मेला देखने आए लोगों को मनोरंजन कराया। मेला को आसपास गांव के काफी संख्या में लोग देखने पहुंचे थे। मेला में मिठाइयां, खिलौने, झूला की दुकान देखी गई । साथ ही लोगों ने मिठाइयां एवं खिलौने की खूब खरीदारी की। मेला के सफल आयोजन में मेला कमेटी के अध्यक्ष सचिन भोगता, उपाध्यक्ष प्रदीप भोगता, सचिव रवींद्र भोक्ता, उप सचिव विकाश भोगता, कोषाध्याय सुरेंद्र भोक्ता, संरक्षक हरि भोक्ता, उपसंरक्षक विक्रम भोक्ता, उमेश, बिरजू, उपेंद्र, अमित, रमेश, संतोष, संजय, प्रेम, रंजीत, संतोष, मुन्नू, निरंजन, रंजीत, कमल भोक्ता समेत ग्रामीणों ने सराहनीय भूमिका निभाया।

**आयोजन** संस्कार भारती ने श्री कृष्ण बाल रूप सज्जा व नृत्य प्रतियोगिता का किया आयोजन

# कृष्ण-राधा का रूप धरे बाल प्रतिभागियों ने सबका मन मोहा

राष्ट्रीय खबर



**बोकारो** : साहित्य व ललित कलाओं की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की बोकारो जिला इकाई द्वारा शनिवार को अपराह्न सेक्टर 5 स्थित श्रीअय्य्पा पब्लिक स्कूल में श्री कृष्ण बाल रूप सज्जा व नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीअय्य्पा पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ एसएस महापात्रा, प्राचार्या पी शैलजा जयकुमार, विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता इंदु शेखर मिश्रा, श्रीअय्य्पा पब्लिक स्कूल की उपाध्यक्ष प्रभा एम नायर, संस्कार भारती के क्षेत्र प्रमुख डॉ संजय कुमार चौधरी, बोकारो जिला इकाई अध्यक्ष अमरजी सिन्हा, मंत्री स्वरूप शेखर पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संस्कार भारती की ओर से मुख्य अतिथि श्री अय्य्पा पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ एसएस महापात्रा, प्राचार्या पी शैलजा जयकुमार को शॉल व तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्कार भारती, बोकारो अध्यक्ष अमरजी सिन्हा, संगीत प्रमुख अरुण पाठक, नृत्य प्रमुख रजनी पाढ़ी, सह मंत्री अर्चना चौधरी द्वारा प्रस्तुत संस्कार भारती के ध्येय गीत साधयति संस्कार भारती, भारते नवजीवनम.. की सुमधुर प्रस्तुति से की। तबले पर राकेश सिंह व हारमोनियम पर बलराम मजुमदार ने अच्छी संगति की। तत्पश्चात श्रीअय्य्पा पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने मनोहारी स्वागत गीत की प्रस्तुति की। कलाकार जीत घोषाल ने बांसुरी वादन प्रस्तुत कर सबकी तालियां बटोरी। संस्कार भारती, बोकारो इकाई की सह मंत्री अर्चना चौधरी के संयोजन में सफलतापूर्वक आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। बालकृष्ण व राधा का रूप धरे प्रतिभागियों ने आकर्षक परिधान व अदायगी से सबका मन मोह लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में अमरजी सिन्हा, डॉ शुभ्रा मुखोपाध्याय व श्रीपर्णा घोष शामिल थीं। मुख्य अतिथि डॉ महापात्रा ने कहा कि संस्कार भारती द्वारा इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में संस्कार भरने का कार्य प्रशंसनीय व अनुकरणीय हैं। संस्कार भारती के मंत्री स्वरूप शेखर पांडेय ने कार्यक्रम में सहयोग के लिए श्री अय्य्पा पब्लिक स्कूल प्रबंधन के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में मंच संचालन संस्कार भारती के कोषाध्यक्ष पीयूष रंजन दाश ने किया। इस अवसर पर श्री अय्य्पा पब्लिक स्कूल की उपप्राचार्या राजलक्ष्मी, संस्कार भारती की प्रांतीय नृत्य प्रमुख अर्चना कुमारी, प्रांतीय चित्रकला सह प्रमुख सरोज मिश्रा, बोकारो इकाई के संगीत प्रमुख अरुण पाठक, बोकारो इकाई चित्रकला प्रभारी नागेंद्र सिंह सहित संगीतज्ञ पं बच्चनजी महाराज, किम्मी कुमारी, रामाशीष सिंह, राजेश चौधरी, आशीष कुमार झा आदि उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### आईटीआई में मनाई गयी मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि



**चांडील:** इनारायण आईटीआई में रविवार को स्वतंत्रता सेनानी जयप्रकाश नारायण एवं साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि मनाई गई एवं उनके तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडे जी ने कहा की प्रेमचंद का जन्म 31 जुलाई 1880 को वाराणसी जिले उत्तर प्रदेश के लमही गाँव में एक कायस्थ परिवार में हुआ था। उनकी माता का नाम आनन्दी देवी तथा पिता का नाम मुंशी अजायबराय था। जो लमही में डाकमुंशी थे। उनका वास्तविक नाम धनपत राय श्रीवास्तव था। प्रेमचंद की आरम्भिक शिक्षा फारसी में हुई। जटाशंकर पांडे ने स्वतंत्रता सेनानी जयप्रकाश नारायण जी के बारे में कहा भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता थे। उन्हें 1970 में इंदिरा गांधी के विरुद्ध विपक्ष का नेतृत्व करने के लिए जाना जाता है। इस अवसर पर वकील निखिल कुमार, अरुण पांडे, शांति राम महतो, पवन महतो, देबकृष्ण महतो, अजय मंडल, कृष्ण पद महतो, गौरव महतो, सिशुमती दास, निमाई मंडल आदि मौजूद थे।

### करमा मिलन समारोह का आयोजन



**बेड़ो:** प्रखंड के बारीडीह पाड़हा मैदान में केंद्रीय पाड़हा संचालन समिति और12 व 21 पड़हा के तत्वाधान में रविवार को करमा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रमेश्वर उरांव, पड़हा संचालन समिति की मुख्य संरक्षक नीलमणि भगत,उपाध्यक्ष राकेश भगत, धनंजय कुमार राय, प्रो सोमरा उरांव,भौआ उरांव ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि करमा, जितिया हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। इसे बचाए रखना हम सभी का दायित्व है। हमारी झारखंड की पहचान झारखंड की संस्कृति से है। इसे हर हाल में बचाये रखना होगा। समारोह में 8,10,12,21व 24 पड़हा राजा और पहान, मुंडा व सांगा अपने 32खोड़हा मंड़ली के ढोल मांदर के साथ परंपरागत वेशभूषा व सांस्कृतिक पहचान के साथ शामिला हुए। कार्यक्रम का संचालन एतवा उरांव ने किया। समारोह को सफल बनाने में सुशांति भगत,बंधना उरांव,घिनु उरांव,पिटर तिर्की,चरवा उरांव, बिनोद उरांव,विशाल उरांव,महादेव मुंडा, बिरुवा खेश,रवि वेक सहित अन्य उपस्थित थे।

### पोड़ाभालकी में खोला गया बंगला स्कूल

**हाता:** रविवार को अपराह्न 11 बजे पोड़ाभालकी गांव में माताजी आश्रम की प्रेरणा और सहयोग से बंगला भाषा शिखाने का स्कूल खोला गया। यह विद्यालय सार्वजनिक हरि मंदिर कमिटी पोड़ाभालकी की ओर से खोला गया। सर्वप्रथम पंडित सुधांशु शेखर मिश्र ने मां सरस्वती की प्रतिकृति पर माल्यार्पण तथा धूप दीप प्रजवलित कर के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुकुल मंडल ने अतिथियों और बांग्ला सीखनेवाले बच्चे को स्वागत किया। कमल कांति घोष ने सरस्वती बन्दना की। इस अबसर सुनील कुमार दे कहा कि हमारे माताजी आश्रम ने बंगला भाषियों को बंगला शिखाने के लिए गांव गाँव में अभियान चला रहा है और प्रसार प्रचार कर रहा हैं। आश्रम की प्रेरणा और सहयोग से गांव गांव में स्कूल खोला जा रहा है। वर्तमान समय मे माताजी आश्रम हाता के अलावे कालिका पुर, खैरपाल, बड़ा भुमरी, रोसुनचोपा, राखा आदि में बंगला स्कूल चल रहा है। बच्चे इसका लाभ उठायें। उसके बाद उपस्थित 27 बच्चें के बीच माताजी आश्रम की ओर से बंगला पुस्तक और मृणाल पाल की ओर से कॉपी और कलम दिया गया। सुनील कुमार दे ने पहला बंगला क्लास लिया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन मृणाल पाल ने किया। प्रति रविवार को नि:शुल्क बंगला शिक्षा दी जायेगी। बंगला क्लास मुकुल मंडल, जयदेव मंडल, रासबिहारी मंडल, सेविका मंडल,दीपेन मंडल लेंगे। इस अबसर पर बलराम गोप, सत्यनाथ मंडल, प्रभात मंडल, नीलकांत मंडल, संभुनाथ मंडल, इंद्रभूषण मंडल के अलावे मोमिता मण्डल, दिशा मण्डल, शिला मंडल, रेशमी मण्डल, मिस्टी मंडल, सरस्वती मंडल, योशोदा मंडल, प्रतिभा मंडल, मोनिषा कर्मकार, शोभा मंडल, पिऊ मंडल, पिंकी मंडल, राज मंडल, बिस्वरूप मंडल, मंगल मण्डल, शिवम मंडल, सुंदरम मंडल, प्रीतम मंडल, अभिजीत मंडल, बीयूटी मंडल, संकित मंडल, राखी मण्डल, पुलमा मंडल, बिल्तु मंडल, ब्रह्मा मंडल, ब्रह्म मंडल, छोटन मंडल वर्षा मण्डल आदि बच्चे उपस्थित थे।

### बंद आवास का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**बोकारो** : चंदनकियारी थाना क्षेत्र के बाईपास चौक में अपराधियों ने राजीव चौधरी के बंद आवास का ताला तोड़कर लाखों की चोरी कर ली। अपराधी अलमीरा व बक्से को तोड़कर एक लाख के गहने के साथ करीब 50 हजार नकद लेकर भाग निकले। घटना की भनक गृहस्वामी को शनिवार की रात को हुई, जब वह अपने पैतृक गांव सिमुलिया से जिउतिया के बाद लौटे। उनके आवास के बाहर में लगा ताला टूटा था, जबकि अंदर में सारे समान बिखरे हुए थे। गृहस्वामी ने बताया कि वे अपने परिवार के साथ जिउतिया के अवसर पर शनिवार की सुबह नौ बजे आवास में ताला जड़कर अपने पैतृक गांव सिमुलिया गए हुए थे। वहां से शाम सात बजे लौटे। तो आवास के मुख्य दरवाजा का ताला टूटा था। घटना को लेकर रात में ही थाना में सूचना दे दी गई है।

### स्थानीय लोगों को मिले शत-प्रतिशत रोजगार: अमरलाल



**कसमार** : कसमार प्रखंड के बगीयारी डीवीसी चौक में रविवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति कसमार, पेटरवार एवं जरीडीह इकाई की बैठक की गयी। अध्यक्षता दुगार्पुर मुखिया सह जेबीकेएसएस सदस्य अमरेश कुमार महतो ने व संचालन सुखदेव राम ने किया। बैठक में मुख्य रूप से भारतमाला फेज टू के तहत बनने वाली वाराणसी कोलकाता एक्सप्रेस-वे ग्रीन पर निर्माण कंपनी एचजी इंफ्राट्रेक्कर लिमिटेड के द्वारा सड़क निर्माण कार्य कराने के लिए भारत सरकार द्वारा संवेदक नियुक्त किया गया है। जिसमें स्थानीय मजदूर, ड्राइवर, मुंशी, सुपरवाइजर इत्यादि कार्यो में शत-प्रतिशत देने की बात कही गयी। इस दौरान अमरेश कुमार महतो ने कहा कि स्थानीय लोगों को शत-प्रतिशत एचजी इंफ्राट्रेक्कर लिमिटेड कंपनी में रोजगार नहीं दी जाती है तो उक्त कंपनी के खिलाफ जन आंदोलन किया जाएगा और कंपनी का सारा का काम बंद कर दिया जायेगा। मौके पर सृष्टीधर महतो, दीपक महतो, रविरंजन कुमार, जयपाल महतो, रामचंद्र मूर्मू, दुर्गा चरण मांझी, सुभाष कुमार महतो, फिरोज अंसारी, मंटु कुमार महतो, अनुज कुमार, रमेश कुमार निशांत कुमार, रूपेश कुमार महतो, मिथलेश कुमार महतो समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## शहर ›› अपडेट

### मंत्री योगेंद्र और पूर्व विधायक से मिले पलिहारी मुखिया

**बेरमो/ललपनिया :** रविवार को मुरुबन्दा स्थित आवास में माननीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो व माननीय पूर्वविधायक बबीता देवी जी से पलिहारी गुरुडीह पंचायत की मुखिया सपना कुमारी एवं गोमिया पंचायत मुखिया बलराम रजक ने भेंट की व अपने अपने पंचायतों में पेयजल की किल्लत को दूर कराने का आग्रह की।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स ››

### सरना धोरोमगाढ़ समिति ट्रस्ट सदस्यों की आवश्यक बैठक संपन्न

**बेरमो/ललपनिया :** गोमिया प्रखंड अंतर्गत कुंदा पंचायत के मुरपा ग्राम स्थित सामुदायिक भवन दुलूटांड़ में हर वर्ष की भांति इसवर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के अवसरपर ललपनिया में होने वाले 2 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महोत्सव की तैयारी को लेकर रविवार को लुगुबुरु पुनाय थान सरना धोरोमगाढ़ समिति ट्रस्ट सदस्यों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। यहां बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र टुडु ने किया। बैठक के उपरांत आगामी कार्तिक पूर्णिमा में शांति पूर्ण पूजा पाठ सम्पन्न कराने को लेकर भव्य तैयारी करने को लेकर चर्चा की गई। कार्तिक पूर्णिमा को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों-सदस्यों को बहुमूल्य योगदान देकर पूजा पाठ कराने तथा अन्य कई विन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। बता दें कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजन समिति लुगूबुरु पुनाय थान सरना धोरोमगाढ़ समिति (ट्रस्ट) सदस्यों के देख रेख में लुगूपर्वत गुफा स्थित पूजास्थल में लुगु आयो की पूजापाठ कार्यक्रम में झारखंड सहित देश-विदेश से हजारों महिला पुरुष-श्राद्धालुगणों की भीड़ उमड़ पड़ती है। श्राद्धालुओ के लिए पूजा-पाठ करने हेतु आयोजन समिति के द्वारा विशेष प्रबंद किया जाता हैं।

## संक्षिप्त ›› अपडेट्स

### रामविलास पासवान की प्रतिमा स्थापित करेगा चौहरमल समिति

**हरिहरगंज :** जिले के साहित्य समाज चौक के समीप मेवा चौधरी मेमोरियल हॉल में रविवार को वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति जिला कार्यकारिणी की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता व संचालन जिला अध्यक्ष संदीप पासवान ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर पलामू सांसद बिडी राम सहित कई अतिथि शामिल हुए। इस दौरान बैठक में संगठन की मजबूती और सामाजिक एकजुटता के लिए सर्वसम्मती से प्रमंडल में सदस्यता अभियान चलाने,संगठन का विस्तार करने,हरिहरगंज भगत तेंदुआ में अर्द्ध निर्मित शिरोमणि वीर बाबा चौहरमल की मंदिर निर्माण कार्य को पूरा कराने और भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री और दलित राजनीति के प्रमुख बड़े नेता स्वर्गीय रामविलास पासवान के आदम कद प्रतिमा स्थापित करने सहित कई निर्णय लिए गए। बैठक की शुरूआत वीर बाबा चौहरमल तथा स्वर्गीय रामविलास पासवान के तेल चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। बैठक में सांसद बीडी राम ने सामाजिक एकजुटता और उत्थान के लिए शिक्षा को जरूरी बताया। उन्होंने कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। जिस पर समिति के पदाधिकारीयों ने सुझाव पर अमल करने का संकल्प लिया। जिला अध्यक्ष संदीप ने कहा कि अपने हक और अधिकार के साथ ही सामाजिक न्याय को लेकर पासवान समाज को एकजुट होना समय की पुकार है। कहां की एकता में ही बोल है संगठन में ही ताकत है। बैठक को पलामू सांसद बीडी राम के आलावा जिला उपाध्यक्ष विनय माझी, ललन पासवान,अशोक पासवान,संजय पासवान,राजेश रोशन,विनय पासवान राकेश कुमार, रघुनाथ पासवान आदि ने भी संबोधित किया।

---

पेयजलापूर्ति योजना

### मंत्री योगेंद्र और पूर्व विधायक बबीता जी के अथक प्रयास बाद

# कोनार नदी से 4 माह में मिलने लगेगा तीन पंचायत को पानी

- ▶▶ पंचायत क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी खुश खबरी है
- ▶▶ नई पेयजलापूर्ति योजना के अंतर्गत घर घर पानी मिलने लगेगा
- ▶▶ 4 करोड़ 50 लाख 78 हजार रुपए की लागत से उक्त पेयजलापूर्ति योजना का निर्माण होगा

राष्ट्रीय खबर



**बेरमो/ललपनिया:** माननीय मंत्री (दर्जा प्राप्त) सह गोमिया के जनप्रिय नेता योगेंद्र प्रसाद महतो व माननीय लोकप्रिय पूर्व विधायक बबीता देवी के अथक प्रयास व पहल केबाद वर्षों से पेयजल किल्लत की मार झेलरहे पलिहारी गुरुडीह गोमिया व ससबेड़ा पूर्वी पंचायत क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी खुश खबरी है।

उक्त पंचायतों को अतिशीघ्र लगभग 3 से 4 माह में कोनार नदी से नई पेयजलापूर्ति योजना के अंतर्गत घर घर पानी मिलने लगेगा।

यहां मंत्री योगेन्द्र प्रसाद महतो के द्वारा जनता की मांग के अनुरूप इस वर्ष 21 मार्च को झारखंड राज्यके माननीय मुख्यमंत्री जी को उक्त पंचायतों में डीएमएफटी से कोनार नदी से नई पेयजलापूर्ति योजना के निर्माण का आग्रह करने के आलोक में माननीय मुख्य मंत्री द्वारा उपायुक्त बोकारो को संबंधित पत्र मेंही निर्देशित किए जाने केबाद टेंडर बहुत जल्द होने जा रहा है।पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल द्वारा तैयार प्राक्कलित राशि 4करोड़ 50 लाख 78 हजार रुपए की लागत से उक्त पेयजलापूर्ति योजना का निर्माण



होगा। योजना के धरातल पर उतरते ही उक्त तीनों पंचायतों में वर्षों से पानी की समस्या का अंततः समाधान हो जाएगा। मंत्री जी के अथक प्रयास एवं पहल के बाद जब उक्त पेयजलापूर्ति योजना के निर्माण के लिए जिला स्तर से प्रक्रियाएं शुरू हुई तो, कतिपय कारणों से प्रक्रिया शिथिल हो गई थी।

---

### तीन दिवसीय हड़ताल को लेकर संयुक्त मोर्चा ने की पीट मीटिंग



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी :** कोयला उद्योग में तीन दिवसीय हड़ताल को लेकर संयुक्त मोर्चा के श्रमिक संगठन के नेताओं द्वारा गिद्दी सी कोलियरी में पीट मीटिंग की गयी। जिसकी अध्यक्षता मिथिलेश सिंह ने किया और संचालन जन्मजय सिंह के द्वारा किया गया। सभी वक्ताओं ने अविलंब सितंबर माह का मजदूरों का वेतन भुगतान करने, सरकार से अविलंब डीपीई में छूट देने ताकि मजदूरों का सितंबर माह का वेतन एनसीडव्ल्यूए 11 के अनुसार वेतन का भुगतान किया जा सके। उक्त ल पीट मीटिंग को कन्हैया सिंह, बैजनाथ मिस्त्री, अरुण कुमार सिंह, धनेश्वर तुरी, गुड्डु यादव, अवधेश उपाध्याय, कमरुद्दीन खान, जगदीश चंद्र बेदिया, मधुसूदन सिंह, परशुराम चौधरी, सुनील सिंह, जवाहर यादव, विजय कुमार, सलीम शहजादा आदि लोगों ने संबोधित किया। इस अवसर पर गिद्दी सी के तमाम मजदूर उपस्थित थे।

---

### पेंशनर कल्याण समाज की बैठक में पेंशन पुनरीक्षण पर की गई चर्चा



राष्ट्रीय खबर

**गोला :** झारखंड पेंशनर कल्याण समाज गोला प्रखंड की बैठक एसएस प्लस टू हाई स्कूल गोला परिसर में प्रखंड अध्यक्ष दुःख हरण चंद्र पोद्दार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पेंशनर समाज के प्रतिनिधियों ने पेंशन पुनरीक्षण का कार्य सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया गोला शाखा में किए जाने पर सेंट्रल बैंक के कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि कई पेंशनरों का पुनरीक्षण का कार्य बाकी है। अगले बैठक में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया गोला शाखा के मैनेजर पेंशनरों के साथ मौजूद होंगे और कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे। इस कारण समाज के सभी सदस्यों से बैठक में शामिल होने की अपील की गई है। बैठक में रामस्वरूप लाल खन्ना, नरेश चंद्र पोद्दार, बाल गोविंद राम करमाली, यूसुफ मियां, पारस नाथ बेदिया, भगतु नाया, रामचंद्र राम, मनोहर उपाध्याय, श्रीकांत महतो, नेली सोरेन, चंद्रमोहन बेदिया, विभूतिनाथ मौजूद थे।

---

### श्री श्री दुर्गा पूजा समिति का लहिया में हुआ गठन



**बेरमो /ऊपरघाट :** नावाडीह प्रखंड के नारायणपुर पंचायत के ग्राम लहिया दुर्गा मंडप के प्रागंण मे रविवार को श्री दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमे सभी ग्रामीणों के आपसी सहमति से यह निर्णय लिया गया की दुर्गा पूजा के आठवीं रात मे झारखण्डी संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा साथ ही प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा मनाया जायेगा साथ ही पूजा समिति का अध्यक्ष - टेकनरायण महतो, सचिव - गोपाल महतो एवं कोषाध्यक्ष - मास्टर जागेश्वर महतो को बनाया गया। वंही सभी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मास्टर जागेश्वर ने कहा की दुर्गा पूजा को आपसी सौहार्द कायम करते हुए मनाना है साथ ही शराब का सेवन बिल्कुल भी नही करना है। अगर कोई भी व्यक्ति शराब पी कर हुड़दूंगी करता है तो हमलोग उसे पकड़ कर प्रसाशन के हवाले करने का काम करेंगे मौके पर उपस्थित बैजनाथ महतो,भीम महतो,अनिल शर्मा,सुरेश डॉक्टर,कामेश्वर महतो ,अजय महतो,लखन महतो,हेमलाल महतो,बिनोद महतो,निर्मल महतो,चोलेशर महतो,लोकनाथ महतो,प्रेमचंद महतो,शंकर महतो,जीवाधन महतो, टेकलाल महतो,बालचंद महतो,पूरण महतो,रेवतलाल महतो,नारायण महतो, पप्पु महतो एवं समस्त ग्रामीण उपस्थित थे ।

### कंप्यूटर संस्थान में साक्षात्कार का किया गया आयोजन



**महेशपुर :** स्थानीय कंप्यूटर संस्थान आइडियल इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर एंड टेक्नोलॉजी की महेशपुर शाखा में शिक्षक शिक्षिका साक्षात्कार का आयोजन किया गया। जिसमें 40 अभ्यर्थी शामिल हुए जो इसी संस्था के पाकुर, महेशपुर, पाकुड़िया, अमरापाड़ा, ब्रांच के छात्र छात्राएं रह चुके हैं तथा उन्होंने अपना कंप्यूटर का कोर्स पूरा किया है । साक्षात्कार में लिखित एवं मौखिक दोनों प्रश्न पूछे गए । लिखित में कंप्यूटर, समान्य ज्ञान तथा गणित के प्रश्न पूछे गए। संस्था के निर्देशक रूपेश कुमार साहा तथा महेशपुर ब्रांच के केंद्र इन चार्ज अब्दुल वाहिद के द्वारा अभ्यर्थियों का मौखिक साक्षात्कार लिया गया। मौके पर अरसद अंसारी, गौरव कुमार सिंह, कृष्णा, प्रीति, आसमां, आदि शिक्षक मौजूद थे तथा साक्षात्कार को मिल जुलकर पूर्ण किया।

### सांसद रविंद्र ने मेडिकल कॉलेज से पास हुई छात्रा डा.शालू अग्रवाल को किया सम्मानित

**बेरमो :** फुसरो नगर परिषद् के शास्त्री नगर निवासी शंकर अग्रवाल एवं माता श्रीमती रीना अग्रवाल के सुपुत्री मेडिकल कॉलेज से उत्तीण हुई हैं। सुश्री डा. शालू अग्रवाल को सोलहवीं लोकसभा सांसद रवींद्र कुमार पांडेय ने शास्त्री नगर पहुँच कर अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर उज्जवल भविष्य के शुभकामनाओ के साथ आशीर्वाद दिया।

---

### उत्क्रमित उच्च विद्यालय की कबड्डी टीम बनी स्टेट चैम्पियन



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी :** झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड शिक्षा परियोजना रांची के द्वारा खेलगांव स्थित हरिवंश राय टाना भगत इंडोर स्टेडियम में 03अक्टूबर से 06अक्टूबर तक चले स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया खेलो झारखंड खेलो के झारखंड राज्य स्तरीय अंडर-14 बालक कबड्डी प्रतियोगिता 2023 का स्टेट चैम्पियन का खिताब उत्क्रमित उच्चविद्यालय भुरकुंडा डाड़ी की टीम द्वारा कब्जा जमा लिया गया है।ज्ञात हो कि उक्त प्रतियोगिता राज्य के सभी 264 प्रखण्डों में खेली गई थी और प्रखंड के विजेता को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिला था।

जिला के विजेता को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिला था। उत्क्रमित उच्च विद्यालय भुरकुंडा, डाड़ी पहले डाड़ी प्रखंड स्तरीय अंडर 14 बालक वर्ग में चैम्पियन बना, फिर 11 सितम्बर को हजारीबाग जिला स्तरीय टूर्नामेंट में जिला चैम्पियन बनने का सौभाग्य मिला था। तत्पश्चात उत्क्रमित उच्च विद्यालय भुरकुंडा डाड़ी को हजारीबाग जिला का प्रतिनिधित्व करते हुए,उसे स्टेट चैम्पियन बनने का गौरव हासिल हुआ। उत्क्रमित उच्च विद्यालय भुरकुंडा की टीम ने इस प्रतियोगिता के पहले चरण में कोडरमा जिला को 59-18 से, प्री क्वार्टर फाइनल मैच में दुमका जिला को 54-26 से,क्वार्टर फाइनल मैच में पूर्वी सिंहभूम जिला को 48-13 से , सेमीफाइनल मैच में चतरा जिला को कड़े संघर्ष में 43-35 से तथा फाइनल मैच में बोकारो जिला को 58-32 स्कोर से पराजित कर स्टेट चैम्पियन बनने का गौरव पाया। स्टेट चैम्पियन बनने पर इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि धीरसेन सोरेंग राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी झारखंड शिक्षापरियोजना रांची के द्वारा विजयी टीम को खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मैडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के टीम कोच सुरेन्द्र कुमार और टीम मैनेजर उमेश कुमार के कुशल निर्देशन में जिला मुख्यालय के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से निकल कर विद्यालय के इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुरेश प्रजापति ने विद्यालय के होनहार खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले रऋृऋक खेल के लिये और कड़ी मेहनत और अभ्यास करने के लिये प्रोत्साहित किया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बाबूराम मांझी ने भी बच्चों को अपनी ओर से बधाई दी। विद्यालय के बच्चों की इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्यालय के शिक्षक इंद्रनाथ ठाकुर, उपेन्द्र ठाकुर, बृहस्पति कुमार माझी, सुशांत कुमार, शिवशंकर शर्मा, शशिकांत, शिक्षिका कहकशां परवीन सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई दी है।

---

करगली में 12 से 14 अक्टूबर की

### तीन दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने को लेकर बनी रणनीति



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो:** करगली गेट स्थित राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के कार्यालय में संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा बीएंडके क्षेत्र के साथियों की बैठक इंटक नेता श्यामल कुमार सरकार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कोयला उद्योग की वर्तमान स्थिति एवं 12 से 14 अक्टूबर की तीन दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि क्षेत्र की सभी परियोजना एवं कार्य स्थल मे 09 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक तीनों पाली,एवम सामान्य पाली में नारेबाजी कर हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया जायेगा। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी ट्रेड यूनियन के सभी ब्रांच अध्यक्ष एवं सचिव पहल कर इसे सफल बनाएंगे। कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए क्षेत्र के पदाधिकारी। करगली क्षेत्र के लिए श्यामल कुमार सरकार, गजेन्द्र प्रसाद सिंह, रामनिहोरा सिंह, भोला नाथ, मनोज पासवान, पंकज महतो, प्रताप सिंह, सुशील सिंह, मनोज मंडल आदि। बोकारो कोलियरी के लिए विरेन्द्र कुमार सिंह, विनय पाठक, गणेश महतो, रघुवीर रॉय आदि। खास महल व कोनार के लिए टिनू सिंह (ओमप्रकाश सिंह), दिलीप मारिक, सुरेश शर्मा, विजय कुमार भोई आदि। 10 अक्टूबर को बीएंडके महाप्रबंधक कार्यालय में प्रदर्शन कर मांगपत्र दिया जायेगा। सभी यूनियन के साथी अपने अपने झंडे के साथ 11 बजे करगली गेट दुर्गा मंडप के पास ज्यादा से ज्यादा संख्या में समय पर उपस्थित होकर एकजुटता का परिचय दे। 11 अक्टूबर को करगली गेट स्थित राकोमयू कार्यालय में बैठक होगी।बैठक में विरेन्द्र कुमार सिंह, टीनू सिंह, दिलीप मारिक, विजय कुमार भोई, गजेंद्र प्रसाद सिंह, सुशील सिंह ,विनय पाठक, गणेश महतो, आफताब आलम, सुरेश शर्मा, रामनिहोरा सिंह, सुरेश कुमार, शिव शंकर तांती, श्यामनारायण सतनामी, मनोज मंडल, भोला नाथ, नंदकिशोर सिंह, तारकेश्वर चक्रवर्ती, भजन घोष आदि मौजूद थे।

---

घटना

### बेरमो : 29 सितंबर से थी लापता, ठीक नहीं थी मानसिक स्थिति

# नावाडीह में वृद्ध महिला का क्षत-विक्षत शव मिला

- ▶▶ पिछले 29 सितंबर से घर से गायब थी
- ▶▶ 8 अक्टूबर को सुबह खबर मिली कि एक महिला का शव मिला है

राष्ट्रीय खबर



**बेरमो :** नावाडीह प्रखंड के भलमारा पंचायत अंतर्गत बिरनी गांव के निकट जमुनिया गढ़ा जंगल में 8 अक्टूबर की सुबह एक वृद्ध महिला का क्षत-विक्षत शव मिला। शव की पहचान नावाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत परसबनी पंचायत के कंचनपुर निवासी स्व दुलाल महतो की पत्नी बिलसी देवी के रूप में हुई है। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी महावीर पंडित दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए हैं। वहीं सूचना मिलने पर उत्पाद मंत्री सह डुमरी विधायक बेबी देवी भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

मृतका के पुत्र रामशंकर, पुत्री मीना देवी, पुतोह गीता देवी आदि ने पुलिस को बताया कि पिता के निधन के बाद मां की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह पिछले 29 सितंबर से घर से गायब थी। परिवार वालों ने रिश्तदारों के अलावा आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन की, मगर कोई जानकारी नहीं मिली। 8 अक्टूबर को सुबह खबर मिली कि एक महिला का शव मिला है। तब वे घटनास्थल पर पहुंचे और शव की पहचान की। मौके पर मंत्री के अलावा प्रमुख पूनम देवी, लोकेश्वर प्रसाद महतो, जयलाल महतो, मुखिया देवेंद्र कुमार महतो, हरेंद्र महतो, धानेश्वर महतो खेलू महतो, मुकेश महतो, राकेश महतो सहित अन्य लोग उक्त स्थल पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाया।

---

### मंत्री योगेंद्र महतो ने किया विधुत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो/ललपनिया:** रविवार को माननीय मंत्री (दर्जा प्राप्त) योगेन्द्र प्रसाद महतो ललपनिया पंचायत अन्तर्गत अइयर ग्राम के अम्बा टोला पहुंच ट्रांसफॉर्मर का विधिवत फीता काटकर व नारियल फोड़कर उदघाटन किया।जिसके बाद ग्रामीणों के घरों में बाधित बिजली आपूर्ति सुचारू हो गई। बिजली आपूर्ति शुरू होते ही आम ग्रामीणों ने मंत्री जी का भारी प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान ग्रामीणों माननीय मंत्री श्री महतो के जिंदाबाद के जोरदार नारे लगाए। इस दौरान माननीय मंत्री जी ने ग्रामीणों से मुलाकात भीकी और हाल चाल लेते हुए समस्याओं को सुना व निष्पादन का भरोसा दिया।मौके पर ग्रामीणों ने माननीय मंत्री जी का फूल माला से जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। मौके पर अनिल हांसदा, मेराज अंसारी, जलील अंसारी, कमरुद्दीन अंसारी, नईम अंसारी, शरीफ अंसारी, सुगन साव, सुखलाल साव, फारूक अंसारी, ऐनुल अंसारी, हदीश अंसारी, शंकर साव,रकीब अंसारी,देवचंद मुर्मू,उमेश साव, हजरत अंसारी सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

संपादकीय

# राजनीति की दिशा मोड़ सकता है मनीष सिसोदिया मामला

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय को शराब नीति घोटाला मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को शराब लॉबी से जोड़ने वाले सबूतों की एक अटूट श्रृंखला स्थापित करनी है। पीठ का नेतृत्व करने वाले न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. को संबोधित किया। राजू, ईडी की ओर से पेश हुए। उन्होंने कहा, आपको एक श्रृंखला स्थापित करनी होगी। पैसा शराब लॉबी से व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। हम जानते हैं कि श्रृंखला स्थापित करना मुश्किल है क्योंकि सब कुछ गुप्त रूप से किया जाता है लेकिन यहीं आपकी क्षमता निहित है। अदालत ने कहा कि मामले में आरोपी से सरकारी गवाह बने कारोबारी दिनेश अरोड़ा के बयान के अलावा श्री सिसौदिया के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि एक विशेष लॉबी के दबाव के बाद पैसा कमाने के लिए नीति में बदलाव किया जा सकता है लेकिन धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधान केवल अपराध की आय, इस मामले में रिश्वत, दिए जाने या भुगतान किए जाने के बाद ही लागू होंगे।



अदालत ने पूछा कि क्या श्री सिसौदिया से सक्रिय रूप से जुड़ने का कोई सबूत या संकेत है, जिसका प्रतिनिधित्व वरिष्ठ अधिवक्ता ए.एम. ने किया। सिंघवी, कथित मनी लॉन्ड्रिंग गतिविधियों के साथ। न्यायमूर्ति खन्ना ने श्री राजू से कहा, आपको यह दिखाना होगा कि वह व्यक्ति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपराध की आय से सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। श्री राजू ने कहा कि श्री सिसौदिया ने ऐसी नीति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसके कारण रिश्वत दी गई। कानून अधिकारी ने कहा, उसे पॉलिसी की अनुमति नहीं देनी चाहिए थी। पीएमएलए की धारा 3 [मनी लॉन्ड्रिंग का अपराध] के तहत धन का सृजन कोई अपराध नहीं है। आपको दिखाना चाहिए कि वह वास्तव में इससे जुड़ी प्रक्रिया या गतिविधि में शामिल था। यह पीठ श्री सिसौदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही है। शराब उत्पाद शुल्क नीति मामले में वह फरवरी 2023 से हिरासत में हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मई में सीबीआई की आपत्ति से सहमत होने के बाद श्री सिसौदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया था कि वह एक प्रभावशाली व्यक्ति थे जो प्रभावित करने के लिए अपनी शक्ति का उपयोग कर सकते हैं गवाह और मामले को पटरी से उतार देते हैं। इसी तरह, श्री सिसौदिया भी जुलाई में उत्पाद शुल्क नीति मामले के संबंध में उनके खिलाफ लगाए गए मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में जमानत लेने में विफल रहे थे। उन्हें अब समाप्त कर दी गई नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार के लिए 26 फरवरी को सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किया गया था। मार्च में, ट्रायल कोर्ट ने श्री सिसौदिया की जमानत याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि वह प्रथम दृष्टया कथित घोटाले के वास्तुकार थे और उन्होंने लगभग 10 करोड़ रुपये की अग्रिम रिश्वत के कथित भुगतान से संबंधित आपराधिक साजिश में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 100 करोड़ उनके और दिल्ली सरकार के उनके सहयोगियों के लिए थे। अब अदालत की टिप्पणी के बाद जिस धारा में मनीष सिसोदिया गिरफ्तार हैं, उसमें अब तक जांच पर जो सवाल उठ रहे हैं, वे भारतीय राजनीति की दिशा को ही बदल सकते हैं। आम आदमी पार्टी अपने नेताओं की गिरफ्तारी को राजनीतिक बदला बता रही है। दूसरी तरफ कुछ टीवी चैनलों तथा भाजपा के नेताओं द्वारा लगातार यह प्रचार किया जा रहा है कि भ्रष्टाचार हुआ है। अदालत ने जिस तरफ इशारा किया है, उसका साफ निष्कर्ष है कि पैसा कहां से आया और कहां गया के बीच अभियुक्त किस जगह पर खड़ा है। वैसे तो यह कानून, देश के दूसरे कानूनों से अलग है और इसमें अभियुक्त को भी अपने बेगुनाह होना साबित करना पड़ता है। इतने दिनों की जांच के बाद भी पैसे की कड़ी का साबित नहीं होना ही इस मामले को राजनीतिक रंग प्रदान कर रहा है। साउथ लॉबी ने पैसा दिया और कथित तौर पर इस पैसे को गोवा के चुनाव में खर्च किया गया। इसके बीच कहीं से यह साक्ष्य तो सामने आना ही चाहिए कि पैसा वाकई दिया गया है। सिर्फ अनुमान के आधार पर कानून यह स्वीकार नहीं कर सकता कि वाकई ऐसा हुआ है। आप के सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद भी कुछ ऐसा ही प्रचार किया जा रहा है जबकि उनके एक करीबी ने ईडी को साफ कह दिया है कि उनकी जानकारी में ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। जाहिर है कि अगर सुप्रीम कोर्ट में यह मामला वाकई गिर जाता है तो उसकी क्रमिक प्रतिक्रियाएं होंगी। वैसे भी पूर्व में टूजी और थ्री घोटाला में केंद्रीय मंत्री के जेल जाने के बाद पता चला कि आरोप लगाने वाले सीएजी प्रमुख विनोद राय क्या निकले, यह सबके सामने है। तय है कि अगर ईडी पैसे के लेनदेन को प्रमाणित नहीं कर पायी तो इसका सीधा नुकसान भाजपा को होना है।

# भारत के सख्ती से नरम पड़े कनाडाई पीएम ट्रूडो

भारत के कठोर रवैये को देख कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अब आसमान से जमीन पर आ गए हैं। जस्टिन ट्रूडो ने मंगलवार को कहा कि उनका देश भारत के साथ विवाद नहीं बढ़ाना चाहता । वह नई दिल्ली के साथ जिम्मेदारीपूर्वक और रचनात्मक तरीके से जुड़ा रहना चाहता है। ट्रूडो ने कहा कि हम कनाडा के परिवारों की मदद के लिए भारत में मौजूदगी चाहते हैं। इससे पहले भारत ने कनाडा के 41 राजनयिकों को देश छोड़ने को कहा है कनाडा के भारत में 62 राजनयिक मौजूद हैं। भारत ने कहा है कि कनाडा के राजनयिकों की कुल संख्या 41 तक कम की जानी चाहिए। भारत ने स्पष्ट कहा है कि दस अक्तूबर के बाद भी अगर ये राजनयिक भारत में रहते हैं तो इनकी राजनयिक छूट भी खत्म कर दी जाएगी।

दरअस्ल कनाड़ा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भारत पर आरोप तो लगा गए , पर आरोप लगाते उम्मीद नही होगी कि भारत इसे इतनी गंभीरता से लेगा।जस्टिन ट्रूडो ने बिना कोई सबूत के भारत की खुफिया एजेंसी पर कनाडा में ऑपरेशन करने का आरोप लगाने से भारत गुस्से में है। कनाडा में मौजूद भारत के वीजा एप्लिकेशन सेंटर ने गुरुवार को कनाडा के लोगों के लिए वीजा सेवाएं सस्पेंड कर दीं।भारत ने कनाडा में रहने वाले भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर दी है।यह भी सूचना है कि भारत कनेड़ा स्थित दूतावास में अपने कर्मचारी कम करने जा रहा है। इस पूरे विवाद के पीछे खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या है। कनाड़ा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का आरोप है कि हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में कनेडा में तैनात रहे एक भारतीय राजनयिक का हाथ है।भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरंदिम बागची ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि कनाडा में हमारे डिप्लोमैटिक यूनिट को धमकियां मिल रही हैं। वे अपना काम नहीं कर पा रहे हैं। यही वजह है कि वीजा सर्विसेज सस्पेंड की गई हैं।



**अशोक मधुप**
वरिष्ठ पत्रकार

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा- हमें काफी समय से पता है कि पाकिस्तान आतंकवाद का मददगार है और उन्हें पैसे भी देता है। वहीं, कनाडा आतंकियों को रहने और उनके मंसूबों को अंजाम देने की जगह दे रहा है।हमने कनाडा को बता दिया है कि भारत को भगोड़े अपराधियों को कानूनी प्रक्रिया के तहत भारत लाया जाएगा और इंटरनेशनल लॉ के तहत यह मेंडेटरी है।

दूसरी तरफ बुधवार को खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कनाडा में रह रहे हिंदुओं को देश छोड़ने की धमकी दी थी। इस पर कनाडाई हिंदुओं ने जस्टिन ट्रूडो सरकार को चिट्ठी लिखी है। चिट्ठी में पन्नू के बयानों पर चिंता जताई गई है और उसे हेट क्राइम घोषित करने की अपील की गई है।कनाडाई हिंदू संगठन 'हिंदू फोरम कनाडा' ने मिनिस्टर ऑफ पब्लिक सेफ्टी डोमिनिक लेब्लेन को ये खत लिखा। हिंदू संगठन ने अपने पत्र में कहा- पन्नू ने अपनी और अपने खालिस्तानी सहयोगियों के विचारों को स्पष्ट रूप से रखा है। वे ऐसे लोगों को टारगेट करना चाहते हैं, जो उनकी विचारधारा से सहमत नहीं हैं। कनाडा सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए।खत में ये भी पूछा गया है कि क्या पन्नू के इस बयान को अभी भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के रूप में लिया जाएगा।

प्रधानमंत्री ट्रूडो ने कहा- कनाडा में रहने वाले भारतीय मूल के सिखों की बड़ी आबादी इस हत्या को लेकर गुस्से से भरी है। कई सिख अपनी सुरक्षा को लेकर डर में हैं। देश में करीब 18 लाख भारतीय मूल के नागरिक हैं, जिनमें से कई सिख हैं।

कनाडा की विपक्षी पार्टी न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के लीडर जगमीत सिंह सिख समुदाय से हैं। उधर भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा- कनाडा के सभी आरोप बेतुके हैं। तरह के निराधार आरोप खालिस्तानी आतंकवादियों और चरमपंथियों से ध्यान हटाने की कोशिश है। इन्हें कनाडा में पनाह दी गई है और ये भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा हैं।कनाडा के भारतवंशियों का कहना है कि ट्रूडो का आरोप हास्यास्पद है। एक साल के दौरान कनाडा में भारत विरोधी 15 घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें नौ सभाएं, खालिस्तान के समर्थन में दो जनमत संग्रह और चार मंदिरों पर हमले शामिल हैं। ट्रूडो सरकार ने एक भी मामले में कोई गिरफ्तारी को अंजाम नहीं दिया है। ब्रैम्पटन के अक्षय गर्ग और ओंटारियो में इटोबिकोक के अश्विनी शर्मा का कहना है कि यहां पर भारत विरोधी घटनाओं के बाकायदा वीडियो पुलिस को सौंपे जाते हैं, लेकिन पुलिस को कोई आरोपी नहीं मिलता। कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, लेकिन खालिस्तानी निज्जर की हत्या के तीन महीने के भीतर ही कनाडा को बड़े सुराग हासिल हो गए... ये कैसे हुआ।

उधर एनआईए ने 40 आतंकियों की लिस्ट जारी की थी, उसमें भी निज्जर का नाम था। ब्रैंपटन शहर में खालिस्तान के हक में रेफरेंडम करवाने में भी उसकी भूमिका थी। निज्जर के खिलाफ पुलिस ने 23 जनवरी, 2015 को एक लुकआउट नोटिस और 14 मार्च, 2016 को एक रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था।इसमें उसके प्रत्यर्पण की मांग की गई थी। निज्जर के खिलाफ 10 लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था।कनाडा में रहते हुए निज्जर प्रतिबंधित खालिस्तान समर्थक संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू के करीब आया। पन्नू और निज्जर की निकटता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि निज्जर की हत्या के बाद से ही पन्नू तिलमिलाया हुआ है और कनाडा में भारत के खिलाफ और खालिस्तान के समर्थन में जनमत संग्रह करवाने का दावा कर रहा है।

कनाडा और भारत के तनाव के बीच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 11 गैंगस्टरों-आतंकियों की फोटो समेत लिस्ट जारी की है। जो भारत में क्राइम करने के बाद कनाडा में शरण ले रहे हैं। इस लिस्ट में पहला नाम पंजाब के शहूर सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या करवाने वाले गैंगस्टर गोल्डी बराड़ का है। इसके बाद दूसरे नंबर पर जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई है। खालिस्तान टाइगर फोर्स का कमांडर हरदीप सिंह निज्जर, की 18 जून को रात 8.30 बजे कनाडा में हत्या कर दी गई। सरे शहर में एक गुरुद्वारे के बाहर बाइक से आए दो लोगों ने उसे गोली मार दी। छह मई को इसी तरह पाकिस्तान में खालिस्तान समर्थक परमजीत सिंह पंजवड़ को गोली मारी गई थी।दोनों की हत्या क्यों की गई, इसकी जांच चल रही है, लेकिन निज्जर के मामले पर नजर रख रही खुफिया एजेंसियों को शक है कि खालिस्तान समर्थक संगठन आपस में भिड़ रहे हैं। ये हत्याएं इसी का नतीजा है। कनाडा को दूसरे पंजाब की संज्ञा दी जा सकती है।

# संत और कंजूस सेठ

प्रेरक- प्रसंग

एक संत थे अमर नाथ जी वे हमेशा प्रभु ईश्वर के गुणगान में लगे रहतें थे और लोगो को भी बुराइयों को त्यागकर ईश्वर भक्ति में लीन होने की उपदेश दिया करतें थे।

लोग उनके उपदेश को सुना करते थे उनसे प्रेरणा लिया करते और इस तरह उनकी भक्तों की संख्या दीन प्रतिदिन बढ़ती गयी।उनकी भक्ति का गुणगान सुनकर एक सेठ, संत अमरनाथ जी से मिलने पहुंचे। वह सेठ बहुत ही धनी था, उसके लिए पैसा ही सब कुछ था, उस सेठ के लिए पैसे की अलावा सब कुछ बेकार था। पैसे के लिए वह कुछ भी कर गुजरने को तैयार था जैसे झूट बोलना, लड़ाई झगड़ा करना, छल करना आदि।



सेठ को संत अमरनाथ का सांत स्वभाव को देखकर सेठ को बहुत आश्चर्य हुआ, उसने संत से पूछा की आप की आप इतना सांत और निश्छलता के साथ कैसे रहते हो, आपको कभी पैसे का लालच नहीं होता, आप अपने इस आनंद मय जीवन का राज कृपा कर मुझे भी बताएं।

संत अमरनाथ जी ने कहा की ये सब बात को छोड़िये, मै आपको एक राज की बात बताता हूँ, आपकी एक सप्ताह बाद मृत्यु हो जाएगी। यह बात सुनकर बेचारे सेठ के दिल दिमाग में सन्नाटा छा गया, सेठ भय से ब्याकुल हो गए। मृत्यु को समीप जानकार उनका सारी वासनाये लालच सब समाप्त हो गयी। उन्हें अपने जीवन के सब झूट, छल, कपट याद आने लगें और उन्हें अपने आप से घृणा होने लगी। वह उखड़े मन से घर की ओर लौटे उनका बर्ताव पूरा बदला-बदला सा था कोई कुछ बात करता तो सेठ भी प्रेमपूर्वक बात कर लेता। ............जारी।

नज़रिया

# इलाज नहीं मौत दे रहे अस्पताल!

महाराष्ट्र के सरकारी अस्पतालों में मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब नांदेड़ के बाद नागपुर से हैरान करने वाली खबर सामने आई है।नांदेड़ में 5 अक्टूबर को भी मौत का सिलसिला जारी रहा और 14 और मरीजों की मौत हो गई इस तरह यह आंकड़ा 51 मौत तक पहुंच गया। जबकि नागपुर के सरकारी अस्पताल में 24 घंटे में 25 मरीजों की मौत हो गई है। ये मौते यहां के दो अलग-अलग सरकारी अस्पतालों में हुई हैं। नांदेड़ के जिस शंकरराव अस्पताल में सबसे ज्यादा मौत हो गई है वहां 2 अक्टूबर को 24 तीन अक्टूबर को 6 चार अक्टूबर को 7 और 5 अक्टूबर को 14 मौत हुई है। यह तादाद दिल दहलाने वाली है। वही नागपुर के दो अस्पतालों में भी दो दिन में 25 मौत बता रही है कि कहीं कुछ गड़बड़ है। अस्पताल बच्चों व दूसरे मरीजों की बीमारी को लेकर गंभीर नहीं हैं वरना इतना बड़ा तादाद में सामान्य बीमारी में मौत नहीं होती।



**मनोज कुमार अग्रवाल**
पत्रकार

**यह तादाद दिल दहलाने वाली है। वही नागपुर के दो अस्पतालों में भी दो दिन में 25 मौत बता रही है कि कहीं कुछ गड़बड़ है। अस्पताल बच्चों व दूसरे मरीजों की बीमारी को लेकर गंभीर नहीं हैं ।**

इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है कि लोग किसी बीमारी या आपात अवस्था में इलाज और जान बचाने की भूख में अस्पताल का रुख करें, लेकिन वहां एक तरह से मौत बंट रही हो ! महाराष्ट्र में नांदेड़ के एक सरकारी अस्पताल में बीते दो दिनों में जैसा मंजर सामने आया, वह अपने आप में यह बताने के लिए काफी है कि जहां मरीजों की जान बचाना सबसे बड़ा दायित्व होना चाहिए, वहां लापरवाही का आलम एक त्रासदी खड़ी कर रहा है।

गौरतलब है कि नांदेड़ के सरकारी अस्पताल में इक्यावन लोगों की मौत हो गई, जिनमें बड़ी संख्या में बच्चे शामिल हैं । एक ओर एक-एक करके मरीजों की जान जाती रही और दूसरी ओर अस्पताल प्रशासन की लापरवाही कायम रही । जिस स्थिति पर अस्पताल प्रशासन को जवाब देना चाहिए, उस पर यह अफसोसनाक प्रतिक्रिया आई कि वहां न दवाइयों की कमी है, न डाक्टरों की। सटीक इलाज के बावजूद मरीजों पर कोई असर नहीं हुआ। बच्चों मौत के मामले में एक तरह से रटा-रटाया जवाब पेश किया गया कि उनकी स्थिति पहले से ही बेहद कमजोर थी और उनका वजन कम था। हालात का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि नांदेड़ के बाद नागपुर के भी एक सरकारी अस्पताल में चौबीस घंटों में कई लोगों के मरने की खबर आई।

महाराष्ट्र के नांदेड के शंकरराव चह्वाण शासकीय मेडिकल कालेज एवं अस्पताल के डीन डा.श्यामराव वाकोडे एवं एक डाक्टर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। यह प्राथमिकी उक्त अस्पताल में 30 सितंबर से एक अक्टूबर बीच 24 मरीजों की मौत के मामले में मृतकों के स्वजनों की ओर से दर्ज कराई गई है।इस अस्पताल में 48 घंटों में 35 से अधिक मरीजों की मौत हुई थी।जबकि अब यह आंकड़ा काफी बढ़ गया है।

सवाल है कि इतनी बड़ी तादाद में मरीजों की मौत को क्या स्वाभाविक घटना मान लिया जाए? अगर किसी अस्पताल में दो दिनों के भीतर इतनी संख्या में लोगों की मौत होती है तो क्या यह किसी अव्यवस्था और लापरवाही का नतीजा नहीं है? जब मामले ने तूल पकड़ लिया तब सरकार की ओर से इसकी जांच कराने की बात कही गई है। लेकिन क्या यह राज्य में इस तरह की कोई पहली घटना है? ज्यादा दिन नहीं हुए जब महाराष्ट्र केही ठाणे जिले के एक अस्पताल में अड़तालीस घंटे में अठारह लोगों की मौत हो गई थी। आखिर सबक लेने के लिए कितनी घटनाओं की जरूरत होती है? इस तरह की हर घटना के बाद यह सफाई दी जाती है कि मरीज की बीमारी गंभीर अवस्था में पहुंच गई थी। नांदेड़ के जिस अस्पताल में मरीजों के मरने की घटना सामने आई है, करीब अस्सी किलोमीटर के दायरे में एकमात्र सरकारी अस्पताल है और वहां दूर-दूर से मरीज इलाज के लिए आते हैं। अगर मरीजों की संख्या बढ़ जाती है तो दवा और अन्य संसाधनों के मामले में समस्या खड़ी हो जाती है। तपेदिक के मरीजों को अपने स्तर ही दवा खरीद कर खाने के लिए कहा जाता है। सवाल है कि ऐसी स्थिति में किसकी जिम्मेदारी तय की जाएगी? महाराष्ट्र की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को अपेक्षया बेहतर स्थिति में माना जाता रहा है। लेकिन विपक्षी दल आरोप लगाते हैं कि पिछले एक साल से स्थिति तेजी से बिगड़ती गई है और आज स्वास्थ्य विभाग सबसे उपेक्षित महकमों में गिना जाता है ।

जानकारी

# जंतर मंतर वेधशाला.



यह वेधशाला 18 वीं शताब्दी में महाराजा जय सिंह प्रथम द्वारा बनाई गई थी। जंतर मंतर वेधशाला में अंतरिक्ष में खगोलीय पिंडों का निरीक्षण करने के लिए उपयोग किए जाने वाले कुछ सबसे पुराने तरीके और उपकरण हैं। लोग इन ज्योतिषीय निकायों के आंदोलनों और इतिहास के बारे में जानेंगे। परिसर में .प्रसिद्ध प्रिंस ऑफ डायल भी शामिल है जो दैनिक समय की भविष्यवाणी करने के लिए एक विशाल धूपघड़ी है।चूंकि जयसिंह द्वितीय ने स्वयं इस बात का उल्लेख किया है कि उसने सम्राट मुहम्मद शाह के आदेश से इन उपकरणों का निर्माण करवाया था जो सन् 1719 में राजसिंहासन पर बैठा था और उसे गवर्नर की उपाधि दी थी। सय्यद अहमद खान द्वारा निर्धारित काल वास्तविकता के नजदीक प्रतीत होता है। ईंट की रोड़ी से निर्मित और चूने का पलस्तर चढ़े इन उपकरणों की बार-बार मरम्मत की गई लेकिन बड़े पैमाने पर इसमें परिवर्तन नहीं किया गया।

# Xiaomi स्मार्टफोन खरीदना हुआ आसान



नई दिल्ली : Xiaomi लगातार अपने प्रोडक्ट लाइनअप में विस्तार करते हुए ग्राहकों के लिए कुछ न कुछ नया लाता रहता है। शाओमी भारत में अपने किफायती और मिड रेंज स्मार्टफोन के चलते काफी लोकप्रिय है। अब Xiaò ने भारत में "Xiaomi Easy Finance" नाम से एक नया प्रोग्राम पेश किया है। एऋ के साथ ग्राहक तुरंत और आसान डिजिटल लोन अप्रूवल पा सकते हैं और कई प्रकार के फाइनेंशियल ऑप्शन का लाभ उठा सकते हैं। यहां हम आपको शाओमी इजी फाइनेंस के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

**Xiaomi Easy Finance: भारत में Xiaomi स्मार्टफोन खरीदने का किफायती तरीका**

Xiaomi Easy Finance या EF Xiaomi Ind द्वारा शुरू किया गया एक डिजिटल लोन प्रोग्राम है। यह भारतीय यूजर्स के लिए फ्री स्मार्टफोन की खरीदारी को ज्यादा आसान बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह प्रोग्राम डिजिटल फाइनेंशियल सर्विस प्रोवाइडर Axio और सिक्योरिटी एक्सपर्ट ट्रस्टोनिक के साथ साझेदारी में तैयार हुआ है। EF स्कीम फिलहाल ट्र होम्स, Mi स्टूडियोज, Mi स्टोर्स, Mi प्रेफर्ड पार्टनर्स, रीजनल रिटेल चेन और ऑथोराइज्ड Xiaomi आउटलेट्स पर उपलब्ध है।

ग्राहकों को लोन के लिए अपने केवाईसी दस्तावेज और पैन कार्ड डिटेल्स जमा करनी होगी। लोन एप्लिकेशन प्रोसेस डिजिटल और पेपरलेस है और ग्राहक तुरंत लोन अप्रूवल पा सकते हैं। एक बार लोन मिल जाने के बाद ग्राहक किसी भी Xiaò स्मार्टफोन को नो-कॉस्ट ईएमआई ऑप्शन पर खरीद सकते हैं। Xiaomi ने कहा है कि एऋ स्कीम स्मार्टफोन खरीदारी को ज्यादा किफायती और ज्यादा ग्राहकों की पहुंच तक लाने के लिए डिजाइन की गई है।


साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट

"वह प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सुनील जाखड़, शिरोमणि अकाली दल(शिअद) अध्यक्ष सुखबीर सिह बादल, कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष अमरिंदर राजा वड़िंग समेत सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को पंजाब और इससे जुड़े मुद्दों पर मीडिया के समक्ष लाई डिवेट करने की खुली चुनौती देते हैं।"

**भगवंत मान**
पंजाब के मुख्यमंत्री





"इंडस्ट्री ने काफी बदलाव आया है,जिसे हम आसानी से महसूस कर सकते हैं। मुझे एक अच्छी कहानी चाहिए बस। जब मैं कहानी सुनूं तो उस रोल में अपनी कल्पना कर पाऊं।"

**काजोल**
बॉलीवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

## दुनिया में न हिन्दू सुरक्षित है और न हिन्दू मन्दिर!

सदियों से हिन्दुओ के साथ अन्याय होता आ रहा है।यह कोई नई बात नही है। इसका कारण हिन्दू सहिष्णुता धारण किये हुए है। हिन्दू धर्मावलम्बी धर्म के नाम पर और पूजा अर्चना की इस विशिष्ट परम्परा को कायम रखने के लिए सहनशीलता का परिचय दे रहे है। देश की आजादी के पूर्व पाकिस्तान में भारत से पलायन कर गए हिन्दुओ की आबादी 22 प्रतिशत थी।लेकिन आज पाकिस्तान में दो प्रतिशत ही हिन्दू बचे है।इनको या तो मार दिया गया या इनका धर्म परिवर्तन कराकर मुस्लिम बना दिया गया।कंट्टरपंथियो का शिकार हिन्दू पाकिस्तान में आज भी है।पाकिस्तान हर हिन्दू के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है।भारत मे दो धर्मो की दास्तान की मिसालें दी जाती थी।लेकिन पाकिस्तान ने धर्म के नाम पर जहर घोलकर भारत मे अमन चैन पर ग्रहण लगा रहा है। हिन्दू पाकिस्तान में सुरक्षित नही है।अफगान में एक प्रतिशत भी हिन्दू नही है। बांग्लादेश में हिन्दू की आबादी है तो वहां पर हिन्दू और हिन्दू मन्दिरो पर हमले किये जा रहे है। हिन्दुओ की दुर्गा पूजा के लिए एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। भारत में भी हिन्दूओ अत्याचार बढ़ते जा रहे है।भारत मे हिन्दू बच्चियों को बहाल फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराकर शादी रचने की कारस्तानी धड़ल्ले से चल रही है।मुस्लिम समाज की हमदर्दी बनती आ रही कांग्रेस ने समाज के विकास के लिए कुछ नही किया।कांग्रेस ने इनको झांसा देकर सदियों से इनकी भावना से खेलती रही है। मूलभूत सुविधाओ से वंचित रखने वाली कांग्रेस ने हमेशा तुष्टिकरण पर राजनीति की और करती आ रही है।भारत मे मुसलमान अमनपरस्त है।मक्का मदीना पर आस्था रखने वाला मुस्लिम दुनिया से ज्यादा भारत मे सुरक्षित है। इसका कारण यह है कि हिन्दू सहिष्णु है। यूरोपीय देश भी हिन्दुओ को सहिष्णु का दर्जा दिया है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## प्रदेश >> अपडेट

### रेडीमेड दुकान का विधायक की मां ने किया उद्घाटन

**बेरमो:** फुसरो बाजार मेन रोड सांवरिया फैशन नामक रेडीमेड दुकान का विधायक की मा रानी सिंह ने फीता काटकर किया। हालांकि उद्घाटन बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह को करना था, परन्तु वे आवश्यक कार्य के चलते नही पहुँच सके। उद्घाटन के बाद विधायक की मां श्रीमती सिंह ने कहा कि फुसरो बाजार भी अब तेजी से विकसित हो रहा है। उन्होंने दुकान संचालक को तरक्की की शुभकामनाएं दी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### एबीवीपी के कार्यकर्ता विशाल ने किया 14 वा रक्तदान

**पाकुड़ :** सत्य सनातन संस्था के आह्वान पर अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के कार्यकर्ता व शिवपुरी कॉलोनी निवासी विशाल भगत ने 32 वर्षीय महिला शिला कुमारी को रक्तदान कर जान बचाई है।संस्था के संरक्षक सह अभिभावक ओम प्रकाश साह ने बताया कि पाकुड़ सदर के गोकुलपुर निवासी शीला कुमारी जिनका अचानक तबियत खराब हो गया इनको इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहा चिकित्सकों ने रक्त की कमी बताई और रक्त चढ़ाने की सलाह दिया, रक्त के लिए मरीज के परिजन ने संस्था से संपर्क किया ,संस्था ने रक्त के लिए विधार्थी परिषद के कार्यकर्ता विशाल से संपर्क किया ,विशाल ने रक्त की महत्व को समझते हुए बिना समय गवाए पुराना सदर अस्पताल पहुंच कर अपना रक्तदान किया , रक्तदाता विशाल का यह 14 वा रक्तदान है ।रक्त मिलने के बाद मरीज के परिजन ने रक्तदाता और संस्था धन्यवाद दिया ,मौके पर संस्था के सदस्य सत्यम भगत कर्मचारी नवीन कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### ननबैंकिंग कंपनी में लोगों का जमा पैसा भुगतान के लिए होगी बड़ी कोशिश: विजय सिंह

**गुमला :** झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच द्वारा गुमला कचहरी स्थित हड़ताली वृक्ष के पास पीड़ित मंच की सदस्य उर्मिला देवी की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक संपन्न हुई । बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि ननबैंकिंग कंपनी में लोगों का जमा पैसा भुगतान कराने के लिए बड़ी कोशिश की जा रही है, जिसके तहत ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच का गठन झारखंड स्तर पर किया गया है। श्री सिंह ने केंद्र व राज्य सरकार से विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में जमा पैसा शुद् सहित लोगों को जल्द भुगतान कराने की मांग की है। श्री सिंह ने 7 नवंबर 2023 को रांची के राजभवन के समक्ष पैसे भुगतान की मांग को लेकर जन पुकार सभा में रांची चलने की भी अपील पीड़ित लोगों से की है। बैठक में आगामी और इस मामले को लेकर अंतिम बैठक 15 अक्टूबर 2023 को गुमला कचहरी परिसर में करने तथा 7 नवंबर 2023 को रांची के राजभवन के समक्ष आयोजित जन पुकार सभा में गुमला जिला से भी सैकड़ो की संख्या में लोगों से भाग लेने के अलावे कई निर्णय लिए गए हैं। बैठक में झारखंड नवनिर्माण दल के नेताओं के अलावा ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच के सदस्य संजय कुजूर, सुखदेव सिंह, गोविंद उरांव, ललन साहू, बेसन लोहरा, सुनील यादव, फेकन बड़ाइक, सुमन तिर्की, मनी उराँव, बसंती देवी, कमला देवी, मालती देवी के अलावे काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

---

**मुठभेड़** सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ दाखिल की गयी प्रोटेस्ट पिटीशन

# निष्पक्ष गवाह, वैज्ञानिक साक्ष्य और फोटोग्राफिक एविडेंस को नकारा

- सीबीआई ने बकोरिया मुठभेड़ कांड को सही माना है
- मुठभेड़ में मारे गये 10 व्यक्तियों, जिनमें कुछ कम उम्र के भी बच्चे थे



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र स्थित बकोरिया में 8 जून 2015 को बहुचर्चित कथित पुलिस-नक्सली के बीच मुठभेड़ हुई थी। सीबीआई ने इस चर्चित बकोरिया मुठभेड़ केस में क्लोजर रिपोर्ट दे दी थी। बीते 27 अगस्त को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने सीबीआई द्वारा दाखिल की गयी क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार किया था। सीबीआई ने बकोरिया मुठभेड़ कांड को सही माना है। फॉरेंसिक रिपोर्ट में आये तथ्यों के आधार पर मुठभेड़ को सीबीआई ने सही माना है, जिसके बाद मुठभेड़ में मारे गये उदय यादव के पिता जवाहर यादव ने बीते 30 अगस्त को सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ प्रोटेस्ट पिटीशन दाखिल की थी।इन तथ्यों के आधार पर सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ दाखिल की गयी प्रोटेस्ट पिटीशन।

जब बकोरिया मुठभेड़ कांड के वादी पुलिस निरीक्षक मोहम्मद रुस्तम एवं तथाकथित मुठभेड़ में शामिल दिखाये गये झारखंड पुलिस के कर्मियों द्वारा मुठभेड़ में शामिल नहीं होने की बात सीबीआई को बताई गई, तब भी किस परिस्थिति में इस मुठभेड़ कांड को सही माना गया।

जब मुठभेड़ में मारे गये 10 व्यक्तियों, जिनमें कुछ कम उम्र के भी बच्चे थे, जिनके खिलाफ जांच में सीबीआई को उनके नक्सली होने का कोई दस्तावेजी साक्ष्य उपलब्ध नहीं हुआ, तो किस परिस्थिति में उन्हें नक्सली मान लिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, जब कई मृतकों के शरीर पर नजदीक से सटाकर गोली मारे जाने तथा कई मृतकों के शरीर पर मृत्यु के पूर्व पिटाई किये जाने का प्रमाण था, तो किस परिस्थिति में सीबीआई द्वारा उपरोक्त महत्वपूर्ण साक्ष्य को नजरअंदाज किया गया। जब सीबीआई द्वारा अपने अंतिम प्रपत्र में इस कांड की जांच के दौरान स्वयं कई प्रकार की त्रुटियों को उजागर किया गया,तो किस परिस्थिति में सीबीआई द्वारा दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ किसी प्रकार की कानूनी व प्रशासनिक कार्रवाई नहीं की गयी। किस परिस्थिति में सीबीआई द्वारा अनुसंधान के दौरान घटना में शामिल सीआरपीएफ के पदाधिकारियों और कर्मियों को घटनास्थल पर लाकर घटनाक्रम को रीक्रिएट नहीं किया गया। सीबीआई जानबूझकर उन्हें घटनास्थल पर नहीं लायी, क्योंकि उसे मालूम था कि वह घटनास्थल पर आयेंगे तो उनके झूठ का स्वयं पदार्फाश हो जायेगा। जब यह जगजाहिर है, कि यह घटना जेजेएमपी के उग्रवादियों द्वारा कतिपय सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस के पदाधिकारियों की मिलीभगत से की गयी, तो किस परिस्थिति में किसी भी जेजेमपी उग्रवादी को इस कांड के क्रम में ना तो गिरफ्तार किया गया ना ही उनसे पूछताछ भी की गयी। इतने गंभीर कांड में किस परिस्थिति में किसी भी व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं की गयी और ना ही किसी व्यक्ति की किसी प्रकार की फॉरेंसिक जांच भी करायी गयी। जब झारखंड पुलिस के कई पदाधिकारियों द्वारा खुद की फॉरेंसिक जांच कराये जाने की सहमति दी गयी थी, तो किस परिस्थिति में उनकी फॉरेंसिक जांच नहीं करायी गयी। सीबीआई भली-भांति जानती थी कि उपरोक्त पदाधिकारी सच बोल रहे हैं, और उनकी फॉरेंसिक जांच कराये जाने से उनकी सच्चाई का अतिरिक्त सत्यापन हो जायेगा और सीबीआई इस कांड के अभियुक्तों को नहीं बचा पायेगी।

## न्यूज फटाफट

### भवन निर्माण विभाग के संवेदकों ने की बैठक



**मेदिनीनगर :** पलामू क्लब के प्रांगण में रविवार को भवन निर्माण विभाग के संवेदको ने आपस में बैठक किया।बैठक की अध्यक्षता अमन कुमार एवं संचालन केसरी सिंह ने किया।भवन निर्माण के सभी संवेदको ने एक साथ जुट होकर सहमति जताते हुए यह निर्णय लिए की आपस में हम लोग मिल बैठकर विभाग से तालमेल बना कर हम लोग एक सिस्टम में कार्य करेंगे।ताकि कार्य की गुणवत्ता बरकरार रहे ताकि कोई सभ्यता का नुकसान ना हो इसके लिए कमेटी बनाई गई।मौके पर केसरी सिंह ,रणधीर पाठक,बबलू सिंह ,अविनाश जयसवाल,रमेश चौधरी,गुंजन सिंह,रविंद्र तिवारी,विजय चंद्रवंशी,रिंकू तिवारी,मोहम्मद इमरान ,राजू जायसवाल उपाथिति रहे।

### ग्रामीणों ने श्रमदान कर सड़क के गड्ढों की मरम्मत



**पलामू :** जिले के पिपरा प्रखंड (सरैया पंचायत) अंतर्गत पिठौरा गांव और आस पास के हजारों लोग बारिश के कारण टूटे रास्ते में बड़े बड़े गड्ढे की वजह से परेशान थे। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने जब मुखिया प्रियंका कुमारी को दी तो मुखिया ने सार्थक पहल करते हुए ग्रामीणों को सड़क मरम्मती के लिए प्रेरित किया। इस दौरान इलाके के वरीय समाजसेवी विकास तिवारी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पिठौरा गांव के भऊलाहा आहार के बांध पर जर्जर और गड्ढों में तब्दील सड़क की मरम्मती कर चलने लायक बनाया। इस कार्य में स्वयं मुखिया और समाजसेवी विकास तिवारी ने हाथों में कुदाल ले श्रमदान किया। उन्होंने बताया कि रास्ते में गड्ढे बन जाने से एक तरफ छोटी बड़ी सभी तरह के वाहनों का आवागमन बंद गया था वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों को पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा था। जबकि सड़क में बने गड्ढों के कारण दर्जन भर गांवों का संपर्क पिपरा प्रखंड से टूट गया था। इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि सभी लोग महीने में अगर एक दिन भी श्रमदान कर दें तो कोई भी मुश्किल काम आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग अगर जागरुक होकर सामने आ जाएं तो सिर्फ सड़क की स्थिति ही नहीं वल्कि क्षेत्र का दशा और दिशा भी बदल जाएगी।मौके पर समाजसेवी प्रफुल पाठक,दिनेश सिंह,प्रिंस कुमार,सुधीर सिंह मलखान,शिव सागर सिंह,नीतीश कुमार भंटूल करण समेत कई ग्रामीण शामिल थे।

## माध्यमिक शिक्षक संघ ने किया जिला स्तरीय सम्मेलन



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** जिला स्कूल के प्रांगण में झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ का जिला स्तरीय स्वागत सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अधिवेशन में संगठन को मजबूत बनाने तथा शिक्षकों से जुड़े समस्याओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पुर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष सह वरीय समाजसेवी मनोज कुमार सिंह उपस्थित थे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मनोज सिंह ने कहा कि शिक्षक अपने आप में विशिष्ट होतें है जिनके सानिध्य में प्रलय तथा निर्माण पलते हैं इसलिए अब सरकारी शिक्षकों पर ये महत्ती जिम्मेवारी है कि समाज में सरकारी शिक्षा के प्रति लोगों मे व्याप्त धारणा को बदलें। इस सम्मेलन में संघ के अध्यक्ष सतीश दुबे, उपाध्यक्ष साकेत शुक्ला, सचिव आलोक तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष भीम कुमार सहित सैकड़ों के संख्या में शिक्षक उपस्थित थे। सामाजिक कार्यकर्ता सिंटू सिंह, संतोष शुक्ला,उतम सिंह रजनीश सिंह राहुल मिश्रा अनुभव सहित अन्य उपस्थित थे।

## रोटी बैंक ने बच्चों के बीच किया पौष्टिक आहार व वस्त्र का वितरण



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** प्रत्येक रविवार को शहर से निकलकर इंडियन रोटी बैंक सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में सेवादारी कर रही है। इसका प्रमाण दिखा सदर प्रखंड के भूसड़िया स्थित परहिया टोला में। जहां इंडियन रोटी बैंक के राष्ट्रीय उप-प्रभारी दीपक तिवारी के निर्देशन में प्रदेश संयोजक साहेब सिंह नामधारी के नेतृत्व में बच्चों के बीच पौष्टिक आहार एवं वस्त्र का वितरण किया। साथ ही जीवन जीने की शैली सुधारने एवं शिक्षा को बढ़ावा देने पर बल दिया। सेवादारी का उपनाम बन चुके दीपक तिवारी ने बताया कि छुट्टी के दिन परिवारिक जीवन जीने वाले परिवार के साथ, समाजिक जीवन जीने वाले समाज में, एवं सेवादारों के लिए सेवा करने में आनंद मिलता है। इसी वजह से इंडियन रोटी बैंक हरेक रविवार को शहर से दूर ग्रामीण इलाकों में पिछड़े बस्तीयों में पहुंच कर असहाय, बुजुर्ग, जरूरतमंदों के बीच समय बिताती है। जो अनवरत जारी रही है और रहेगी। मौके पर आईआरबी स्टेट कॉर्डिनेटर साहेब सिंह नामधारी ने कहा कि इंडियन रोटी बैंक का सपना, भूखा ना सोए कोई अपना, ये अरमान जगाती है सेवादारी की। जिसको मूर्त रूप देने में इंडियन रोटी बैंक की झारखंड ईकाई जुटी है। साथ ही बताया कि भोजन की बबार्दी नहीं हो इसके लिए भी इंडियन रोटी बैंक की टीम मुहिम चला रही है।

## खेल मैदान नदी की धारा में गायब होने की कगार पर



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** तरहसी प्रखंड अंतर्गत ग्राम सिलदीलिया कला के उत्कृष्ट खिलाड़ियों के बीच खेल किट का वितरण किया गया। जिसमें फुटबॉल,ड्रेस,ग्लप्स आदि का वितरण प्रखंड तरहसी के नवनिर्वाचित सिद्धों-कान्हू युवा खेल क्लब के सचिव कपिलदेव कुमार सिंह द्वारा किया गया। जिसमें बताया कि इस गांव (सिलदीलिया कला) एवं प्रखंड तरहसी के बालक और बालिकाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है,चाहे वह फुटबॉल,कबड्डी,खो खो, बैडमिंटन,क्रिकेट,एथलेटिक्स,गोला फेक एवं विभिन्न प्रकार के खेलों से प्रखंड तरहसी के युवाओं में प्रतिभा की किसी भी प्रकार की कमी नहीं है।कमी है तो सिर्फ उपकरणों , मूलभूत सुविधाओं का। प्रखंड सचिव द्वारा बताया गया कि प्रखंड तरहसी के ग्राम पंचायत सोनपुरा के ग्राम सिलदीलिया कला के जमुना नदी के किनारे वीर शहीद पोटो हो मैदान का निर्माण 2020-21 में निमार्णा कराया गया था। जिसमें सरकार की महत्वाकांक्षी योजना की शुरूआत हुई थी। उस समय पलामू प्रमंडल में सबसे पहला निर्माण किया गया था और प्रखंड के बीचो -बीच में यह खेल मैदान स्थित है ।यहां प्रत्येक वर्ष विभिन्न प्रकार के पंचायत स्तरीय एंव प्रखंड स्तरीय मैच का आयोजन किया जाता है यह खेल मैदान नदी के किनारे होने से ग्राउंड का धीरे-धीरे कटाव होते जा रहा है। इस पर इस गांव पंचायत के खिलाड़ियों,युवाओं,सामाजिक कार्यकताओं ने गार्डवाल निर्माण हेतू जनप्रतिनिधियों को अनेकों बार आवेदन के माध्यम से एवं मौखिक रूप से भी कई बार अवगत कराया गया है, किंतु गार्डवाल के निर्माण की प्रक्रिया पूर्ण नही हुई है।इस संदर्भ में विधाक द्वारा सराहनीय कार्य करते हुए जे ई द्वारा इसकी मापी कराई गई, किन्तु आगे का निर्माण कार्य पूर्ण नही हो पाया है। जबकि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं द्वारा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, लेकिन मैदान के कटाव से खिलाड़ियों,युवाओं एंव सामाजिक कार्यकताओं में भविष्य को लेकर काफी चिंतित तथा असहज महसूस कर रहे है। विधायक,जिला प्रशासन से अनुरोध है कि इस गंभीर समस्या को लेकर इसपर उचित करवाई की जाय जिससे इस प्रखंड के युवाओं को आगे बढ़ने में सहुलियत हो सकें और अपने प्रखंड,जिला, राज्य का नाम रौशन कर सके। मौके पर आदर्श कुमार,रंजन कुमार सिंह,रोविंस कुमार,बाबुवीर कुमार,अंदुल कुमार,गौतम कुमार,बब्लू कुमार,ऋषिकांत कुमार,नंदलाल कुमार,नंदीप कुमार, कामाख्या कुमार,जयप्रकाश नारायण प्रजापति,भरत कुमार,सोनू शर्मा,जयचीन कुमार,दीपक चंद्रवंशी,पंकज मेहता, जयकरन कुमार,मनोज कुमार पासवान एवं अन्य गणमान्य लोग,सामाजिक कार्यकर्ता खिलाड़ी गण उपस्थित थे।

## सड़क निर्माण कार्य के लिये सांसद व विधायक का किया अभिनंदन



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** हिंदुस्तानी आवाम पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक प्रत्याशी राजेंद्र चौधरी निषाद ने एक प्रेस बयान जारी कर अपने बयान में कहा है कि हिंदुस्तान के तमाम सम्मानित नेता गण सरकारी पदाधिकारी एवं सम्मानित मीडिया अधिकारी सभी आम नागरिक को मैं अपने पार्टी की ओर से हार्दिक स्वागत के साथ हार्दिक अभिनंदन पेश करता हूं। चौधरी ने अपने बयान में कहा है कि हम लोगों ने पिछले कई वर्षों से नावा मेन रोड से पांडू सिवान तक रोड निर्माण कार्य की लड़ाई लड़ते आया हूं लेकिन दिनांक 30 9 2023 को सांसद एवं विधायक के द्वारा इस कार्य को शिलान्यास कर इस लड़ाई की समाप्त कर दी गई है इस रोड निर्माण कार्य कराने के लिए राज सरकार एवं केंद्र से भी लड़ाई लड़ी गई है आज मैं केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार को इस कार्य के लिए तहे दिल से धन्यवाद देता हूं अभिवादन करते हुए सांसद एवं विधायक को भी धन्यवाद देता हूं जो इस कार्य को आप लोगों ने पूरा किया। सोहदाग खुर्द से कुंभी खुर्द तक 3 किलोमीटर रोड निर्माण कार्य के लिए सोहदाग खुर्द पंचायत के मुखिया एवं उनके प्रतिनिधि द्वारा निर्माण कार्य के लिए ज्ञापन सौंप कर आग्रह किया गया है । सोहदाग खुर्द से लेकर कुंभी खुर्द तक जब रोड निर्माण कार्य का काम अपने पंचायती कार्यकाल तक भी अगर शिलान्यास होता है तो उस दिन पूरे पंचायत के ओर से आप लोगों को भी हार्दिक स्वागत के साथ हार्दिक बधाई एवं धन्यवाद तहेदिल से करेंगे ।नावा मेन रोड से पांडु सिवान तक का सिला न्यास हुआ है ।इसमें मीडिया के पदाधिकारी का भी अहम रोल रहा है प्रिंट मीडिया ओं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सोशल मीडिया के माध्यम से इस निर्माण कार्य में आप लोगों की लड़ाई अहम भूमिका रहा है ।

**समारोह** स्टेशन प्रबंधक,पाकुड़ कार्यालय के समक्ष

# रेलवे कर्मचारियों ने मनाया अभिनंदन समारोह

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** स्टेशन प्रबंधक,पाकुड़ कार्यालय के समक्ष रेलवे कर्मचारियों ने एक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। इस समारोह के माध्यम से महाप्रबंधक, पूर्व रेलवे, कोलकाता अमर प्रकाश द्विवेदी एवं तत्कालीन मंडल रेल प्रबंधक हावड़ा मनीष कुमार जैन का आभार प्रकट करते हुए ईस्टर्न रेलवे मेन्स यूनियन पाकुड़ शाखा के शाखा अध्यक्ष कामरेड अखिलेश कुमार चौबे एवं अपने शाखा सचिव कामरेड संजय कुमार ओझा के प्रति कृतज्ञता जताते हुए उनका माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।



ज्ञात हो कि यह अभिनंदन समारोह 03470 डाउन तीनपहाड़ वर्धमान पैसेंजर का गुमानी में प्रस्थान समय 3 बजे की जगह 4:15 करने की खुशी में आयोजित किया गया था एवं इस अवसर पर रेलवे कर्मचारियों ने मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया गया। अपने संबोधन में ट्रैकमैन कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि हम सभी गुमानी,कोटलपोखर, तिलभीटा में काम करने वाले कर्मचारी मालदा वर्धमान पैसेंजर बंद होने के बाद से अपनी ड्यूटी के बाद पाकुड़ लौटने के लिए काफी परेशान थे क्योंकि शाम 4:00 बजे के बाद कोई गाड़ी लौटने के लिए नहीं थी इससे इंजीनियरिंग विभाग, ऑपरेटिंग विभाग, सिग्नल एवं टेलीकॉम विभाग एवं विद्युत विभाग के कर्मचारियों के लिए काफी राहत की बात हुई है। हम सभी रेल कर्मचारीगण अपने शाखा नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए उनके जुझारू प्रवृत्ति का स्वागत करते हैं तथा अभिनंदन करते हैं। उन्होंने आश्वस्त किया था कि या तो मालदा पैसेंजर चलेगी अथवा तीनपहाड़ पैसेंजर का समय परिवर्तन अवश्य करवाएंगे ऐसे तो ईस्टर्न रेलवे मेन्स यूनियन पाकुड़ शाखा हम सभी रेल कर्मचारियों की समस्या का प्रति काफी संवेदनशील रहती है और हमारा भरोसा लगातार कायम है और रहेगा।

इस क्रम में दया शंकर प्रसाद, सूरज कुमार, गौतम यादव, संतोष कुमार, राजीव कुमार आदि ने अपने शब्दों में संगठन के नेतृत्व का हार्दिक आभार व्यक्त किया। शाखा अध्यक्ष अखिलेश कुमार चौबे ने बताया कि विगत एक वर्ष से हम सभी लगातार महाप्रबंधक, पूर्व रेलवे, कोलकाता एवं मंडल रेलवे प्रबंधक, हावड़ा के साथ पत्राचार के साथ-साथ कार्यालय में भी मिलकर इस समस्या को विस्तार पूर्वक समझाने का काम करते रहे और हमें खुशी है कि हम अपने कर्मचारियों की इस विकट समस्या का समाधान कर सके। उन्होंने महाप्रबंधक पूर्व रेलवे एवं तत्कालीन मंडल रेल प्रबंधक हावड़ा के प्रति आभार व्यक्त किया। ईस्टर्न रेलवे मेन्स यूनियन के शाखा सचिव संजय कुमार ओझा ने बताया कि इस प्रकार का अभिनंदन समारोह का आयोजन इस बात का प्रतीक है कि पाकुड़ शाखा के प्रति आम रेलवे कर्मचारियों का विश्वास मजबूत हुआ है और हमें इस बात का संतोष है कि हमारा प्रयास रंग लाया। किसी ने खूब कहा है कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। उन्होंने भी महाप्रबंधक एवं तत्कालीन मंडल रेल प्रबंधक को धन्यवाद दिया।

## पुलिस ने छापेमारी कर अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त



राष्ट्रीय खबर

**हरिहरगंज :** छत्तरपुर सर्किल इंस्पेक्टर वीर सिंह मुंडा के नेतृत्व में रविवार को पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पिपरा थाना क्षेत्र के दलपतपुर पंचायत अंतर्गत कुंवर बांध में चल रहे एक अवैध शराब निर्माण की भट्ठी को ध्वस्त किया गया। शराब माफिया मिट्टी की दीवार और झोपड़ी बनाकर व्यापक पैमाने पर शराब का निर्माण कर रहे थें। स्थल पर शराब बनाने के लिए प्लास्टिक के कई ड्राम में महुआ, गुड़ तथा पानी डाला हुआ पाया गया। जबकि महुआ और गुड़ बोरे में पैक कर भी रखा गया था। इस संबंध में थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि छापेमारी के बाद 6 ड्राम जावा महुआ सहित शराब बनाने के उपकरणों को जब्त कर मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। हालांकि पुलिस के आने की भनक लगते ही धंधेबाज फरार हो गये। बावजूद पुलिस इस धंधे में संलिप्त लोगों को चिन्हित कर अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है। छापेमारी अभियान में एएसआई सुरेन्द्र सिंह, संजय मिंज सहित आईआरबी के कई जवान शामिल थे।

## शहर >> अपडेट

### हत्या के फरार आरोपी के घर पुलिस ने साटा इश्तेहार

**कुडू:** हत्या के मामले में फरार चल रहे नामजद अरोपी के विरुद्ध कुडू थाना पुलिस ने उसके घर जाकर इश्तेहार चिपकाया। जानकारी के मुताबिक कुडू थाना में दर्ज हत्या के मामले 163/2022 भादवि की धारा 302 में फरार चल रहे रोचों गांव निवासी सुनीत उरांव पिता घाना उरांव के विरुद्ध कुडू थाना प्रभारी बिश्वजीत कुमार सिंह, अनुसंधान कर्ता जोशफिना हेम्ब्रम पुलिस बल के साथ उसके मकान पर जा कर इश्तेहार चिपकाया। थाना प्रभारी ने बताया कि इसके बाद भी आरोपी हाजिर नहीं होता है तो कुर्की जब्ती के लिए प्रक्रिया की जाएगी।

## सिटी अपडेट्स >>

### नाबालिक केअपहरण के 30 घंटे बाद भी सुराग नहीं

**बालूमाथ :** बालूमाथ पुराना कस्तूरबा विद्यालय के समीप से शनिवार को 15 वर्षीय रेश्मा प्रवीण काल्पनिक नाम नाबालिक युवती का अपहरण के 30 घंटे बाद भी सुराग नहीं मिला। जिससे युवती के परिजनों एवं उसके समर्थकों द्वारा बालूमाथ को सड़क जाम किया। जिससे पूरा बालूमाथ एवं आने जाने वाले राहगीरों में को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बालूमाथ पुलिस शक के आधार पर लगभग 18 –20 लड़के को बालूमाथ थाना में लाकर पूछताछ कर रही है। लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इधर लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने इस मामला के उद्वेदन को लेकर एक एसआईटी का गठन बालूमाथ के प्रभारी डीएसपी दिलु लोहरा के नेतृत्व में गठन की है। परिजनों ने शनिवार पहला सड़क जाम को 3:30 से 4:30 तक रहा फिर दूसरा सड़क जाम 5:30 से 6:30 बजे तक तीसरा शनिवार की रात्रि 10:00 से 2:00 बजे रात तक रहा जबकि चौथा सड़क जाम रविवार को दोपहर 3:00 बजे से समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम था। जिससे वाहनों की सड़क के दोनों ओर लंबी कतार लग गई। इधर जाम कर रहा कर रहे लोगों में से मो० फैसल ने कहा कि प्रशासन खिलवाड़ कर रहा है 28 घंटा बीत जाने के बाद भी अभी तक लड़की को बरामद नहीं किया गया है। इसीलिए हम लोग सड़क जाम किया। मो०जुगनू ने कहा कि प्रशासन द्वारा कुछ संदिग्ध लोगों को लाकर पूछताछ कर रही है। लेकिन हम लोगों को कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे रहा है इसलिए हम लोग सड़क जाम किया ।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### सुड़ी जाति की जनसंख्या का आंकड़ा जारी करें बिहार सरकार : साहू

**लोहरदगा:** जिला सुड़ी समाज के पूर्व जिला महासचिव आलोक कुमार साहू ने कहा कि बिहार सरकार ने जाति जनगणना की आंकड़ा जो जारी किया है उसमें सुड़ी जाति की जनगणना की संख्या को नहीं दिखलाया गया है बल्कि सरकार ने कई जातियों के समूह बनाकर बनिया जाति जिसका कोड 122 बना है उसमें सुड़ी जाति को शामिल कर सुड़ी जाति के साथ छलावा किया है।श्री साहू ने बताया कि पूरे बिहार में सुड़ी जाति की संख्या लगभग 30 लाख है। बिहार सरकार अनेक जातियों को एक समूह में शामिल कर उनके जातियों के नाम पर आंकड़ों को छुपाने का काम कर रही है जो न्याय संगत नहीं है। श्री साहू ने बिहार सरकार से सुड़ी जाति सहित सभी जातियों की जनगणना स्पष्ट रूप से बताने की मांग की ताकि जनसंख्या के आधार पर सुड़ी एवं अन्य जाति को बिहार उनका हक मिल सके ।

**बैठक** — झारोटेफ का जिला महाअधिवेशन में कार्यकारिणी का पुर्नगठन

# डॉ वासुदेव राम को झारोटेफ की कमान



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमाः** परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा के सभागार में झारोटेफ के प्रांतीय कमिटी के निर्देश पर जिला महाअधिवेशन सह जिला कार्यकारिणी का पुर्नगठन कार्यक्रम जिला संयोजक डॉ वासुदेव राम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। प्रांतीय कमिटी के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। जिला संयोजक डॉ वासुदेव राम ने स्वागत भाषण दिया तथा अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ देकर किया। प्रांतीय पर्यवेक्षक के रूप में संगठन सचिव रौशम एलन मरांडी, मुख्य संगठन सचिव रविन्द्र चौधरी, मुख्य मिडिया प्रभारी अमित राम तथा मुख्य अतिथि के रूप मे प्रांतीय महासचिव उज्वल तिवारी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष नितिन कुमार एवं प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सुधा शर्मा उपस्थित थी। सभी ने एनएमओपीएस की सफलता के बारे में अपने-अपने विचार को रखते हुए कहा कि राज्य में मात्र एक एनएमओपीएस ऐसा संगठन है, जिसके बैनर तले पुरानी पेंशन की नींव पर ही संगठन को अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए की गई है। राज्य के सभी पदाधिकारी सभी शिक्षक एवं सभी कर्मचारियों के हित के प्रति संगठन कटिबद्ध हैं। झारोटेफ की स्थापना एनएमओपीएस के नींव पर ही संगठन को अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए की गई। झारोटेफ के जिला कर्यकारिणी का पुर्नगठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष डॉ वासुदेव राम, जिला कोषाध्यक्ष मनोज वाजपेयी, जिला सचिव शैलेन्द्र तिवारी, जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष गायत्री सिंह, उपाध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा, प्रसादी यादव, नीतीश कुमार, विजय कुमार संयुक्त सचिव सुरज यादव, प्रशांत तर्वे, धीरेन्द्र सिंह, शशिरंजन कुमार, जिला महिला प्रकोष्ठ सचिव प्रतिभा नारायण जिला प्रवक्ता दिलीप राज,जिला मिडिया प्रभारी कपिलदेव यादव,जिला कार्यकारिणी सदस्य में जयनगर प्रखंड से प्रखंड अध्यक्ष गिरधर प्रसाद सिंह, सचिव वीरेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष मुनेश कुमार, चुने गए। मौके पर रविकांत रवि, राधेश्याम शुक्ला,अरुण कुमार पाल,संतोष प्रसाद, शिशिर कुमार मिश्र,निशांत कुमार,विद्यासागर पासवान, संतोष प्रसाद रजक,विकास रंजन,अरुण कुमार,अभय कुमार दास, पॉल एक्का, फिरदौस आलम, लीला कुमारी, विभा रानी मल्लिक,बसंती पांडेय,वीणा कुमारी के अलावा काफी संख्या में सभी विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## >>>> न्यूज फटाफट

### ढिबरा लोड टेंपो जप्त, चालक फरार



**कोडरमा:** कोडरमा थाना क्षेत्र के लोकाई में कोडरमा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ढिबरा लोड एक टेंपो को जप्त किया है। थाना प्रभारी द्वारिका राम को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार ढिबरा लोड टेंपो डोमचांच से कोडरमा की तरफ आ रही थी। इसी दौरान कोडरमा थाना की गश्ती टीम ने टेंपो को जप्त किया। हालांकि इस दौरान पुलिस की गाड़ी को देखकर टेंपो का चालक टेंपो को छोड़कर फरार हो गया। टेंपो में करीब एक टन ढिबरा लोड है। इसकी कीमत लगभग 50 हजार बताई जा रही है। जप्त करके कोडरमा थाना परिसर लाया गया। कोडरमा पुलिस ने बताया कि आगे की कार्रवाई के लिए ढिबरा लोड टेंपो को वन विभाग को सौंप दिया जा रहा है।

### उपायुक्त के समक्ष ढिबरा मजदूरों की हाहाकार रैली

**कोडरमा:** झारखंड सरकार की नियमावली के तहत मजदूरों की को-ऑपरेटिव सोसाइटी के माध्यम से जेएसएमडीसी द्वारा ढिबरा की खरीदारी में हो रहे विलंब के विरोध में उपायुक्त कार्यालय के समक्ष 12 अक्टूबर को ढिबरा मजदूरों की हाहाकार रैली आयोजित की गई है। रैली का आयोजन माइका वर्कर्स यूनियन ने किया है। माइका वर्कर्स यूनियन के संयोजक महेंद्र तुरी तथा सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति ने बयान जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विगत 17 जनवरी को ही नियमावली के तहत ढिबरा खरीदारी के काम का बकायदा उद्घाटन कर चुके हैं, लेकिन अफसोस कि खान एवं भूतत्व विभाग तथा जेएसएमडीसी के अधिकारियों की सुस्ती के कारण स्थिति ज्यों कि त्यों बनी हुई है। नियमावली के तहत ढिबरा पर सरकार का एकाधिकार कायम हो चुका है। ऐसे में खरीदारी शुरू नहीं होने से लाखों ढिबरा मजदूरों की हालत बेहद खराब हो गई है। त्योहारों का मौसम आ गया है लेकिन मजदूरों का चूल्हा ठंडा पड़ा है। सरकार की कुव्यवस्था के शिकार मजदूरों में हाहाकार की स्थिति है। सरकार की वाहवाही की जगह आलोचना हो रही है।

### नॉक आउट फुटबॉल टूनार्मेंट आज

**जयनगर :** प्रखंड में कन्द्रपडी पंचायत अन्तर्गत ग्राम सिंगारडीह में उज्जवल यंग क्लब के द्वारा नॉक आउट फुटबॉल टूनार्मेंट उद्घाटन मैच महिला टीम कोडरमा बनाम हजारीबाग के बीच 10 अक्टूबर दिन 1 बजे भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश यादव के द्वारा किया जाएगा। इस आशय की जानकारी उज्जवल यंग क्लब सिंगारडीह गुरु यादव, सोनू, भुनेश्वर, धनेश्वर, रंजीत, सूरज, दिनेश, सूरज, अमित, सीपी यादव, लालू, विनय, चुनु, रविंद्र, अरुण, नीतीश, मलिंगा, सौरभ ने दी।

## जयनगर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमाः** आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम के तहत संकल्प सप्ताह अंतर्गत समृद्धि दिवस नीति आयोग द्वारा राष्ट्रीय स्तर से चयनित कोडरमा जिला के आकांक्षी प्रखंड मरकच्चो और जयनगर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दीदियों के बीच प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना, वित्त समावेशन पर प्रशिक्षण सह अनमौखिकरण, सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना पर चर्चा, आजीविका वृद्धि पर चर्चा, विभिन्न प्रशिक्षणों पर चर्चा किया गया। कुल 1 करोड़ 82 लाख की लिंकेज डुम्मी चेक, 8 मुद्रा लोन स्वीकृत पत्र का वितरण किया गया। साथ ही साथ मरकच्चो के टेलोडीह मे नए बीज एवं खाद की दुकान का फीता काट कर उद्घाटन भी किया गया। कार्यक्रम मे पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं अन्य कर्मी उपस्थित हुए।

लगभग 15 दिन पहले बनी सड़कें एक बारिश भी नहीं झेल सकी

## चंदवारा में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी ग्रामीण सड़क योजना



राष्ट्रीय खबर

**चंदवाराः** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों को शहरी क्षेत्रों की सड़कों से जोड़ना है जिससे कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगो को शहरों में जाने में किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। इसी उद्देश्य से चंदवारा प्रखंड के चंदवारा रांची पटना मुख्य मार्ग चंदवारा एनएच 31 से पुरनाथाम करमा तक लगभग 8.5 किलोमीटर तक 4 करोड़ 50 लाख की लागत से सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। परन्तु उक्त निमार्णाधीन सड़क में संवेदक के द्वारा घोर अनियमितता बरती जा रही है। सड़क निर्माण में गुणवत्ता में हेर-फेर करते हुए पूर्ण रुप से मानक विहीन कार्य किया जा रहा है। एक भी समय रोड पर पानी नहीं डाला जा रहा है ओर न ही ब्राइवेटर का उपयोग किया जा रहा है। वही विभाग ने टेंडर की प्रक्रिया के बाद अपनी आंखें मूंद लीं। आलम ये है कि लगभग 15 दिन पहले बनी सड़कें एक बारिश भी नहीं झेल सकी हैं। जहां एक ओर निर्माण कार्य चल रहा होता है वहीं दूसरी ओर सड़क खराब होना शुरू हो जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक ने सारे नियम कायदों को दरकिनार कर मनमानी तरीके से घटिया मटेरियल का इस्तेमाल किया है। चंदवारा पश्चिमी मुखिया संतोष कुशवाहा ने कहा कि सड़क ढलाई के समय अगर जेई मौजूद रहते है तो सड़क का आज यह बुरा हाल न होता। इससे प्रतीत होता है कि संवेदक और जेई के मिली भगत से सड़क निर्माण कार्य मे बंदरबांट किया जा रहा है।

### चार दिवसीय फुटबाल टूनार्मेंट का सपंन्न



**कुडू:** कुडू प्रखंड के ग्राम चेटर रोड पंडरा में आदिवासी फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित चार दिवसीय फुटबाल टूनार्मेंट का समापन हुआ। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कोंग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, एवं विशिष्ट अतिथि कुडू थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह उपस्थित हुऐ, इस समापन मैच में ब्लॉक टाइगर उडू मुडू ने एचपी पाकर टोली को 2-0 से हराकर पहला स्थान प्राप्त किया। इस समापन समारोह में मुख्य रूप से जिला महासचिव सलीम अंसारी बड़े, अल्पसंख्यक विभाग जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अंसारी, आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग प्रखंड अध्यक्ष कमरुल इस्लाम, जिला बीस सूत्री सदस्य संगीता उरांव, अवधेश उरांव देवनाथ उरांव मुनीम अंसारी ,रफीक अंसारी, तारिक अनवर, नईम खान गुड्डू, हलीम अंसारी, हसबुद्दीन अंसारी,आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक मोहम्मद तसलीम, टूनार्मेंट का अध्यक्ष इसराफिल रजा, सचिव मोहम्मद साबिर, कोषाध्यक्ष विज्ञान उरांव, कुर्बान पवारिया, मोहम्मद अली हसन, चंद्रकांत मुंडा, मोहम्मद बिलाल, समेत भारी संख्या लोग मौजुद रहें।

## लाभुकों ने जनवितरण दुकान के पास हंगामा किया

राष्ट्रीय खबर

**सतगावांः** प्रखंड में जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों के द्वारा कार्डधारकों को लगातार मुफ्त राशन नहीं दिए जाने का मामला दर्जनों गांवों से सामने आ रहा है। फिर भी वरीय अधिकारियों के द्वारा जनवितरण प्रणाली के दुकानदार पर कार्रवाई नहीं होने से कार्डधारी वरीय अधिकारियों के प्रति आक्रोशित हैं। ताजा मामला सतगावां प्रखंड के माधोपुर पंचायत के चुनाडीह गांव के जनवितरण प्रणाली के दुकानदार मामला सामने आया है। पीडीएस दुकानदार के द्वारा यहां के करीब चार दर्जन से अधिक लाभुकों को तीन माह से राशन नहीं देने का आरोप लगाते हुए जनवितरण प्रणाली दुकान के पास हंगामा किया है। कार्डधारियों के हंगामा देखते ही जनवितरण प्रणाली के दुकानदार अपने पीडीएस दुकान से भाग निकले वहीं राशन से वंचित आक्रोशित दर्जनों कार्डधारियों ने हंगामा करते हुए रविवार को बताया कि जनवितरण प्रणाली के दुकानदार द्वारा उन्हें तीन माह से अनाज नहीं दिया जा रहा है। जबकि अगस्त, सितंबर, अक्टूबर माह का राशन और स्थानों पर जनवितरण प्रणाली दुकानदार के द्वारा वितरण किया जा चुका है वहीं कार्डधारियों ने बताया कि अगस्त व सितंबर माह में ई-पॉश मशीन से दर्जनों कार्डधारियों का अंगूठे का निशान लेकर पर्ची दे दिया गया है, लेकिन राशन नहीं दिया गया है। साथ ही लोगों ने बताया कि डीलरों द्वारा कार्डधारकों के ई पॉश मशीन पर अंगूठे का निशान लेकर उन्हें टहलाया जाता है। इस तरह का आरोप दो या तीन पंचायत को लगा था। आरोप लगाने वालों में कार्डधारी बंसी यादव, सीतो महतो, मनोज यादव, बतासी देवी, अजू देवी, पिंकी देवी, रूबी देवी, गीता देवी, मोहन यादव, लाबिया देवी, अनीता देवी, सुरजी देवी, कामेश्वर यादव सहित दर्जनों लाभुक शामिल है। वहीं जनवितरण प्रणाली के दुकानदार की ओर से तर्क दिया जा रहा है कि सितंबर माह में हमें कम आवंटन दिया गया था और अक्टूबर माह में राशन उठाव किया गया है लेकिन नेटवर्क प्रॉब्लम के कारण राशन अभी तक वितरण नहीं किया गया है।

## धर्म सभा में शामिल हुए जयनगर के सैंकड़ों लोग



रष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड के विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के द्वारा 8 अक्टुबर को जगन्नाथ मैदान धुर्वा, रांची में आयोजित धर्मसभा में जयनगर प्रखंड विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष विनोद कुमार बर्णवाल के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में हिंदू भाई बहनों के साथ पहुँचकर इतिहास के पन्नों में यादगार बनाया। धर्म, समाज, संस्कृति की रक्षा हेतु स्वयं अपने व अपने साथियों के साथ संकल्प लिया। मौके पर विश्व हिन्दु परिषद प्रखंड मंत्री सदानंद सिंह, उपाध्यक्ष सतीश पांडेय, जिला धर्म जागरण संयोजक मुकेश राणा, सत्संग प्रमुख दिगंबर शास्त्री पप्पू पांडेय, सीताराम पांडेय, महेश पांडेय, राजेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, दिवाकर पांडेय, महादेव राम, अशोक गुप्ता, सुरेश सिंह,बासदेव पांडेय, विपिन कुमार, मुरली राम बैसखियार, विनय साव सहित सैकड़ो के संख्या में महिला-पुरुष रांची पहुंचे।

### बड़की चापि में लगा जितिया जतरा



**कुडू :**कुडू प्रखंड क्षेत्र के बड़की चापि बाजार टांड में शनिवार को जितिया जतरा लगा। इस मौके पर बड़की चापि के पाहन एतवा उरांव,मुंनी उराँव ने जितिया डाली पर विधिवत पूजा पाठ की। इस मौके पर पाहन एतवा उराँव ने कहा कि यहां पर जितिया जतरा का आयोजन वर्षों से होते आ रहा है। हम सभी जीत वाहन भगवान की पूजा करके अपने क्षेत्र का मंगल कामना का मांग करते हैं। जितिया के त्योहार में माताएं अपने बच्चों के दीघार्यु रहने, स्वाथ्य रहने हेतू अश्विन कृष्ण पक्ष अष्टमी में निर्जला उपवास करती है एवं मातृ नवमी के दिन व्रत का पारण करती है। इस मौके पर कुडू प्रखंड प्रमुख मुनि देवी ने विधिवत जतरा का फीता काट कर उद्घाटन की। इस मौके पर प्रमुख मुनि देवी, पूर्व प्रमुख परिखा मुंडा, समाजसेवी अरबिंद पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि मेला ,जतरा हम सभी को मिलजुल कर रहने की सिख देती है। हम सभी को सभी धर्मों का सम्मान करनी चाहिए। इस मौके पर मेला में खिलौने, मिठाइयां, फल की कई दुकानें सजी हुई थी। इस मौके पर ओपा सरना टोली, कुंडगड़ा, बड़की चाँपि, दुबांग, मसियातु सहित कई गांवों के खोड़हा के खेल प्रेमी उपस्थित होकर अपने कला का प्रदर्शन किया। सभी खोड़हा को आयोजन समिति के द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों के द्वारा मेला परिसर में नृत्य संगीत प्रस्तुत किया गया। इस मेला का बच्चे, महिलाओं सहित कई लोगो ने भरपूर आनंद लिया। इस मौके पर कुडू प्रमुख मुनी देवी, सांसद प्रतिनिधि भूषण प्रसाद कुडू प्रखंड पूर्व प्रमुख परिखा मुंडा समाजसेवी अरबिंद पाठक, बड़की चाँपि पंचायत के वार्ड सदस्य जैनुल अंसारी, प्रण महतो, आजसू कुडू मीडिया प्रभारी नवाज खान, आनंद सिंह, अमोद पाठक, लाल गौरीशंकर नाथ शाहदेव, अनिल अग्रवाल, इंदर मुंडा, मंटू लोहरा, लाल पंचम नाथ, बिनोद मुंडा, अवधेश पाठक, शंकर प्रजापति, रामचंद्र राम, सोमनाथ मुंडा, फलिन्द्र यादव, बुचनु उराँव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**रथयात्रा** — सीताराम श्री राम मंदिर के उद्घाटन समारोह का न्योता देने पेटरवार पहुंचे

# शौर्य जागरण रथ का किया गया भव्य स्वागत



राष्ट्रीय खबर

**पेटरवार :** पेटरवार विश्व हिन्दू परिषद सह बजरंग दल के तत्वावधान में संचालित शौर्य जागरण रथ शनिवार के देर शाम पेटरवार पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। शौर्य जागरण रथ का पेटरवार आगमन पर गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता कुमारी, पूर्व विधायक छत्रुराम महतो, जिप सदस्य प्रहलाद महतो, बुंडू मुखिया प्रतिनिधि रितेश सिन्हा सहित अन्य लोगों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इसके पूर्व प्लस टू उच्च विद्यालय पेटरवार के मैदान से विश्व हिन्दू परिषद सह बजरंग दल की ओर से शान से एक बाइक रैली निकाली गयी जो पेटरवार तेनुचौक, बाजारटांड, न्यू बस पड़ाव, ब्लॉक कॉलोनी, लुकैया होते हुए उत्तासारा पहुंची। जहां से शौर्य जागरण रथ का अगुवाई करते हुए वापस प्लस टू उच्च विद्यालय पेटरवार के मैदान पहुंचे।

प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में एक धर्मसभा का आयोजन किया गया। जुलूस में सैकड़ों कार्यकर्ता बाजा गाजा के साथ भगवा ध्वज लिए जय श्री राम का नारे लगा रहे थे। पेटरवार में शौर्य जागरण रथ का स्वागत व धर्म सभा का आयोजित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए लाडली शरण, स्वामी सीताराम शरणजी ने कहा कि जनवरी 2024 में श्री राम मंदिर का उद्घाटन होने को लेकर आप सभी को आमंत्रित करने आया हूं।

मौके पर विश्व हिन्दू परिषद सह बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष प्रेमजीत सिंह, कुमार अनुज, शंकर सोनी, अरविंद सिंह राजपूत, कुंदन कुमार, सौरभ मंडल, विकास जायसवासल, रौनक कुमार, पिंटू महतो, रवि शंकर महतो, संटू सिंह, संजय सिन्हा, पंकज कुमार सिन्हा, अनिल स्वर्णकार, शिवचरण महतो, स्वरुप सहाय, बबली साव, सहित पेटरवार, कसमार एवं जरीडीह प्रखंड के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## न्यूज फटाफट

### प्रधानमंत्री ने पिछले 60 वर्षों में एशियाई खेलों में भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की सराहना की




**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पिछले 60 वर्षों में एशियाई खेलों में 107 पदकों के साथ भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, खिलाड़ियों के अटूट दृढ़ संकल्प, निरंतर भावना और कड़ी मेहनत की सराहना की। प्रधानमंत्री ने आज सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किया,''एशियाई खेलों में भारत के लिए बहुत बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि! समस्त देश इस बात से बेहद प्रसन्न है कि हमारे असाधारण एथलीटों ने अब तक के सर्वाधिक 107 पदक जीते हैं, जो पिछले 60 वर्षों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। हमारे खिलाड़ियों के अटूट संकल्प, अथक उत्साह और कड़ी मेहनत ने देश को गौरवान्वित किया है। उनकी जीत ने हमें स्मरण रखने के क्षण प्रदान किए हैं, हम सभी को प्रेरित किया है और उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है।'' उल्लेखनीय है कि भारत ने 19वें एशियाई खेलों में 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य समेत कुल 107 पदक जीते है जोकि भारत का इन खेलों में अब तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है।

### रांची विश्वविद्यालय वॉलीबॉल प्रशिक्षण संस्थान के मैदान में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**रांची :**रांची विश्वविद्यालय वॉलीबॉल प्रशिक्षण संस्थान के मैदान में विजेता हेतु दुर्गा किंकर भट्टाचार्य स्मृति ट्राफी तथा उप-विजेता हेतु रोमाभट्टाचार्य स्मृति ट्राफी वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में रांची जिला की कुल 20 टीमों ने भाग लिया। आज इस प्रतियोगिता के फाइनल मैच में रांची के जिला खेल पदाधिकारी श्री शिवेन्द्र कुमार, झारखंड ओलंपिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष, श्री शेखर बोस,रांची झारखंड ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष श्री शिवेन्दु नाथ दूबे, वरिष्ठ खेल पत्रकार श्री चंचल भट्टाचार्य ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इन सभी अतिथियों का श्री विकास कुमार वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष, रांची जिला वालीबाल संघ ,संजय ठाकुर,संजय कुमार एवं राम सुधीर झा, कोषाध्यक्ष, रांची जिला वालीबाल संघ ने पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र से इनका स्वागत किया। इस प्रतियोगिता के फाइनल में डा०श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय वॉलीबॉल क्लब ने मारवाड़ी युवक व्यायामशाला को 02-01 से 18-25,25-17 एवं 15-9 अंकों से पराजित कर प्रतियोगिता पर कब्जा किया । दो दिनों तक चले इस प्रतियोगिता में रांची जिला के कुल 20 टीमों यथा- डीएसपी एम यू, धर्मवीर क्लब, आर यू एस आर सी मोराबादी क्लब, वाईबीसी गाड़ी गांव, अनगड़ा, चापू टोली, डीएसपी एमयू वालीबॉल कोचिंग सेंटर , सेंट जेवियर्स कॉलेज, पिथोरिया, टाटीसिलवे क्लब, एयर ट्रैफिक कंट्रोल, खलारी वॉलीबॉल क्लब, जीजीएसपीएस क्लब, जेआरएसयू ,पीवीसी नामकुम, गाड़ी गांव होटवार, नेताजी क्लब बरियातू तथा हीनु क्लब ने भाग लिया । प्रतियोगिता के फाइनल मैच में जिला खेल पदाधिकारी शिवेन्द्र कुमार सिंह, शिवेन्द्र दूबे, पत्रकार सुनील कुमार ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर झारखंड ओलंपिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष,श्री शेखर बोस,पत्रकार चंचल भट्टाचार्य,अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक, संजय कुमार, झारखंड वालीबाल संघ के कोषाध्यक्ष,श्री उत्तम राज, विकास वर्मा,श्री अजय कुमार झा, श्री राम सुधीर झा, सी०आई०एस०एफ० के मुख्य प्रशिक्षक श्री अमरजीत सिंह खरे, श्री विश्वजीत नंदी, श्री उपेंद्र कुमार सिंह, श्री दीपक आनंद,श्री राजेश कुमार गुप्ता श्री मनीष तिग्गा, संदीप गाड़ी, अजय किस्पोट्टा, प्रदीप भंडारी, अजय यादव, पंकज वर्मा, सुधांशु के अतिरिक्त राज्य के कई पूर्व एवं वर्तमान खिलाड़ी उपस्थित रहे।

**प्रशंसक**

चेन्नई के मैदान पर क्रिकेट विश्व कप 2023 के तहत

# चेन्नई के मैदान में घुसा जार्वो, सुरक्षा पर उठे सवाल

- जार्वो भारतीय टीम की जर्सी पहनकर मैदान में घुसने में सफल रहा
- कई सुरक्षा घेरा तोड़कर 'खेल के मैदान ' में प्रवेश किया




**एजेंसियां**

**नई दिल्ली:** चेन्नई के मैदान पर क्रिकेट विश्व कप 2023 के तहत भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया मुकाबले में आखिरकार एक बार फिर से क्रिकेट प्रशंसक जार्वो ने एंट्री मार ली। साल 2021 में भारतीय टीम जब इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रही थी तब भी जार्वो मैदान पर घुसने के कारण चर्चा में आया था। इस बार फिर से जार्वो ने शुरूआती ओवर में ही मैदान पर एंट्री मार ली। उन्हें जल्द ही मैदानकर्मी ने पकड़ लिया लेकिन वह खेलने की जिद्द करता दिखा। इसी दौरान विराट कोहली उसके पास आए और उसे समझाकर बाहर भिजवाया। उधर, सोशल मीडिया पर पल भर में ही जार्वो की चर्चा शुरू हो गई।
जार्वो भारतीय टीम की जर्सी पहनकर मैदान में घुसने में सफल रहा लेकिन खिलाड़ियों तक पहुंचने से पहले ही यहां एमए चिदंबरम स्टेडियम में सुरक्षा अधिकारियों ने उसे पकड़ लिया।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने जार्वो को टूर्नामेंट में आगे के मैचों में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया। इस मामले में हालांकि बड़ा सवाल यह है कि वह विशेष लोगों के लिए आरक्षित जगह पर कैसे पहुंचा। उसने कई सुरक्षा घेरा तोड़कर 'खेल के मैदान (एफओपी)' में कैसे प्रवेश किया।
आईसीसी के प्रवक्ता ने पीटीआई से कहा, संबंधित व्यक्ति को इस आयोजन में किसी भी अन्य मैच में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया है।
यह मामला अब भारतीय अधिकारियों के हाथ में है। यह चौथी बार है ब्रिटेन के इस व्यक्ति ने भारतीय टीम के मैच में घुसपैठ की है। वह इससे पहले भारत के इंग्लैंड दौरे पर तीन टेस्ट मैचों के दौरान मैदान में घुसपैठ करने में सफल रहा था।
रविवार की घटना के बाद आईसीसी के साथ-साथ बीसीसीआई को भी शर्मिंदगी उठानी पड़ी होगी क्योंकि जब भारतीय टीम मार्च पास्ट के लिए लाइन में खड़ी थी तो भारत की जर्सी पहने जार्वो बड़े आराम से आयोजन स्थल में दाखिल हुआ और टीम के सबसे बड़े स्टार विराट कोहली के करीब जाने की कोशिश करने लगा।
आईसीसी प्रवक्ता ने कहा, आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में शामिल सभी लोगों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। हम यह समझने के लिए आयोजन स्थल के साथ काम करेंगे कि यह कैसे हुआ। हम देखेंगे कि क्या ऐसी घटना को दोबारा होने से रोकने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा उपाय की जरूरत है। भारतीय समर्थक टिकट खरीदने के लिए पूरी कोशिश कर रहे है तो वही जार्वो जैसे व्यक्ति के मैदान में पहुंचने से बीसीसीआई और टीएनसीए दोनों को शर्मिंदा होना पड़ा।

गोवा में 37वीं राष्ट्रीय खेल 2023 के अन्तर्गत मलखंब खेल में

## प्रशिक्षण शिविर के आठवें दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी प्रशिक्षणार्थियों का व्यक्तिगत स्पर्धा सम्पन्न

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड सरकार , झारखंड ओलम्पिक संघ एवं झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में इक्कीस दिवसीय मलखंब खेल का प्रशिक्षण शिविर बंगीय सांस्कृतिक परिषद विधालय, सेक्टर-2, धुर्वा रांची के सभागार / प्रागंण में नियमित रूप से आठवें दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी प्रशिक्षणार्थियों का व्यक्तिगत स्पर्धा सम्पन्न हुआ। झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने संयुक्त रूप से हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं सभी प्रशिक्षणार्थियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस प्रशिक्षण शिविर में झारखंड राज्य स्तरीय पुरूष -महिला मलखंब प्रतियोगिता के आधार पर बारह पुरुष एवं बारह महिला का चयन किया गया था जो नियमित रूप से झारखंड मलखंब अकादमी के



मुख्य प्रशिक्षक अजय झा ,वरीय खिलाड़ी विवेक कुमार एवं प्रीती रानी नियमित रूप से सुबह 5:30 बजे से 8:00 तक एवं दूसरे हाफ में अपराह्न 3:00 बजे से लेकर शाम 6:00 बजे तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है । आज का परिणाम इस प्रकार हैः- पुरुष वर्गः- पोल मलखंब :-1. निखिल कुमार 2. रोहण कुमार 3. राकेश नायक 4. कौशल कुमार ,रोप मलखंब :-1. पिंटू कुमार 2.मनमीत सिंह गिल 3. सत्यवीर कुमार दास 4. संजू मिंज ,हैंगिंग मलखंबः-1. सन्नी कुमार 2. शिवा कुमार 3.मोहित कुमार 4. रणवीर कुमार दास ,महिला वर्गः-पोल मलखंबः- 1.अनुशिखा कुमारी 2. आरूषी कुमारी 3. काबेरी कुमारी 4. पल्लवी कुमारी रोप मलखंबः-1. सिम्पी कुमारी 2. निधि कुमारी3. तनु कुमारी4. रंजू कुमारी ।

महिला क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया वेस्टइंडीज

## ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को आठ विकेट हराया




**एजेंसियां**

**ब्रिस्बेन :** तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में रविवार को ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज की महिला टीम को रिकार्ड 83 रनों पर ढ़ेर करने के बाद एकतरफा अंदाज में 14.5 ओवरों में दो विकेट के नुकसान पर 87 रन बनाकर यह मुकाबला जीत लिया। 84 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान अलिसा हीली 36 गेंदों में 38 रन और उनकी साथी ओपनर फ़ीबी लिचफ़ील्ड 16 ने अच्छी शुरुआत की। दोनों खिलाड़ियों ने पहले विकेट के 10.1 ओवर में 57 रन बनाये। हीली को फ्रेजर ने विलियम्स के हाथों कैच आउट कराया। उसके बाद दूसरे विकेट के रूप में फ़ीबी लिचफ़ील्ड को रामहैरक की गेंद पर कैंपबेल ने कैच आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी एलिस पेरी ने 13 गेंदों पर नाबाद 20 रनों तथा बेथ मूनी नाबाद छह रन ने ऑस्ट्रेलिया को 15 ओवर में टीम का स्कोर 87 रन कर उसे जीत दिला दी। ऑस्ट्रेलिया ने 121 गेंद शेष रहते यह मुकाबला जीता है। वेस्टइंडजी की ओर फ्रेजर और रामहैरक को एक-एक विकेट मिला। दोनों ही टीमों के गेंदबाजों ने सात-सात रन अतिरिक्त के रूप में दिये। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने आज यहां टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया।

## खेल जगत अपडेट्स »

### रिलायंस फाउंडेशन से जुड़े एथलीटों ने जीते 12 पदक



**मुंबई :** चीन के हांगझोउ में हुए 19वें एशियाई खेलों में रिलायंस फाउंडेशन से जुड़े एथलीटों ने 12 पदक जीते है। एशियाई खेलों में भारत के 107 पदों की विशाल जीत पर खुशी जाहिर करते हुए रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर चेयरपर्सन नीता अंबानी ने कहा, ''100 से अधिक मेडल्स जीतने पर टीम इंडिया को बधाई! एशियन गेम्स में हमारा तिरंगा शान से लहरा रहा है। हमें रिलायंस फाउंडेशन के युवा एथलीट्स पर भी बहुत गर्व है। जिन्होंने एशियाई गेम्स में 12 से अधिक मेडल्स जीते हैं। किशोर जेना, ज्योति याराजी, 17 साल की पलक गुलिया और रिलायंस फाउंडेशन से जुड़े हुए सभी एथलीट्स को भी बहुत बधाई । रिलायंस फाउंडेशन हमेशा टीम इंडिया के साथ खड़ा रहेगा। बस आप भारत का गौरव यूंही बढ़ाते रहें।'' रिलायंस फाउंडेशन से जुड़े जिन 12 एथलीट्स ने पदक जीते हैं उनमें से लवलीना बोरगोहेन और किशोर जेना ने पेरिस ओलंपिक में अपना स्थान पक्का कर लिया है। एशियाई खेलों में रिलायंस फाउंडेशन के एथलीटों ने ट्रैक पर भी अपनी चमक बिखेरी। भारत ने इस एशियाड में छह स्वर्ण, 14 रजत और नौ कांस्य सहित 29 पदकों के साथ एथलेटिक्स स्पर्धाओं में जीते है।

### फुटबॉल विश्व कप आयोजित किये जाने के फैसले की आलोचना की

**बर्न :** फीफा के पूर्व अध्यक्ष सेप ब्लैटर ने अगला फुटबॉल विश्वकप तीन महाद्वीपों के छह देशों में आयोजित किये जाने के संचालन समिति के फैसले की आलोचना की है। ब्लैटर ने स्विस अखबार सोनटैग्सब्लिक से कहा, ''इस तरह से टूर्नामेंट को छिन्न-भिन्न करना बेतुका है।'' उन्होंने कहा कि विश्व कप फाइनल एक संक्षिप्त आयोजन होना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि यह आयोजन की पहचान, संगठन और आगंतुकों के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने अखबार से कहा, ''ऐतिहासिक कारणों से 2030 का विश्व कप विशेष रूप से दक्षिण अमेरिका में होना चाहिए।''

# कंगना रनौत की फिल्म तेजस का ट्रेलर रिलीज



**एजेंसियां**

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की आने वाली फिल्म तेजस का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म तेजस के ट्रेलर में कंगना एयरफोर्स पायलट तेजस गिल के रोल में नजर आ रही हैं।'तेजस' में कंगना रनौत धुआंधार एक्शन करती नजर आएंगी।'तेजस'को भारत की पहली एरियल एक्शन फिल्म बताया जा रहा है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि एक भारतीय जासूस को पाकिस्तान ने पकड़ लिया है, तब कंगना रनौत उस मिशन में जाने के लिए आगे आती हैं, जिसके तहत भारतीय जासूस को छुड़ाने के ऑपरेशन की तैयारी की जाती है। लेकिन इस मिशन में कंगना रनौत यानी तेजस गिल के सामने एक बाद एक, कई रुकावटें आती हैं। कंगना रनौत ने 'तेजस' का ट्रेलर सोशल मीडिया पर शेयर करते हुये लिखा,'अब आसमान से दुश्मन पर वार होगा। अब जंग का ऐलान होगा।' सर्वेश मेवारा के निर्देशन में बनी फिल्म 'तेजस' रॉनी स्क्रूवाला ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 27 अक्टूबर को रिलीज होगी।

# दमदार अभिनय से दर्शकों के दिलों पर राज किया राजकुमार ने




जन्मदिवस 08 अक्टूबर के अवसर पर

**एजेंसियां**

**मुंबईः** संवाद अदायगी के बेताज बादशाह कुलभूषण पंडित उर्फ राजकुमार का नाम फिल्म जगत की आकाश गंगा में ऐसे धुव्रतारे की तरह है,जिन्होंने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों के दिलों पर राज किया। राजकुमार का जन्म पाकिस्तान के ब्लूचिस्तान प्रांत में आठ अक्तूबर 1926 को एक मध्यम वर्गीय कश्मीरी बाह्मण परिवार में हुआ था।
स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद राजकुमार मुंबई के माहिम पुलिस स्टेशन में बतौर सब इंस्पेक्टर काम करने लगे। राजकुमार मुंबई के जिस थाने में कार्यरत थे वहां अक्सर फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों का आना-जाना लगा रहता था। एक बार पुलिस स्टेशन में फिल्म निर्माता कुछ जरूरी काम के लिए आए हुए थे और वह राजकुमार के बातचीत करने के अंदाज से काफी प्रभावित हुए। और उन्होंने राजकुमार से अपनी फिल्म 'शाही बाजार' में अभिनेता के रूप में काम करने की पेशकश की। राजकुमार सिपाही की बात सुनकर पहले ही अभिनेता बनने का मन बना चुके थे। इसलिए उन्होंने तुरंत ही अपनी सब इंस्पेक्टर की नौकरी से इस्तीफा दे दिया और निर्माता की पेशकश स्वीकार कर ली। शाही बाजार को बनने में काफी समय लग गया और राजकुमार को अपना जीवनयापन करना भी मुश्किल हो गया। इसलिए उन्होंने वर्ष 1952 मे प्रदर्शित फिल्म 'रंगीली' में एक छोटी सी भूमिका स्वीकार कर ली। यह फिल्म सिनेमा घरों में कब लगी और कब चली गयी। यह पता ही नहीं चला। इस बीच उनकी फिल्म 'शाही बाजार' भी प्रदर्शित हुई। जो बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। वर्ष 1952 से 1957 तक राजकुमार फिल्म इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने के लिए संघर्ष करते रहे।'रंगीली' के बाद उन्हें जो भी भूमिका मिली राजकुमार उसे स्वीकार करते चले गए। इस बीच उन्होंने 'अनमोल', 'सहारा', 'अवसर', 'घमंड', 'नीलमणि' और 'कृष्ण सुदामा' जैसी कई फिल्मों में अभिनय किया लेकिन इनमें से कोई भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हुई। महबूब खान की वर्ष 1957 में प्रदर्शित फिल्म 'मदर इंडिया' में राजकुमार गांव के एक किसान की छोटी सी भूमिका में दिखाई दिए। उन्हें अंतर्राष्ट्रीय ख्याति भी मिली और फिल्म की सफलता के बाद वह अभिनेता के रूप में फिल्म इंडस्ट्री में स्थापित हो गए। वर्ष 1959 में प्रदर्शित फिल्म 'पैगाम' में उनके सामने हिन्दी फिल्म जगत के अभिनय सम्राट दिलीप कुमार थे लेकिन राज कुमार यहां भी अपनी सशक्त भूमिका के जरिये दर्शकों की वाहवाही लूटने में सफल रहे। इसके बाद 'दिल अपना' और 'प्रीत पराई', 'घराना', 'गोदान', 'दिल एक मंदिर' और 'दूज का चांद' जैसी फिल्मों मे मिली कामयाबी के जरिये वह दर्शकों के बीच अपने अभिनय की धाक जमाते हुए ऐसी स्थिति में पहुंच गए जहां वह अपनी भूमिकाएं स्वयं चुन सकते थे। वर्ष 1965 में प्रदर्शित फिल्म 'काजल' की जबरदस्त कामयाबी के बाद राजकुमार ने अभिनेता के रूप में अपनी अलग पहचान बना ली। बी.आर .चोपड़ा की 1965 में प्रदर्शित फिल्म 'वक्त' में अपने लाजवाब अभिनय से वह एक बार फिर से दर्शक का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहे। फिल्म में राजकुमार का बोला गया एक संवाद 'चिनाई सेठ, जिनके घर शीशे के बने होते हैं, वो दूसरों के घर पे पत्थर नहीं फेंका करते' या 'चिनाई सेठ ये छुरी बच्चों के खेलने की चीज नहीं, हाथ कट जाये तो खून निकल आता है' दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हुए।

## नेहा राज और लवली काजल का नया लोकगीत 'सजना है सजना के लिए' रिलीज


**एजेंसियां**



**मुंबईः** सिंगर नेहा राज और अभिनेत्री लवली काजल का नया लोकगीत 'सजना है सजना के लिए' रिलीज हो गया है। सजना है सजना के लिए' वर्ल्डवाइड रिकार्डस भोजपुरी के ऑफिसियल युट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि लवली काजल को जब पता चलता है कि सजा पति परदेस से घर आने वाला है तो वह अपने पति के स्वागत में सज धज कर तैयार हो रही है। उसकी सहेलियों के छेड़ने पर लवली काजल दिल लूटने वाला ठुमका लगाते हुए कहती है कि 'कान के बाली होठ के लाली लगा लेली बिंदिया, आवत होइहैं संइयाँ सोचि लागे ना निंदिया... ओन्हहि पे मरीला ओन्हहि खातिर जीइले, सजना है हमको सजना के लिए...' वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स प्रस्तुत है।

# अच्छी कहानी पर आधारित फिल्म में काम करना चाहती है काजोल

**एजेंसियां**



**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल का कहना है कि वह ऐसी फिल्म में काम करना चाहती है जिसकी कहनाी अच्छी हो। काजोल को फिल्म इंडस्ट्री में आये हुये तीन दशक हो गये हैं। काजोल ने कहा, इंडस्ट्री ने काफी बदलाव आया है,जिसे हम आसानी से महसूस कर सकते हैं। मुझे एक अच्छी कहानी चाहिए बस। जब मैं कहानी सुनूं तो उस रोल में अपनी कल्पना कर पाऊं। मैं अच्छे दौर में काम कर रही हूं। मुझे दूसरों का पता नहीं, लेकिन मेरे पास ऐसे रोल आ रहे हैं, जो मेरे लिए ही लिखे गए हैं। वह रोल अच्छे भी हैं। काजोल ने कहा,जिनका साथ मुझे नहीं पसंद है, मैं उनके साथ काम नहीं करती हूं, क्योंकि मुझे लगता है की मेरा समय बर्बाद हो रहा है।

## प्रदेश >> अपडेट

### मणिपुर के मंत्री के आवास पर बम विस्फोट

**इंफाल:** मणिपुर के मंत्री वाई खेमचंद के आवास के गेट पर शनिवार रात एक बम विस्फोट हुआ। पुलिस ने यह जानकारी दी। विस्फोट के प्रभाव से सीआरपीएफ के एक जवान के दाहिने हाथ में मामूली चोटें आईं। धमाके की जानकारी लेने के लिए मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि दोपहिया वाहन से आये अज्ञात लोगों ने बम फेंका।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### कांग्रेस ने इजरायल के निर्दोष नागरिकों पर हमले की निंदा

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस ने इजरायल के निर्दोष नागरिकों पर हमले को क्रूर बताते हुए रविवार को इसकी कड़ी निंदा की और कहा कि बातचीत कीजिए हर समस्या का हल निकाला जाना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने आज यहां जारी बयान में कहा,ह्व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इज़रायल के निर्दोष नागरिकों पर हुए क्रूर हमलों की कड़े शब्दों में निंदा करती है। उन्होंने कहा ,कांग्रेस का सदैव मानना रहा है कि आत्म-सम्मान, समानता और गरिमा के जीवन के लिए फिलिस्तीनी लोगों की वैध आकांक्षाओं को इज़रायल के वैध राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को सुनिश्चित करते हुए केवल बातचीत की प्रक्रिया के माध्यम से पूरा किया जाना चाहिए।

### ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर में युवक की मौत

**छपरा :** बिहार में सारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में आज एक अनियंत्रित ट्रक और मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि डोरीगंज थाना क्षेत्र के चिरांद गांव निवासी नवल मिस्त्री का पुत्र पिंटू कुमार (25) अपनी मोटरसाइकिल से मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बदलपुरा गांव आ रहा था, जहां अनियंत्रित ट्रक ने मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### केकडी के नव नियुक्त कलक्टर ने ली समीक्षा बैठक

**अजमेर :** राजस्थान में नवगठित केकड़ी जिले के नवनियुक्त जिला कलक्टर विश्वमोहन शर्मा ने पदभार ग्रहण करने के बाद आज विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिला कलक्टर शर्मा ने कहा कि लंबित कार्य क्रियान्विति के लिए अधिकारी आपसी समन्वय के साथ योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर तय समय सीमा में सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। विधानसभा आम चुनाव 2023 के मध्य नजर चुनाव आयोग द्वारा कभी भी आचार संहिता लागू करने की घोषणा की जा सकती है। ऐसे में विभागीय अधिकारियों को कार्य की प्रगति एवं लंबित कार्यों से अवगत कराने को कहा गया। उन्होंने सभी अधिकारियों को चुनाव आयोग के निर्देशों की पालना सुनिश्चित करते हुए आगामी चुनाव संबंधी जिम्मेदारियों को सक्रियता के साथ निर्वहन करने को कहा। साथ ही हिदायत दी कि चुनाव संबंधी कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### भारत की नई तस्वीर है केदारपुरी: योगी

**केदारनाथ :** उत्तराखंड के तीन दिवसीय दौरे पर आए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह केदारनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक के पश्चात, विजिटर बुक में अपनी टिप्पणी अंकित की। श्री योगी ने लिखा,''श्री केदारपूरी देवाधिदेव महादेव श्री श्री केदारनाथ मंदिर में दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। 10 वर्ष पूर्व आई त्रासदी को कई पीछे छोड़ते हुए आज केदारपुर एक नई आभा के साथ, नए भारत की नई तस्वीर प्रस्तुत कर रही है। श्री आदित्यनाथ ने आगे लिखा, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में नवनिर्माण का कार्य समयवद्ध ढंग से जन आस्था का प्रतीक बन रहा है।

---

**खुलासा**

### राज्य अधिकारियों ने इमारत को सील कर दिया

# वीरान मकान से 115 सड़ी गली लाशें मिली

- छोड़ी गई इमारत रिटर्न टू नेचर फ्यूनरल होम नामक संस्था की है
- पैसों के बदले में वह लोगों का अंतिम संस्कार पूरा करते हैं



राष्ट्रीय खबर

**कोलोरॉडो:** अमेरिका के कोलोराडो के फ्रेमोंट में एक परित्यक्त इमारत से बदबू आ रही थी। तीव्रता इतनी अधिक थी कि निवासी इसे सहन नहीं कर सके और पुलिस से शिकायत की। पुलिस मौके पर पहुंची तो दंग रह गई। उन्होंने इमारत के अंदर से एक-एक करके 115 पिघले हुए शव बरामद किए। यह घटना संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थानीय समयानुसार शुक्रवार को हुई।

रिपोर्ट के मुताबिक, छोड़ी गई इमारत रिटर्न टू नेचर फ्यूनरल होम नामक संस्था की है। अपने पैसों के बदले में वह लोगों का अंतिम संस्कार पूरा करते हैं। ये वो संस्था थी जिसने इतने सारे शव वहां रखे थे। लेकिन इसे क्यों रखा गया था, इसकी जानकारी पुलिस ने अभी तक नहीं दी है। लेकिन प्रतिष्ठान के मालिक जॉन हेल्फोर्ड ने दावा किया कि उन्होंने शवों पर टैक्सिडर्मि लगाया, लेकिन यह नहीं बता सके कि बदबू का कारण क्या था। टैक्सीडर्मी एक ऐसी विधि है जिसके द्वारा मानव या पशु शव की त्वचा को विशेष रूप से संरक्षित किया जाता है। हेल्फोर्ड ने दावा किया कि वह इस इमारत में लाशों का टैक्सिडर्मी करता था। राज्य अधिकारियों ने इमारत को सील कर दिया है।

रिटर्न टू नेचर फ्यूनरल होम के मालिक जॉन हैलफोर्ड का भी दावा है कि वह हाल ही में इमारत को लेकर परेशानी में रहे हैं। लेकिन परेशानी की प्रकृति के बारे में अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। लेकिन कोलोराडो राज्य सरकार के रिकॉर्ड कहते हैं कि हैलफोर्ड ने अंत्येष्टि और दाह संस्कार के लिए इमारत को पंजीकृत किया था, लेकिन इसके पंजीकरण में टैक्सिडर्मी परमिट शामिल नहीं था। इसके अलावा भवन की पंजीकरण अवधि अगले माह समाप्त हो जाएगी। फ्रेमोंट शेरिफ एलन कूपर ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि घटना में किसी पर आरोप नहीं लगाया गया है या गिरफ्तार नहीं किया गया है। राज्य अंत्येष्टि विभाग ने कहा कि वह जांच में पुलिस का सहयोग कर रहा है। उन्होंने कहा, इस समय इमारत के अंदर का दृश्य बिल्कुल भयानक है। फ्रेमोंट काउंटी के कोरोनर रैंडी केलर ने कहा कि अधिकांश शव गल गए हैं। इसलिए पहचान के लिए उनकी उंगलियों के निशान, दंत रिकॉर्ड या डीएनए परीक्षण किया जाएगा। लेकिन पूरी प्रक्रिया पूरी होने में कुछ महीने लगेंगे। पहचान होते ही संबंधित व्यक्ति के परिवार को सूचित कर दिया जाएगा।

## इजराइल के रक्षा मंत्री ने पूरे इजराइल में विशेष सुरक्षा स्थिति बढ़ाई



एजेंसियां

**तेल अवीवः** इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने आदेश दिया है कि फिलिस्तीनीःइजरायल संघर्ष के बढ़ने के बीच देश के पूरे क्षेत्र में विशेष सुरक्षा स्थिति का दर्जा बढ़ाया जाए। इजरायली रक्षा मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। विज्ञप्ति में कहा गया है, परिचालन आकलन के बाद, रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने आज शाम (शनिवार, 7 अक्टूबर 2023) ह्वविशेष सुरक्षा स्थिति का विस्तार किया है : यह स्थिति अब इज़राइल के संपूर्ण क्षेत्र पर लागू होती है। यह उपाय इज़राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) को नागरिकों को सुरक्षा निर्देश प्रदान करने और सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुसार सार्वजनिक साइटों को बंद करने में सक्षम करेगा। आईडीएफ ने रविवार को कहा कि नाहल ब्रिगेड के कमांडर, 42 वर्षीय कर्नल जोनाथन स्टाइनबर्ग संघर्ष के दौरान मारे गए। आईडीएफ ने उनके परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की और इस कठिन समय में उनका समर्थन करने का वादा किया। इस बीच हारेत्ज़ अखबार ने बताया कि दक्षिणी इज़राइल में बेरी के किबुत्ज़ में फिलिस्तीनी बलों द्वारा बंधक बनाए गए इजरायली नागरिकों को कई घंटों के बाद रिहा कर दिया गया। अखबार ने यह भी बताया कि आईडीएफ द्वारा गाजा पट्टी के बाहरी इलाके में कई बस्तियों पर नियंत्रण हासिल करने की घोषणा के बाद इजराइल में पांच स्थानों पर झड़पें जारी थीं।

## तृणमूल नेता फिरहाद हकीम, मदन मित्रा के घर पर सीबीआई के छापे



एजेंसियां

**कोलकाता :** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रविवार को दक्षिण कोलकाता में पश्चिम बंगाल के मंत्री और शहर के मेयर फिरहाद हकीम तथा राज्य में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधायक मदन मित्रा के घरों की तलाशी शुरू की। आधिकारिक सूत्रों ने इस खबर ही पुष्टि की। सूत्रों ने बताया कि सीबीआई के अधिकारियों द्वारा शहरी विकास और नगरपालिका मामलों के मंत्री हकीम के चेतला स्थित घर और मित्रा के भवानीपुर स्थित आवास पर तलाशी ली जा रही है। संघीय जांच एजेंसी राज्य भर के नागरिक निकायों में विभिन्न पदों पर नियुक्तियों में कथित अनियमितताओं के संबंध में हकीम के घर पर छापेमारी कर रही है। यह आरोप लगाया गया था कि नौकरियां नकदी के बदले प्रदान की गईं। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने विभिन्न नगर पालिकाओं में नकद घोटाले के लिए कथित नौकरियों की जांच करने के लिए सीबीआई को निर्देश दिया है। केंद्रीय जांच एजेंसियों ने हाल ही में विभिन्न नगर पालिकाओं की भी तलाशी ली, जो जांच के दायरे में हैं। हकीम राज्य विधानसभा में कोलकाता पोर्ट निर्वाचन क्षेत्र और कोलकाता नगर निगम में वार्ड संख्या 82 का प्रतिनिधित्व करते हैं। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ( सीआरपीएफ) के जवानों ने घर को घेर लिया और अन्य लोगों को अंदर जाने से रोक दिया, जबकि सीबीआई अधिकारियों ने एकःएक कमरे की तलाशी ली। हकीम की बेटी प्रियदर्शनी हकीम को केंद्रीय बलों ने घर में प्रवेश करने से रोक दिया था, लेकिन सीबीआई अधिकारियों द्वारा उन्हें पहचानने के बाद उन्हें अंदर जाने की अनुमति दी गई। उन्हें तीन घरेलू सहायकों के साथ अंदर जाने की अनुमति दी गई है। हकीम के समर्थकों और अनुयायियों को भी हकीम के घर में तलाशी अभियान का विरोध करते देखा गया और केंद्रीय बलों के खिलाफ नारे लगाते सुना गया। एक अन्य केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित भर्ती घोटाले के सिलसिले में गुरुवार को उत्तर 24 परगना में राज्य के खाद्य और आपूर्ति मंत्री रथिन घोष के घर की तलाशी ली थी और उनसे लगभग 19 घंटे तक पूछताछ की थी।

## भगवंत मान की विपक्षी दलों को पंजाब के मुद्दों पर चर्चा की चुनौती



एजेंसियां

**चंडीगढ़:** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य के सभी राजनीतिक दलों को राज्य से जुड़े मुद्दों पर मीडिया के समक्ष चर्चा करने की खुली चुनौती दी है। मान ने रविवार को अपने एक ट्वीट में कहा वह प्रदेश भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के अध्यक्ष सुनील जाखड़, शिरोमणि अकाली दल(शिअद) अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल, कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष अमरिंदर राजा वड़गिं समेत सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को पंजाब और इससे जुड़े मुद्दों पर मीडिया के समक्ष लाई डिवेट करने की खुली चुनौती देते हैं। उन्होंने कहा कि ये नेता 31 अक्टूबर तक इस बहस के लिये तैयारी कर लें और एक नवम्बर को पंजाब दिवस पर मीडिया के सामने लाईव डिबेट के लिये उपस्थित हों। उन्होंने ट्वीट में आगे कहा कि वह बिना कागजों के राज्य के मुद्दों पर चर्चा करेंगे जबकि विपक्षी नेता अगर चाहें तो वे सभी मुद्दे और इनके जबाव लिख कर ला सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सतलुज यमुना सम्पर्क (एसवाईएल) नहर के निर्माण को लेकर उच्चतम न्यायालय की पंजाब की आप आदमी पार्टी(आप) सरकार के खिलाफ की गई कड़ी टिप्पणी से राज्य में सियासत गर्मा गई है। न्यायालय ने एसवाईएल नहर के निर्माण में पंजाब को हर हालत में सहयोग करने का निर्देश दिया है। वहीं विपक्षी दलों ने राज्य सरकार पर न्यायालय में इस मुद्दे पर कमजोर पैरवी कर राज्य की जनता को धोखा देने का आरोप लगाया है। जाखड़ ने पंजाब सरकार पर इस मुद्दे पर दोहरी चाल चलने का आरोप लगाते हुये कहा है कि वह न्यायालय में एसवाईएल नहर बनाने की बात करती है और कहती है कि विपक्षी दल और किसान संगठन इसे बनने नहीं दे रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री भगवंत मान न्यायालय के बाहर यह कहते हैं कि वह एक बूंद पानी राज्य से बाहर नहीं जाने देंगे।

## राजस्थान में होगा जाति आधारित सर्वेक्षण

एजेंसियां

**जयपुरः** राजस्थान सरकार अपने संसाधनों से जाति आधारित सर्वेक्षण कराएगी। राज्य मंत्रिमंडल के निर्णय की अनुपालना में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने इस सम्बंध में आदेश जारी किया है। सर्वेक्षण में राज्य के समस्त नागरिकों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्तर के सम्बंध में जानकारी एवं आकंड़े एकत्रित किए जाएंगे।

राज्य सरकार द्वारा इनका विशेष अध्ययन कराया जाकर वर्गों के पिछड़ेपन की स्थिति में सुधार लाने के लिए विशेष कल्याणकारी उपाय और योजनाएं लागू की जाएगी। इससे सभी वर्गों के जीवन स्तर में सुधार आएगा। इसके लिए सर्वेक्षण कार्य आयोजना (आर्थिक एवं सांख्यिकी) विभाग नोडल विभाग होगा। साथ ही सभी जिला कलेक्टर सर्वेक्षण के लिए नगर पालिका, नगर परिषद, नगर निगम, ग्राम एवं पंचायत स्तर पर विभिन्न विभागों के अधीनस्थ कार्मिकों की सेवाएं ले सकेंगे। कार्य के लिए नोडल विभाग द्वारा प्रश्नावली तैयार की जाएगी। इसमें उन समस्त विषयों का उल्लेख होगा, जिससे प्रत्येक व्यक्ति की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्तर की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त हो सके। सर्वेक्षण से प्राप्त सूचनाएं एवं आंकड़ें ऑनलाइन फीड किए जाएंगे। इसके लिए सूचना, प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा पृथक से विशेष सॉफ्टवेयर एवं मोबाइल एप बनाया जाएगा। सर्वेक्षण से प्राप्त संकलित की गई सूचनाएं विभाग सुरक्षित रखेगा।

**योजना**

### पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया की पहली कार्बन-नकारात्मक आवासीय इमारत होगी

# सबसे ऊंचा लकड़ी का टावर ऑस्ट्रेलिया में बनाया जाएगा

- वर्तमान रिकॉर्ड धारक से लगभग दोगुना ऊंचा होगा
- टावर का 42 प्रतिशत हिस्सा लकड़ी से बनाया जाएगा



राष्ट्रीय खबर

**पर्थः** पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया जल्द ही दुनिया की सबसे ऊंची लकड़ी की इमारत का घर बन सकता है, क्योंकि पर्थ में अधिकारियों ने बड़े पैमाने पर लकड़ी का उपयोग कर-के 191.2 मीटर ऊंचे (627 फुट) हाइब्रिड टॉवर के निर्माण की योजना को हरी झंडी दे दी है। पर्थ के मेट्रो इनर-साउथ ज्वाइंट डेवलपमेंट असेसमेंट पैनल (जेडीएपी) ने गगनचुंबी इमारत के लिए ग्रेंज डेवलपमेंट के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, जिसे वर्तमान में सी 6 बिल्डिंग कहा जाता है, जो वर्तमान रिकॉर्ड धारक से लगभग दोगुना ऊंचा होगा। डेवलपर्स का कहना है कि प्रस्तावित टावर का 42 प्रतिशत हिस्सा लकड़ी से बनाया जाएगा, जिसमें कॉलम और कोर प्रबलित कंक्रीट से बने होंगे। काउंसिल ऑन टॉल बिल्डिंग्स एंड अर्बन हैबिटेट के अनुसार, यदि पूरा हो जाता है, तो यह ऊंची इमारत दुनिया की सबसे ऊंची लकड़ी-कंक्रीट हाइब्रिड इमारत, मिल्वौकी, विस्कॉन्सिन में एसेंट टॉवर को पार कर जाएगी, जो 25 मंजिला या 86 मीटर (284 फीट) है। दक्षिण पर्थ में चार्ल्स स्ट्रीट पर स्थित प्रस्तावित संरचना, सिडनी में आगामी हाइब्रिड लकड़ी एटलसियन मुख्यालय से भी ऊंची होगी, जो एसेंट से रिकॉर्ड का दावा करने के लिए तैयार है लेकिन अभी तक पूरा नहीं हुआ है। एटलसियन की तरह, प्रस्तावित सी 6 टॉवर संरचना का समर्थन करने के लिए स्टील एक्सोस्केलेटन के साथ लेमिनेटेड लकड़ी के बीम को जोड़ देगा।

ग्रेंज डेवलपमेंट के अनुसार, 50 मंजिला टावर में 200 से अधिक अपार्टमेंट होंगे और यह पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया की पहली कार्बन-नकारात्मक आवासीय इमारत होगी। ग्रेंज डेवलपमेंट के निदेशक, जेम्स डिब्बल ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, सी6 का इरादा हमेशा अपने मूल में एक सीधा प्रस्ताव रहा है। सी 6 के साथ हमारी आकांक्षा अधिक जलवायु-सचेत दृष्टिकोण की ओर ध्यान केंद्रित करना है। ग्रेंज के अनुसार, टावर में 600 पेड़ों से काटी गई 7,400 क्यूबिक मीटर (260,000 क्यूबिक फीट से अधिक) लकड़ी का उपयोग किया जाएगा।

डिब्बल ने पर्थ अधिकारियों को सौंपे गए एक प्रस्ताव में कहा, हम कंक्रीट विकसित नहीं कर सकते, उन्होंने इस योजना को एक नया ओपन सोर्स ब्लूप्रिंट कहा है जो हमारे निर्मित पर्यावरण के भीतर कार्बन को ऑफसेट करने के लिए हाइब्रिड निर्माण पद्धति का उपयोग करता है, जो जलवायु में सबसे बड़ा योगदानकर्ता है परिवर्तन। उन्होंने कहा, यह हमारे लिए यह बताने का अवसर है कि हम वास्तव में हमारे सामने मौजूद आवास संकट और जलवायु संकट दोनों के बारे में परवाह करते हैं, जिसके बारे में हम एक उद्योग के रूप में बहुत कम काम कर रहे हैं।

---

## न्यूज फटाफट

### तिब्बत में माउंट शिशापंगमा हिमस्खलन के बाद दो की मौत, दो लापता

**ल्हासा:** दक्षिण पश्चिम चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में माउंट शिशापंगमा में शनिवार दोपहर को हिमस्खलन हुआ, जिससे दो पर्वतारोहियों की मौत हो गई, दो लापता हैं और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया, क्षेत्रीय खेल ब्यूरो ने यह जानकारी दी। बचावकर्मियों के अनुसार, हिमस्खलन 7,600 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर हुआ। प्रारंभिक जांच से पता चला कि एक अमेरिकी पर्वतारोही और एक नेपाली पर्वतारोही की मौत हो गई, एक अन्य अमेरिकी पर्वतारोही और नेपाली पर्वतारोही लापता है। एक नेपाली पर्वतारोही गंभीर रूप से घायल हो गया। हिमस्खलन के तुरंत बाद बचावकर्मियों को माउंट शिशापंगमा के आधार शिविर में भेज दिया गया और सभी चढ़ाई गतिविधियों को निलंबित कर दिया गया है। शनिवार शाम तक गंभीर रूप से घायल नेपाली पर्वतारोही खतरे से बाहर बताया जा रहा है और बचाव दल उसे नीचे ले जा रहा है। शिगाज़े के अंतर्गत न्यालम काउंटी में स्थित, माउंट शिशापंगमा 8,000 मीटर से अधिक ऊंचा एकमात्र पर्वत है जो पूरी तरह से चीन के भीतर स्थित है।

### इटली और फ्रांस की चार दिन की यात्रा पर जायेंगे राजनाथ

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार से इटली और फ्रांस की चार दिन की यात्रा पर रहेंगे। यात्रा के पहले चरण में रक्षा मंत्री का रोम में इतालवी रक्षा मंत्री गुइडो क्रिसेटो से मिलने का कार्यक्रम है। गत मार्च में इतालवी प्रधान मंत्री की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का रूप दिया गया था। दूसरे और अंतिम चरण में सिंह पेरिस में अपने समकक्ष सेबेस्टियन लेकोर्नू के साथ 5वीं वार्षिक रक्षा वार्ता करेंगे। भारत और फ्रांस ने हाल ही में रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे किये हैं। दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण औद्योगिक सहयोग सहित गहरे और व्यापक द्विपक्षीय रक्षा संबंध हैं। रोम और पेरिस दोनों में रक्षा मंत्री औद्योगिक सहयोग के संभावित अवसरों पर चर्चा करने के लिए रक्षा उद्योग के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ भी बातचीत करेंगे।

### अफगानिस्तान में भूकंप से 120 लोगों की मौत, लगभग एक हजार घायल

**हेरात:** अफगानिस्तान के हेरात और अन्य पश्चिमी प्रांतों में आए भूकंप से कम से कम 120 लोग मारे गए और लगभग एक हजार अन्य घायल हो गए। हेरात के एक स्थानीय अधिकारी ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि लगभग एक हजार घायल लोगों को प्रांतीय राजधानी हेरात शहर के अस्पताल में ले जाया गया है, हेरात के नेशनल आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रांतीय निदेशक मावलावी मूसा अशारी ने कहा कि भूकंप के कारण हेरात के जिंदाजान और घोरियन जिलों के 12 गांव नष्ट हो गए। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र के मुताबिक शनिवार को अफगानिस्तान में 6.2 तीव्रता के दो भूकंप आए। इससे पहले देश के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के एक बयान में कहा गया था कि 15 लोग मारे गए और 40 घायल हो गए लेकिन स्थानीय लोगों का मानना है कि हताहतों की संख्या अधिक हो सकती है। बयान में कहा गया है कि बदगीस और फराह प्रांतों से कोई रिपोर्ट नहीं मिली लिहाजा हताहतों की संख्या बढ़ सकती है है। स्थानीय लोगों ने बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार लगभग 11:10 बजे आया, जिससे लोगों को अपने घरों से बाहर निकलना पड़ा। बयान में कहा गया है कि भूकंप में कई घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं या पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं। बचाव दल को प्रभावित क्षेत्रों में भेजा गया है इसमें कहा गया है कि प्रांतीय सरकार के अधिकारियों को भूकंप प्रभावित परिवारों को मानवीय सहायता की आपूर्ति करने के लिए सहायता एजेंसियों के साथ अपने आवशयक प्रयासों का समन्वय करने का निर्देश दिया गया है।

### अमेरिका खुफिया जानकारी साझा करने सहित इजराइल का समर्थन करना रखेगा जारी

**वाशिंगटन:** अमेरिकी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि गाजा में तनाव के बीच अमेरिका इजरायल को करीबी और गहरी खुफिया जानकारी साझा करना जारी रखेगा। अमेरिकी अधिकारी ने एक कॉन्फ्रेंस कॉल के दौरान शनिवार को कहा, हम इस महत्वपूर्ण समय के दौरान इज़राइल को करीबी, गहन खुफिया जानकारी साझा करने सहित सहायता प्रदान करना जारी रखेंगे। इजराइल पर शनिवार सुबह गाजा पट्टी से अभूतपूर्व रॉकेट हमला हुआ। इज़रायली सेना ने कहा कि हमास ने 3,000 से अधिक रॉकेट दागे, साथ ही कहा कि दर्जनों हमास सैनिकों ने दक्षिणी इज़राइल में सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ की। तब से इज़रायली सेना ने फ़िलिस्तीनी बलों से दक्षिणी क्षेत्रों पर कब्ज़ा करने के लिए सेनाएँ भेज दी हैं। इज़रायली मीडिया ने पहले दिन में रिपोर्ट दी थी कि फ़िलिस्तीनी:इज़राइली संघर्ष के बढ़ने के परिणामस्वरूप इज़रायल में 300 से अधिक लोग मारे गए और 1,500 से अधिक अन्य घायल हो गए। वहीं, फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि गाजा पट्टी पर इजरायली हवाई हमलों में 195 से अधिक लोग मारे गए हैं और 1,600 से अधिक घायल हुए हैं।

### गोलीबारी के जवाब में लेबनान के क्षेत्र में किया जा रहा है हमला: आईडीएफ

**बेरूत:** इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने रविवार को कहा कि वह क्षेत्र से गोलीबारी के जवाब में लेबनान के क्षेत्र पर हमला कर रहा है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, आईडीएफ आर्टिलरी वर्तमान में लेबनान के उस क्षेत्र पर हमला कर रही है जहां से गोलीबारी की गई थी, आईडीएफ ने कहा कि वह इस प्रकार की संभावना के लिए तैयारी के उपाय कर रही है और सभी क्षेत्रों में और किसी भी स्थान पर काम करना जारी रखेगी। इजरायली नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समय आवशयक है। लेबनानी प्रसारक अल मयादीन ने बताया कि दक्षिणी लेबनान में कफ़रचौबा गांव इज़रायल की गोलबारी का शिकार हुआ। आईडीएफ ने यह भी कहा कि उसने आतंकवादी फंडिंग के लिए हमास आतंकवादी संगठन से संबंधित दो बैंकों पर हमला किया है, उनमें इस्लामिक नेशनल बैंक शामिल है जो आतंकवादी गतिविधि को वित्त पोषित करके संगठन की सेवा करता है, और संगठन से संबंधित फर्स्ट बैंक। आईडीएफ ने गाजा शहर में इस्लामिक जिहाद आंदोलन द्वारा इस्तेमाल किए।

### आज का इतिहास

- 1876 : पहली बार टेलीफ़ोन पर आउट वायर के जरिए दो तरफा बातचीत हुई थी। 1947 में चलती हुई कार और प्लेन में बैठे दो लोगों ने बातचीत की । 1959 में ऑटोरिक्शा और प्लेन में चलते हुए लोगों ने बात की।
- 1962 : अफ्रीकी देश युगांडा गणतंत्र बना।
- 1967 : अर्जेंटीना के प्रसिद्ध मार्क्सवादी क्रांतिकारी चे ग्वेरा की हत्या।
- 1997 : इटली के अभिनेता और लेखक डारियो फो को साहित्य का नोबल पुरस्कार दिया गया।
- 1998 : पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने इस्लामी शरीयत क़ानून को देश के सर्वाच्च क़ानून के रूप में अनुमोदित किया।
- 2002 : वर्ष 2002 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार अमेरिका के रैमण्ड डेविस और जापान के कोषिबा को संयुक्त रूप से देने की घोषणा की गई।
- 2005 : यूरोपीय उपग्रह ह्यक्रायोसेटह्ल का प्रक्षेपण विफल।
- 2006 : गूगल ने यू:ट्यूब के अधिग्रहण की घोषणा की। उत्तर कोरिया ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- 2007 : चीन ने भारत पर समझौते के उल्लंघन का आरोप लगाया।
- 2008 : केन्द्र सरकार ने तेल को माफ़िया से बचाने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति बनाई।
- 2012 : लड़कियों की शिक्षा के प्रचार में अहम भूमिका अदा करने वाली मलाला को स्कूल जाते वक्त तालिबान ने समय गोली मारी।


## बारिश की कोई संभावना नहीं


रांची: राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में मौसम साफ हो गया है। बीते दिनों पांच दिनों तक बारिश हुई, जिसके बाद से आसमान एकदम साफ हो गया है। रांची स्थित भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक के अनुसार फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है। वहीं अगले 36 से 48 घंटे के अंदर राज्य के अधिकांश हिस्से से मानसून के वापस लौट जाने की उम्मीद है।

**सुरक्षा** फायर सेफ्टी के लिए देना होगा अंडर टेकिंग

# रांची में दुर्गोत्सव की तैयारी: 900 सीसीटीवी कैमरे से निगरानी

राष्ट्रीय खबर





**रांची:** राजधानी में दुर्गा पूजा को लेकर एक तरफ जहां पूजा पंडालों का तेजी के साथ निर्माण किया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ रांची पुलिस प्रशासन की तरफ से सुरक्षित दुर्गा पूजा को लेकर तमाम तैयारियों को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बार राजधानी रांची में दुर्गा पूजा के दौरान निगरानी 900 सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जाएगी। वहीं आग से बचाव के लिए सभी पूजा समितियों को थानास्तर पर लिखित अंडर टेकिंग भी देना होगा।दुर्गा पूजा के दौरान सीसीटीवी कैमरे पुलिस की बड़ी मदद करते हैं। पूजा के दौरान पूरे आठ दिनों तक पुलिस को बहुत ज्यादा मैनपावर की जरूरत होती है। भीड़ को संभालने, मनचलों पर नकेल कसने, ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने के साथ-साथ खाली घरों को कहीं चोर निशाना बना ले इसके लिए पुलिस को बेहद सतर्क रहना पड़ता है। ऐसे में सीसीटीवी कैमरे पुलिस के लिए बेहद मददगार साबित होते हैं।रांची के सीनियर एसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि दुर्गा पूजा के अवसर पर सुरक्षा के लिए तकनीक का भी सहारा लिया जा रहा है। पूरे शहर की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा की संख्या बढ़ाई जा रही है। एसएसपी ने बताया कि वर्तमान समय में राजधानी रांची में सरकारी 600 कैमरे काम कर रहे हैं। इसके अलावा विभिन्न प्रतिष्ठानों में लगे कैमरों का फीड भी कंट्रोल रूम से जोड़ा जा रहा है ताकि शहर के अधिकांश चौक चौराहे तीसरी आंख की जद में आ जाए।रांची पुलिस के द्वारा सभी पूजा समितियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वह पंचमी से पहले पूरे पूजा पंडाल को सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में रखने का काम पूरा कर लें। खासकर इन और आउट में बेहतर कैमरे लगाने का निर्देश पूजा समितियों को दिया गया है। सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं या नहीं इसकी जांच के लिए थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले पूजा पंडालों का विजिट कर बकायदा, सीसीटीवी को चेक करेंगे। यह भी थाना प्रभारी ही तय करेंगे कि सीसीटीवी के डीवीआर में बैकअप बढ़िया हो।रांची पुलिस के द्वारा पूजा समितियों के साथ मिलकर राजधानी में 4सौ से ज्यादा और सीसीटीवी कैमरे विभिन्न स्थानों पर लगाए जा रहे हैं। यह कैमरे 15 अक्टूबर से पहले इंस्टॉल कर लिए जाएंगे। सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखने के लिए अतिरिक्त पुलिसकर्मी पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात रहेंगे। सीसीटीवी से मॉनिटरिंग के लिए पुलिस कंट्रोल रूम में 24 घंटे तक पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी।रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान पूर्व में अगलगी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। ऐसे में पूजा पंडाल में फायर सेफ्टी को लेकर विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। सभी पूजा पंडाल आज से बचाव के लिए जितने भी जरूरी सामग्री हैं, उसे उन्हें हर हाल में पंडाल के पास रखना है।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन बीमार, हिल व्यू हॉस्पिटल में कराया गया भर्ती

राष्ट्रीय खबर



**रांची:**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मां और झामुमो की केंद्रीय उपाध्यक्ष रूपी सोरेन की तबीयत खराब होने पर उन्हें रांची के हिल व्यू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डॉ उज्ज्वल की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। जिसके बाद उन्हें शनिवार को अस्पताल लाया गया था।बरियातू स्थित हिल व्यू हॉस्पिटल नर्सिंग होम के निदेशक डॉ नितेश प्रिया ने ईटीवी भारत को फोन पर बताया कि मुख्यमंत्री की मां रूपी सोरेन की सेहत में सुधार हुआ है। उनके चेस्ट में इन्फेक्शन और अन्य समस्याओं की वजह से सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। अभी उनके तबीयत में सुधार है। डॉ नितेश प्रिया ने बताया कि उनके मेडिसीन के विशेषज्ञ डॉ उज्जवल और क्ष्व की टीम उनका इलाज कर रही है। डॉ नितेश प्रिया के अनुसार रूपी सोरेन के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है और उनका इलाज के लिए रूम नंबर 10 में रखा गया है।मुख्यमंत्री के छोटे भाई और दुमका से झामुमो विधायक बसंत सोरेन ने हिल व्यू नर्सिंग होम पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके अलावा परिवार के अन्य सदस्य भी वहां मौजूद हैं। बसंत सोरेन के ससुर ने रूपी सोरेन से मुलाकात के बाद कहा कि उनकी तबीयत ठीक है और वह बैठकर बात कर रही हैं। हालांकि वे काफी कमजोर हो गयी हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन को पिछले वर्ष भी 20 अगस्त को हाई ब्लड प्रेशर और उल्टी की शिकायत के बाद हिल व्यू अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टरों की टीम ने कई जांच के बाद उनके पेनक्रियाज में इंफेक्शन (पेनक्रिएटाइटिस) होने की पुष्टि की थी। तब मुख्यमंत्री ने अपनी मां के इलाज के लिए हैदराबाद के डॉ नागेश्वर रेड्डी से सेकंड ओपिनियन लिया था। उनकी सलाह पर मां रूपी सोरेन को बेहतर इलाज के लिए हैदराबाद लेकर भी गए थे।अभी कुछ दिन पहले राज्यसभा सांसद और झामुमो अध्यक्ष शिबू सोरेन की भी तबीयत खराब हो गई थी।

## नक्सलियों ने ट्रांसपोर्टरों को सुरक्षाबलों की मदद न करने की दी चेतावनी

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** कोल्हान में सुरक्षाबलों के लिए अनाज और दूसरे तरह के सामान ढोने के लिए अपने मालवाहक वाहन उपलब्ध करवाने वाले ट्रांसपोर्टर्स को लेकर नक्सलियों ने चेतावनी जारी की है। उन्हें सुरक्षा बलों से दूर रहने के लिए कहा गया है। नक्सलियों ने एक पत्र जारी कर वाहन मालिकों को यह चेतावनी दी है। उनका कहना है कि अगर सुरक्षा बलों के सामान ढोने के समय उनके वाहन लैंडमाइंस के शिकार होते हैं तो उसके लिए वे खुद जिम्मेदार होंगे।भाकपा माओवादियों के दक्षिणी जोनल कमेटी के प्रवक्ता अशोक ने एक पत्र जारी किया है। पत्र में अशोक ने 15 दिसंबर 2022, 18 जनवरी 2023 और 17 अप्रैल 2023 को दक्षिणी जोनल कमेटी की तरफ से ग्रामीण जनता को बूबी ट्रैप माइंस से सावधान करने के लिए कहा था। इसके अलावा यात्री वाहन के मालिकों से पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों को ना ढोने और ना ही अपनी गाड़ी देने के लिए कहा गया था। शाम 6:00 बजे के बाद सुबह 6:00 बजे के पहले तक जंगली इलाकों से गुजरने वाले रोड पर न चलने की चेतावनी भी दी गई थी।पत्र में लिखा गया है कि उनकी चेतावनी के बाद भी प्रतिक्रियावादी तत्व, पुलिस मुखबिर और पुलिस के बहकावे में आकर कुछ लोग कमेटी की अपील और निर्देश की अवहेलना कर मनमाने ढंग से जंगल में घुसे। जिसकी वजह से बूबी ट्रैप माइंस में फंसकर उनकी जान चली गई, कुछ लोग घायल भी हुए। इन सभी वारदातों के लिए कहीं से भी संगठन जिम्मेदार नहीं है क्योंकि इसके लिए उन्हें पूर्व में चेतावनी जारी की गई थी।

## मौसम सुधरा तो दुर्गा प्रतिमा गढ़ने का काम तेज हुआ

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** गुरुवार की सुबह रांची के मौसम में सुधार शहर के मूर्ति निमार्ताओं के लिए उम्मीद की किरण बनकर आया, जो एक सप्ताह से अधिक समय से अपनी मूर्तियों को पूरा करने और उन्हें शहर और पूरे झारखंड में दुर्गा पूजा आयोजन समितियों तक तय समय के भीतर पहुंचाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। रांची में 10 से अधिक मूर्ति निर्माण कार्यशालाएं विभिन्न आयामों की मूर्तियों को तैयार करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रही हैं। लालपुर में पीस रोड पर मूर्ति बनाने की कार्यशाला, शिल्पायन में, अजय पाल और उनके कारीगर बारिश रूकने का इंतजार कर रहे थे। ताकि वे मूर्तियों को जमशेदपुर और बरकाकाना में पूजा समितियों को भेज सकें। पाल ने कहा, मुझे सोमवार को जमशेदपुर के सिदगोड़ा और बरकाकाना में दो आयोजन समितियों को मूर्तियां पहुंचानी थी, लेकिन बारिश ने मेरी योजना विफल कर दी। पाल और उनके लोग मिट्टी को सुखाने में मदद के लिए नीले लैंप, जिन्हें हैलोजन लैंप भी कहा जाता है, का उपयोग कर रहे थे। और लगातार बारिश के बीच घास की मूर्तियाँ ताकि वे पेंट के कोट लगाने के लिए तैयार हो सकें। लैंप की गर्मी केवल मूर्तियों की सतह को सूखने में मदद करती है लेकिन आपको उन्हें अंदर से सूखने के लिए सूरज की जरूरत होती है, समीर, एक मूर्ति कार्यशाला में निमार्ता ने कहा। एक सप्ताह के बाद आज थोड़ी देर के लिए सूरज निकला तो हमने मूर्तियां खुले में रख दीं। उन्होंने कहा, प्रत्येक मूर्ति को रंगने में आमतौर पर एक दिन लगता है। भारी बारिश के कारण मूर्ति निमार्ताओं को भी नकदी की कमी हो गई है।


थड़पखना में अपनी कार्यशाला चलाने वाले मूर्ति निमार्ता निमाई चंद्र पाल ने कहा कि वह अपनी टीम को भुगतान करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जिसे वह पश्चिम बंगाल से लाए हैं। पिछले वर्षों के विपरीत, इन श्रमिकों को प्रतिदिन उनकी मजदूरी का भुगतान करने की आवश्यकता है। मैं पूजा आयोजकों को फोन कर रहा हूं और उनसे बकाया चुकाने के लिए कह रहा हूं। निमाई ने कहा, लेकिन उनमें से ज्यादातर मुझे बता रहे हैं कि उनके पास पर्याप्त नकदी नहीं है क्योंकि व्यापारिक समुदायों और घरों से दान का संग्रह मौसम के कारण प्रभावित हुआ है। मेन रोड में कर्बला चौक के पास दुर्गा पूजा पंडाल के आयोजक प्रेम कुमार ने कहा हम आम तौर पर हर साल ऑर्डर देते समय अपने मूर्ति निमार्ताओं को एक टोकन राशि का भुगतान करते हैं। पूर्ण और अंतिम निपटान उत्सव की शुरूआत में मूर्तियों को वितरित करने के बाद किया जाता है। हमारे जैसे छोटे बजट की पूजाओं के लिए, बारिश ने दान एकत्र करने में बाधा उत्पन्न की है।

## कराटे शाखा का उद्घाटन

**रांची :** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी इमा के तत्वाधान में फर्स्टक्राई प्री स्कूल अशोकनगर रोड नंबर 5 में इमा कराटे प्रशिक्षण शाखा का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व उप महापौर अजय नाथ शाहदेव इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक सह नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा फर्स्टक्राई इंटेलिटॉट्स प्री स्कूल के निदेशक विवेक भारती एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मोहिनी रितिका टोप्पो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

## झारखंड के एससी एसटी थाना में 4 हजार मामले लंबित

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड को आदिवासियों का प्रदेश कहा जाता है, क्योंकि यहां पर आदिवासी समाज के लोगों की संख्या सबसे ज्यादा है। इनके बाद अनुसूचित जाति के लोग भी झारखंड में वर्षों से रह रहे हैं। लेकिन झारखंड के मूल निवासी कहे जाने वाले आदिवासी और अनुसूचित जाति के लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है। झारखंड के एसटी एससी थाना में लंबित मामले कुछ इसी तरफ इशारा कर रहे हैं क्योंकि इनकी संख्या सैकड़ों में नहीं हजारों में है।इसको लेकर अनुसूचित जाति जनजाति समन्वय समिति का कहना है कि केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट की तरफ से एससीएसटी अधिनियम में संशोधन कर यह स्पष्ट किया गया है। अगर किसी भी अनुसूचित जनजाति या अनुसूचित जाति समाज के लोगों की तरफ से एससी एसटी थाना में मामले दर्ज किए जाते हैं तो इस पर त्वरित कार्रवाई हो। लेकिन इस दिशा में अब तक कोई ठोस पहल शासन और प्रशासन की ओर से नहीं की गयी। अनुसूचित जाति जनजाति समन्वय समिति के सचिव उपेंद्र रजक बताते हैं कि राज्य के सभी एसटी एससी थाना में हजारों मामले लंबित पड़े हैं लेकिन पुलिस प्रशासन की तरफ से इस पर कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में अगर यही स्थिति रही तो आदिवासी और अनुसूचित जाति के लोगों को न्याय के लिए दर-दर भटकना पड़ेगा।

## चीतल हिरणों की फॉर्मिंग होगी बेतला नेशनल पार्क में

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) के अधिकारियों ने कहा है कि तकनीक का उपयोग करके चीतलों को एक बार में आसानी से स्थानांतरित किया जा सकता है। बेतला राष्ट्रीय उद्यान से सभी चार नरम प्रजनन-सह-विमोचन केंद्रों की दूरी 55 किलोमीटर से कम है और इसलिए एक दिन में चीतलों का दो से तीन परिवहन किया जा सकता है। इनमें से प्रत्येक नरम प्रजनन-सह-विमोचन केंद्र में 50 से कम चीतल होंगे। लगभग 200 चीतलों को स्थानांतरित किये जाने की उम्मीद है। नई इंट्रा-ट्रांसलोकेशन तकनीक पर बताया गया है कि इसे पहली बार आजमाया जाएगा। पिछले महीने मध्य प्रदेश के कान्हा टाइगर रिजर्व में बड़ी संख्या में पीटीआर अधिकारियों ने इस तकनीक पर प्रशिक्षण लिया। हम अभ्यास के दौरान कान्हा टाइगर रिजर्व के बोमा तकनीक विशेषज्ञों को भी आमंत्रित करेंगे। इस तकनीक का उपयोग मध्य प्रदेश के कान्हा और बांधवगढ़ बाघ अभयारण्यों में सफलतापूर्वक किया गया है।

इस बीच, रविवार को रांची में एनटीसीए के सदस्य सचिव एसपी यादव की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक में, पीटीआर के वरिष्ठ अधिकारियों ने 400 हिरणों को हटाने का विचार रखा। 25 सांभर, और निमार्णाधीन सॉफ्ट-रिलीज केंद्रों में भेजकर प्रजनन कार्यक्रम शुरू करना और बाद में उन्हें जंगल में छोड़ना लक्ष्य है। पीटीआर के दक्षिण डिवीजन के उप निदेशक, कुमार आशीष ने कहा, रांची के भगवान बिरसा जैविक उद्यान में हिरणों की बहुतायत है। पीटीआर को 300 हिरण और 25 सांभर सौंपने की तैयारी व्यक्त की है। इसी तरह, काली माटी हिरण पार्क का प्रबंधन, जो रांची और खूंटी जिलों के चौराहे पर स्थित है, 100 हिरण सौंपने पर सहमत हुआ है। बैठक के दौरान, यादव ने पीटीआर प्रबंधन से स्थानांतरण के लिए प्रस्तावों का मसौदा तैयार करने और उन्हें अग्रेषित करने के लिए कहा। मंजूरी के लिए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए)। स्थानान्तरित हिरणों को पहले नरम-मुक्ति केंद्रों में रखा जाएगा और एक बार जब वे हिरण के बच्चे देना शुरू कर देंगे, तो हम उन्हें पालेंगे।

आशीष ने कहा, फिर उनकी संतानों को जंगल में छोड़ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिरण और सांभर को केवल पीटीआर के दक्षिण डिवीजन में शिकार आधार को फिर से भरने के लिए स्थानांतरित किया जाएगा, जो वर्तमान में खाली है। पीटीआर के उत्तरी डिवीजन में 5,000 से अधिक हिरण हैं, जिसमें बेतला राष्ट्रीय उद्यान भी शामिल है। हिरण और सांभर के स्थानांतरण के अलावा, पीटीआर प्रबंधक ने एनटीसीए अधिकारी को कृत्रिम और प्राकृतिक को फिर से भरने के लिए सौर ऊर्जा संचालित बोरवेल चालू करने की अपनी योजना से भी अवगत कराया।

PR 308304 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24
